* वर्ष 40 * अंक 49 * प्रभात * पंजीयन सं. 46518/85 * पृष्ठ 8 * मूल्य ₹ 3 /- * संस्थापक : स्व. श्री कुंजबिहारी आचार्य

# दैनिक पुकार

www.dainikpukar.com

उदयपुर शुक्रवार दिनांक 15 नवम्बर 2024

दक्षिणी राजस्थान का प्रमुख हिन्दी दैनिक

## टीचर ग्रेड थर्ड भर्ती का संशोधित परिणाम नहीं होगा जारी

### हाई कोर्ट की खंडपीठ ने एकलपीठ के आदेश पर लगाई रोक, एकलपीठ ने दिए थे पुनर्परिणाम के आदेश

**जयपुर (पुकार)।** टीचर ग्रेड थर्ड भर्ती 2022 के लेवल-2 का संशोधित परिणाम जारी नहीं होगा। हाई कोर्ट की डिवीजन बैंच के सिंगल बैंच के फैसले पर अंतरिम रोक लगा दी हैं। दरअसल, एकलपीठ ने 6 दिसम्बर को विवादित प्रश्नों की एक्सपर्ट कमेटी से जांच कराकर उसके आधार पर संशोधित परिणाम जारी करने का आदेश दिया था। इस फैसले को सरिता कुमारी व अन्य ने खंडपीठ में अपील करते हुए चुनौती दी थी। जिस पर आज जस्टिस इंद्रजीत सिंह और जस्टिस विनोद कुमार भारवानी की खंडपीठ ने सुनवाई करते हुए एकलपीठ के आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगा दी।



अदालत ने कर्मचारी चयन बोर्ड और प्रतिवादियों को नोटिस जारी करके उनसे जवाब भी मांगा हैं।

### 27 हजार में से 25 हजार को मिल चुकी है नियुक्ति

याचिकाकर्ताओं की ओर से पैरवी करने वाले अधिवक्ता हिमांशु जैन ने बताया कि एकलपीठ ने कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर परीक्षा परिणाम को संशोधित करने के निर्देश दिए थे। लेकिन 27 हजार पदों की इस भर्ती में करीब 25 हजार अभ्यर्थियों को नियुक्ति मिल चुकी हैं। इसके अलावा एकलपीठ ने खुद के आदेश में भर्ती की मेरिट पर कोई बात नहीं की। केवल चयन बोर्ड की ओर से प्रश्नों के मूल्यांकन की बात को आधार मानकर विशेषज्ञ कमेटी की रिपोर्ट पर संशोधित परिणाम का जारी करने का निर्देश दिया था। उन्होने कहा कि अपीलार्थी एकलपीठ के समक्ष पक्षकार भी नहीं थे। एकलपीठ के आदेश से अपीलार्थियों के हित प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में एकलपीठ के आदेश पर रोक लगाई जाए। इस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने एकलपीठ के आदेश की क्रियांविति पर रोक लगाते हुए कर्मचारी चयन बोर्ड से जवाब मांगा है।

## राजस्थान विधानसभा उपचुनाव में मतदान के फाइनल आंकड़े जारी

### 7 विधानसभा क्षेत्रों में 69.72 प्रतिशत मतदान हुआ; खींवसर में सर्वाधिक 75.8 प्रतिशत वोट डाले गए

**जयपुर (पुकार)।** राजस्थान विधानसभा उपचुनाव-2024 में रामगढ़, दौसा, चौरासी, झुंझुनूं, खींवसर, देवली-उनियारा और सलूम्बर विधानसभा क्षेत्रों में बुधवार को मतदान संपन्न होने के बाद मतदान के फाइनल आंकड़े जारी हो चुके है।



7 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 69.72 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। इसमें होम वोटिंग के माध्यम से किया गया 0.16 प्रतिशत मतदान भी शामिल है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि गुरूवार को मतदान से जुड़े दस्तावेजों की पर्यवेक्षकों और प्रत्याशियों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष संवीक्षा के बाद मतदान प्रतिशत के अंतिम आंकड़े प्राप्त हुए हैं। प्रदेश के इन विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतगणना 23 नवम्बर को होगी।

### खींवसर में वर्ष 2023 के मुकाबले मतदान प्रतिशत बढ़ा

महाजन ने बताया कि 7 निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 69.72 प्रतिशत मतदान हुआ है। साल 2023 में विधानसभा आम चुनाव के दौरान इन क्षेत्रों में 74.74 प्रतिशत मतदान हुआ था। खींवसर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में साल 2023 के मतदान प्रतिशत 73.49 की तुलना में अब उपचुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़कर 75.8 हो गया है। उपचुनाव के दौरान 7 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की परस्पर तुलना में सर्वाधिक मतदान भी खींवसर में और दौसा में सबसे कम 62.45 प्रतिशत मतदान हुआ है।

## दिल्ली में एयर क्वालिटी 'गंभीर'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की एयर क्वालिटी गुरुवार को 'गंभीर' स्तर पर पहुंच गई। इसके बाद दिल्ली सरकार ने सभी प्राइमरी स्कूलों (यानी पांचवीं क्लास तक) को अगले आदेश तक ऑनलाइन चलाने के निर्देश दिए।

गुरुवार को सीजन में पहली बार एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 424 दर्ज किया गया। ये 13 नवंबर के मुकाबले छह अंक ज्यादा है। दिल्ली के 39 पल्यूशन मॉनिटरिंग स्टेशंस में से 27 ने एयर क्वालिटी को गंभीर बताया। इससे हवा में सांस लेना और मुश्किल हो गया।

इसके बाद कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट ने एनसीआर यानी हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान से आने वाली बसों पर रोक लगा दी। हालांकि इलेक्ट्रिक व्हीकल, सीएनजी वाहनों और बीएस-4 डीजल बसों को इससे छूट मिलेगी।

# 5वीं तक स्कूल ऑनलाइन लगेंगे : निर्माण कार्य और तोड़फोड़ पर रोक, एनसीआर से आने वाली बसों पर बैन

### दिल्ली-एनसीआर में निर्माण, तोड़फोड़ पर रोक

- » दिल्ली-एनसीआर में निर्माण, खनन और तोड़फोड़ पर रोक रहेगी।
- » दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर में बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल वाहन भी नहीं चलेंगे।
- » दिल्ली में बीएस-3 डीजल के इमरजेंसी व्हीकल के अलावा इस स्तर के सभी मीडियम गुड्स व्हीकल पर भी रोक रहेगी।
- » इसके अलावा मशीन से सड़कों की सफाई की फ्रिक्वेंसी बढ़ाने और हैवी ट्रैफिक वाले रूट पर पीक आवर से पहले पानी का छिड़काव करने जैसे उपाय किए जाएंगे।
- » ये सभी प्रतिबंध और उपाय 15 नवंबर सुबह 8 बजे से लागू होंगे। इन्हें ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) के तीसरे फेज के तहत लागू किया जा रहा है।



### राज्य सरकार ने कहा था- हम प्रतिबंध नहीं लगाएंगे

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने गुरुवार सुबह ही कहा था, ग्रेप-3 के प्रतिबंध लागू नहीं किए जाएंगे। दिल्ली में सुबह 6 बजे दिल्ली के 31 इलाकों में प्रदूषण बेहद खराब श्रेणी से गंभीर श्रेणी में पहुंच गया। सबसे ज्यादा एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 567 जहांगीरपुरी में दर्ज किया गया। इस पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आतिशी सरकार की निष्क्रियता के कारण प्रदूषण की स्थिति दिल्ली के आसपास के इलाकों से भी बदतर हो गई है। राजपथ जैसे इलाकों में भी एक्यूआई 450 से ज्यादा है। उन्होंने कहा- दिल्ली को लोग चाहते हैं कि गोपाल राय अपना पद छोड़ दें। वहीं, गोपाल राय ने दावा किया कि दिल्ली की खराब एयर क्वालिटी में 35% योगदान भाजपाशासित हरियाणा और उत्तर प्रदेश के एनसीआर में आने वाले जिलों का है।

## एसडीएम को थप्पड़ का आरोपी नरेश मीणा गिरफ्तार : छुड़वाने के लिए समर्थकों ने दिनभर मचाया बवाल; बोले- पुलिस ने घरों में घुसकर मारा, गाड़ियां जलाई





**टोंक (पुकार)।** देवली-उनियारा में एसडीएम को थप्पड़ मारने वाले नरेश मीणा को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। नरेश मीणा की गिरफ्तारी के बाद समरावता गांव में फिर बवाल हो गया। मीणा के समर्थकों ने पुलिस की गाड़ियों को रोकने की कोशिश में चक्का-जाम कर दिया। देवली-उनियारा के समरावता गांव की सड़क पर भी टायर जलाए। लोगों को खदेड़ने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे तो उपद्रवियों ने भी पुलिस पर हल्का पथराव कर दिया। यहां से नरेश मीणा के समर्थकों टोंक से सवाई माधोपुर जाने वाले नेशनल हाईवे-116 पर पहुंचे और अलीगढ़ कस्बे के पास जाम लगा दिया। यहां कवरेज करने गए पत्रकारों पर प्रदर्शनकारियों ने हमला कर दिया और उनका कैमरा तोड़ दिया।

उधर, कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा शाम करीब पांच बजे हालातों का जायजा लेने समरावता गांव पहुंचे और लोगों से बात की। लोगों ने उनसे कहा- बाबा नरेश को छुड़ाओ, उसकी गलती नहीं थी। इस पर किरोड़ी ने कहा कि नरेश मीणा को मैं नहीं, कोर्ट छोड़ेगा। इस पर महिला बोली कि बाबा आप चाहो तो छूट जाएगा। लोगों ने किरोड़ी को बताया- पुलिस ने लोगों को घरों में घुसकर मारा और गाड़ियां जला दी।



दरअसल, देवली-उनियारा विधानसभा के समरावता (टोंक) गांव ने उपचुनाव में वोटिंग का बहिष्कार किया था। निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा भी ग्रामीणों के साथ धरने पर थे। इसी दौरान नरेश मीणा ने अधिकारियों पर जबरन मतदान करवाने का आरोप लगाया। एसडीएम अमित चौधरी ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो उन्हें थप्पड़ मार दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने वोटिंग का टाइम खत्म होने के बाद पोलिंग पार्टियों को भी रोकने की कोशिश की। गुस्साए लोगों ने स्क विकास सांगवान की गाड़ी भी तोड़ दी। इस बीच पुलिस ने रात करीब 9.30 बजे नरेश मीणा को हिरासत में ले लिया। मीणा के समर्थकों को जैसे ही इसकी जानकारी मिली, वे और भड़क गए।

सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण ने पुलिस जवानों को घेर लिया और मीणा को छुड़ाकर ले गए। पुलिस के लाठीचार्ज करने पर नरेश मीणा के समर्थक भड़क गए और पथराव-आगजनी कर दी। बवाल में 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए। इनमें 10 पुलिसवाले भी शामिल हैं। वहीं, गुरुवार सुबह करीब 9.30 बजे नरेश मीणा अचानक समरावता गांव पहुंचे और पुलिस पर मारपीट आरोप लगाए। दोपहर करीब 12 बजे नरेश मीणा को गिरफ्तार किया गया था।

## मणिपुर के 6 इलाकों में अफस्पा फिर से लागू, केंद्र का फैसला

### डेढ़ साल से जारी हिंसा में 200 से ज्यादा लोग जान गंवा चुके



**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर के 5 जिलों में फिर से आर्म्ड फोर्सेस स्पेशल प्रोटेक्शन एक्ट (अफस्पा) लागू कर दिया गया है। यह 31 मार्च 2025 तक प्रभावी रहेगा। गृह मंत्रालय ने गुरूवार को इसका आदेश जारी किया। मंत्रालय ने कहा कि इन इलाकों में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति के चलते फैसला लिया गया। अफस्पा लागू होने से सेना और अर्ध-सैनिक बल इन इलाकों में कभी भी किसी को भी पूछताछ के लिए हिरासत में ले सकते हैं। गृह मंत्रालय के आदेश में इम्फाल पश्चिम जिले का सेकमई और लमसांग, इम्फाल पूर्व जिले का लाम्लाई, जिरिबाम जिले का जिरिबाम, कांगपोकपी का लेइमाखोंग और बिष्णुपुर जिले का मोइरंग थाना शामिल है।

### अब राज्य के 13 इलाकों में अफस्पा लागू नहीं

केंद्र सरकार के इस आदेश के बाद अब राज्य के 13 इलाके ही अफस्पा से बाहर हैं। इससे पहले 1 अक्टूबर को मणिपुर सरकार ने इम्फाल, लाम्फल, सिटी, सिंगजमई, सेकमई, लमसांग, पटसोई, वांगोई, पोरोमपाट, हेइंगांग, लाम्लाई, इरिलबंग, लेइमाखोंग, थौबाल, बिश्नुपुर, नंबोल, मोइरंग, काकचिंग, और जिरिबाम को अफस्पा से बाहर रखा था। सोमवार को मणिपुर के जिरिबाम जिले में सुरक्षा बलों के साथ एनकाउंटर में 10 संदिग्ध उग्रवादी मार गिराए थे। उग्रवादियों ने पुलिस स्टेशन और पास के सीआरपीएफ कैंप पर अत्याधुनिक हथियारों से अंधाधुंध गोलियां चलाईं। अगले ही दिन जिरिबाम जिले से उग्रवादियों ने छह नागरिकों (महिलाएं और बच्चे शामिल) का अपहरण कर लिया था।

### जातीय हिंसा में 200 से अधिक लोग मारे गए

मई 2023 से जारी जातीय हिंसा में 200 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। हिंसा मणिपुर के इम्फाल घाटी के मैतेई समुदाय और पहाड़ी क्षेत्रों के कुकी-जो समुदायों के बीच हो रही है। जिरिबाम पहले इंफाल घाटी और आसपास के पहाड़ी क्षेत्रों में हुई हिंसा से काफी हद तक बचा हुआ था।लेकिन इस साल जून में यहां एक किसान का बुरी तरह विकृत शव मिला। इसके बाद यहां भी हिंसा हुई।

## पृथ्वी की तरफ तेजी से बढ़ रहा अपोसिस, वैज्ञानिकों ने दी भूकंप की चेतावन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अंतरिक्ष आज भी वैज्ञानिकों के लिए पहेली बना हुआ है। पृथ्वी के अलावा ब्रह्मांड में असंख्य ग्रह और क्षुद्रग्रह हैं। वैज्ञानिकों ने चेतावनी जारी करते हुए कहा कि एक क्षुद्रग्रह अपोसिस धरती की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। ऐसा अनुमान जताया गया है कि जब यह धरती के नजदीक होगा तो गुरूत्वार्षण के कारण खगोलीय भूकंप आ सकता है, जो कई परमाणु बमों के विस्फोट से निकली ऊर्जा के बराबर होगा। वैज्ञानिक पिछले 20 साल से इस क्षुद्रग्रह का अध्ययन कर रहे हैं। क्षुद्रग्रह के 13 अप्रैल 2029 में धरती के पास से गुजरने की संभावना है। इसे तबाही का देवता या अंतरिक्ष का हत्यारा उपनाम दिया गया है।



वैज्ञानिकों ने इस क्षुद्रग्रह की खोज 2004 में की थी। तब से खगोलविद अपोफिस पर बारीकी से नज़र रख रहे हैं। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि 2029 में यह धरती के पास से होकर गुजरेगा। वैज्ञानिकों ने यह भी बताया कि इसके धरती से टकराने की संभावना 2.7 प्रतिशत है। जॉन्स हॉपकिंस यूनिवर्सिटी एप्लाइड फिजिक्स लैबोरेटरी के वैज्ञानिक रोनाल्ड-लुई बैलौज़ के नेतृत्व में एक टीम अपोफिस पर बारीकी से नजर रख रही है।

### वैज्ञानिकों ने क्या अनुमान जताया

वैज्ञानिकों के अनुसार, 2029 में जब यह क्षुद्रग्रह धरती के पास से गुजरेगा तो गुरूत्वार्षण बल के कारण इस क्षुद्रग्रह में भूकंप आ सकता है। इसे खगोलीय भूकंप कहा जा रहा है। खगोलीय भूकंप या अंतरिक्ष भूकंप पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र में होने वाला भूकंप होता है। वैज्ञानिकों ने पृथ्वी के गुरूत्वाकर्षण के प्रभाव की जांच की है तो पता लगाया कि ऐसी घटना तब होगी, जब यह हमारे ग्रह से 19000 मील की दूरी पर आ जाएगा।

### कई परमाणु बमों के बराबर विस्फोट

13 अप्रैल, 2029 को पृथ्वी के पास से गुजरने वाला क्षुद्रग्रह अपोफिस 'अंतरिक्ष हत्यारा' है। यह क्षुद्रग्रह बेहद विशाल है, इसका आकार न्यूयॉर्क के 102 मंजिला एम्पायर स्टेट इमारत के बराबर है। अपोफिस की लंबाई 1230 फीट है। यदि यह पृथ्वी से टकराता है, तो इसके प्रभाव से कई परमाणु बमों के बराबर ऊर्जा निकलेगी, जिससे सैकड़ों मील तक विनाश होने की संभावना है।

## एक और कामयाबी : गाइडेड पिनाका हथियार प्रणाली का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने गाइडेड पिनाका हथियार प्रणाली के उड़ान का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। रक्षा मंत्रालय ने गुरूवार को बताया कि उड़ान परीक्षण तीन चरणों में विभिन्न फील्ड फायरिंग रेंज में किए गए । इन परीक्षणों के दौरान कई लक्ष्यों को निशाना बनाने के लिए रेंज, सटीकता और स्थिरता का मूल्यांकन रॉकेटों के व्यापक परीक्षण द्वारा किया गया है। पिनाका मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम सटीक स्ट्राइक वैरिएंट पूरी तरह से स्वदेशी हथियार प्रणाली है जिसे रक्षा अनुसंधान और विकास प्रयोगशाला, उच्च ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला, युद्ध सामग्री के साथ प्रमाण और प्रायोगिक प्रतिष्ठान के सहयोग से आयुध अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है। इन परीक्षणों के दौरान हर उत्पादन एजेंसी से कुल 12 रॉकेट, पिनाका लॉन्चर के टू इन-सर्विस वर्जन से फायर किए गए।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रणाली के सफल परीक्षणों के लिए डीआरडीओ और सेना की सराहना की है और कहा है कि इस गाइडेड पिनाका हथियार प्रणाली के शामिल होने से सशस्त्र बलों की तोपखाने की मारक क्षमता को और बढ़ावा मिलेगा। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने भी परीक्षणों से जुड़ी टीमों को बधाई दी और कहा कि रॉकेट प्रणाली ने भारतीय सेना में शामिल होने से पहले सभी आवश्यक उड़ान परीक्षण पूरे कर लिए।

**पिनाका की खासियत :** पिनाका मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम के उन्नत संस्करणों की मारक क्षमता 75 किलोमीटर तक है। मार्क-द्ध ग्रेड के वैरियंट की अधिकतम रेंज 45 किलोमीटर है, जबकि मार्क-द्वितीय ईआर संस्करण की अधिकतम रेंज 90 किलोमीटर है। यह 44 सेकंड में 12 रॉकेटों की एक सलावो लॉन्च कर सकता है। इसके अलावा पिनाका कई तरह के वारहेड ले जा सकता है, जिसमें उच्च विस्फोटक, एंटी-पर्सनल, आग लगाने वाले और एंटी-टैंक बम शामिल हैं। इसे टाट्रा ट्रक पर ले जाकर कहीं भी तैनात किया जा सकता है। विभिन्न प्रकार के सैन्य जुड़ावों, जैसे आतंकवाद विरोधी, सीमा रक्षा और पारंपरिक युद्ध के लिए यह उपयुक्त है।

## रिलायंस-डिज्नी का मर्जर, देश का सबसे बड़ा एंटरटेनमेंट प्लेटफॉर्म बना

### 120 चैनल, दो ओटीटी के साथ 75 करोड़ दर्शक; नीता अंबानी चेयरपर्सन होंगी

**मुंबई (एजेंसी)।** डिज्नी स्टार इंडिया और रिलायंस का वॉयकॉम-18 अब एक हो गए हैं। इसमें डिज्नी हॉटस्टार और जियो सिनेमा भी शामिल है। इन दोनों कंपनियों ने गुरुवार, 14 नवंबर को इसका ऐलान किया। इस मर्जर के बाद ये देश का सबसे बड़ा एंटरटेनमेंट नेटवर्क बन गया है। डिज्नी-रिलायंस एंटरटेनमेंट के पास अब 2 ओवर द टॉप यानी, ओटीटी और 120 चैनल के साथ 75 करोड़ दर्शक हो गए हैं। रिलायंस ने इस जॉइंट वेंचर के लिए 11,500 करोड़ रुपए का निवेश किया है। मर्जर की प्रोसेस बीते करीब एक साल से चल रही थी।

दोनों कंपनियों ने कहा- ये डील 70,352 करोड़ रुपए में हुई है। मर्जर के बाद बनी कंपनी में रिलायंस की 63.16% और डिज्नी की 36.84% हिस्सेदारी होगी। इस नई कंपनी की चेयरपर्सन नीता अंबानी होंगी। वाइस चेयरपर्सन उदय शंकर होंगे। ये कंपनी को स्ट्रैटेजिक गाइडेंस देंगे।

**बिजनेस को तीन सीईओ लीड करेंगे :** इस जॉइंट वेंचर को तीन सीईओ लीड करेंगे। तीनों ही अलग-अलग वर्टिकल की जिम्मेदारी संभालेंगे। केविन वाज एंटरटेनमेंट ऑर्गनाइजेशन के प्रमुख होंगे। किरण मणि डिजिटल ऑर्गनाइजेशन की जिम्मेदारी संभालेंगे। संजोग गुप्ता स्पोर्ट ऑर्गनाइजेशन को लीड करेंगे। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा, इस जॉइंट वेंचर के साथ, इंडियन मीडिया और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री एक ट्रांसफॉर्मेशनल एरा में प्रवेश कर रही है। मैं जॉइंट वेंचर के भविष्य को लेकर बहुत उत्साहित हूं और इसकी कामयाबी की कामना करता हूं।




### जॉइंट वेंचर के पास 2 डिजिटल प्लेटफार्म

इस मेगा मर्जर में डिज्नी स्टार के 80 चैनल और रिलायंस वायाकॉम18 के 40 चैनल जुड़ जाएंगे। यानी, कुल 120 चैनल हो जाएंगे। हालांकि इनमें से कुछ चैनल्स को बंद किया जा सकता है। दोनों के पास ओटीटी ऐप भी है- डिज्नी हॉटस्टार और जियो सिनेमा। वायाकॉम 18 के पास बीसीसीआई मैनेज्ड क्रिकेट मैचों के टीवी अधिकार भी हैं, जबकि डिज्नी स्टार के पास 2027 तक आईपीएल ब्रॉडकास्ट करने के टीवी अधिकार हैं। वहीं रिलायंस के पास उसके ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर आईपीएल दिखाने के अधिकार हैं। रिलायंस के न्यूज चैनल्स इस डील का हिस्सा नहीं होंगे, क्योंकि वो नेटवर्क 18 ग्रुप के तहत आते हैं। जॉइंट वेंचर को 30,000 से अधिक डिज्नी कंटेंट एसेट के लाइसेंस के साथ भारत में डिज्नी फिल्मों और प्रोडक्शन को डिस्ट्रीब्यूट करने के एक्सक्लूसिव राइट भी दिए जाएंगे।

इस जॉइंट वेंचर का वित्त वर्ष 2024 में 26,000 करोड़ रुपए का रेवेन्यू रहा।

जॉइंट वेंचर सालाना 30,000+ घंटे टीवी कंटेंट तैयार करता है।

जियोसिनेमा और हॉटस्टार डिजिटल प्लेटफॉर्म के 5 करोड़ सब्सक्राइबर्स हैं।

## ट्रम्प ने तीसरी बार राष्ट्रपति बनने की इच्छा जताई, लोगों से समर्थन मांगा

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने तीसरी बार भी राष्ट्रपति बनने की इच्छा जताई है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने बुधवार को राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात के पहले वाशिंगटन डीसी के एक होटल में यह बयान दिया। उनके बयान पर समर्थकों ने खुशी जाहिर की।

ट्रम्प ने अमेरिकी संसद के निचले सदन के सदस्यों से कहा, ÷मुझे लगता है कि मैं फिर से राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव नहीं लड़ूंगा। लेकिन आप अगर ऐसा चाहें हैं तो मैं ऐसा सोच सकता हूं।÷

अमेरिका में दो बार राष्ट्रपति बनने का प्रावधान है। ट्रम्प दूसरी बार राष्ट्रपति चुने गए हैं। इससे पहले वह 2017 से 2021 तक राष्ट्रपति रह चुके हैं। अगर ट्रम्प तीसरी बार राष्ट्रपति बनने की कोशिश करते हैं तो इसके लिए उन्हें संविधान में संशोधन करना होगा। इसके लिए अमेरिकी संसद और राज्यों से समर्थन की जरूरत होगी।

### 73 साल पहले 2 बार राष्ट्रपति बनने का नियम बना

अमेरिका में पहले किसी व्यक्ति के सिर्फ 2 ही बार राष्ट्रपति बनने को लेकर कोई प्रावधान नहीं था। 1951 में संविधान में 22 संशोधन किया गया। इसके तहत ये नियम बनाया गया कि अमेरिका में कोई शख्स सिर्फ 2 बार ही राष्ट्रपति बन सकता है।

दरअसल, अमेरिका के पहले राष्ट्रपति जॉर्ज वॉशिंगटन ने दो टर्म के बाद रिटायरमेंट ले लिया था। उसके बाद से राष्ट्रपति के दो टर्म से ज्यादा सेवाएं न देने का अनौपचारिक नियम ही बन गया। इसके बाद अमेरिका में यह प्रथा बन गई।




31 अमेरिकी राष्ट्रपतियों में से किसी भी राष्ट्रपति ने इस प्रथा को नहीं तोड़ा, लेकिन फ्रैंकलिन डी रूजवेल्ट के दौर में यह नियम टूट गया। वे 1933 से 1945 चार बार राष्ट्रपति चुनकर आए।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षाविदों का महाकुंभ 'विविभा' आज से गुरुग्राम में

**उदयपुर (पुकार)।** भारतीय शिक्षण मंडल के युवा आयाम द्वारा संपूर्ण भारत के शिक्षाविदों के महाकुंभ राष्ट्रीय सम्मेलन 'विविभा' (विजन फार विकसित भारत) का शुभारंभ शुक्रवार से एसजीटी विश्वविद्यालय, गुरुग्राम में किया जाएगा। यह राष्ट्रीय सम्मेलन 17 नवंबर 2024 तक आयोजित होगा। इस आयोजन में उदयपुर विश्व संवाद केन्द्र की टीम के साथ-साथ संभाग से बड़ी संख्या में शिक्षाविदों व प्रबुद्धजनों द्वारा भागीदारी निभाई जाएगी। विश्व संवाद केंद्र उदयपुर की साधारण सभा समिति के सदस्य, गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय में आचार्य व प्रचार प्रभारी प्रो. एस के अग्रवाल ने बताया कि सम्मेलन का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष डॉ एस सोमनाथ एवं नोबेल विजेता कैलाश सत्यार्थी करेंगे। उद्घाटन सत्र के प्रमुख वक्ता प्रसिद्ध भागवताचार्य संजीव कृष्ण ठाकुर (वृंदावन), गीता मनीषी महामंडलेश्वर ज्ञानानंद महाराज, प्रसिद्ध विचारक, लेखक एवं शिक्षाविद डॉ मनमोहन वैद्य, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य इंद्रेश कुमार, भारतीय नौसेना अध्यक्ष दिनेश कुमार त्रिपाठी, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान में रक्षा मंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. सतीश रेड्डी होंगे।

प्रो. अग्रवाल ने बताया कि सम्मेलन हेतु प्राप्त 1 लाख 68 हजार शोध आलेख प्रविष्टियों में से सर्वोत्तम 1200 आलेखों के लेखकों का चयन कर उन्हें सम्मेलन में प्रस्तुतीकरण एवं सहभागिता हेतु आमंत्रित किया गया है। इसी प्रकार सम्मेलन में विकसित भारत से जुड़े विधि एवं न्याय, सामाजिक सुरक्षा, कला, साहित्य एवं संस्कृति, भारतीय ज्ञान पद्धति, महिला सशक्तिकरण दृष्टि, ज्ञान विज्ञान एवं तकनीक, ग्रामीण विकास एवं स्वरोजगार, वाणिज्य अर्थशास्त्र एवं प्रबंधन, भारतीय शिक्षा- भूत वर्तमान एवं भविष्य, भारतीय इतिहास एवं उज्जवल भारत भविष्य दृष्टि, समृद्ध भारत एवं पर्यावरण संरक्षण आदि विषयों पर गहन मंथन होगा।

### गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पर कार्तिक पूर्णिमा सत्संग आज

**उदयपुर (पुकार)।** ब्रह्मलीन प. पू. गुरुदेव महंत श्री 1008 श्री बृज बिहारी वन जी महाराज की पावन तपोस्थली उदयपुर का अमरनाथ श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पर कार्तिक पूर्णिमा सत्संग शुक्रवार रात्रि में होगा। मंदिर अधिष्ठाता महन्त तन्मय वन महाराज ने बताया कि देव दीपावली कार्तिक पूर्णिमा पर श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पर सायं 4 बजे से सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। पाठ के पूर्ण होने के साथ ही 501दिए जलाकर 7:15 बजे भगवान श्री गुप्तेश्वर महादेव की आरती और आरती पश्चात 9:15 बजे से सत्संग आरम्भ होगा जो कि तड़के 4:15 बजे पूर्ण होगा।

### अग्रवाल समाज का वैवाहिक सम्मेलन रतलाम में



**उदयपुर (पुकार)।** अग्रवाल समाज महासभा रतलाम आगामी 21 व 22 दिसंबर को रतलाम में वैवाहिक सम्मेलन की धूम मचाने जा रहा है। हिरणमगरी अग्रवाल समाज के अध्यक्ष एवं अग्र बृज रज परिवार के रविन्द्र अग्रवाल ने बताया कि रतलाम अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष वीरेन्द्र अग्रवाल के नेतृत्व में एक दल प्रचार प्रसार हेतु अशोक मारवणी एवं संजय सिंघल के साथ उदयपुर आया जो उदयपुर अग्रवाल समाज की पंचायतों के अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल लश्करी अध्यक्ष, ब्रजमोहन अग्रवाल जैन पंचायत के अध्यक्ष,प्रवासी सचिब राजेश अग्रवाल,मंत्री वैष्णव समाज दिनेश बंसल,जिला अध्यक्ष एम एल अग्रवाल,समाज सेवी जगदीश ,जगदीप मंगल,दीपक बंसल आदि समाज जनों के साथ मीटिंग ली गई जिसमें परिचय सम्मेलन की समस्त रूपरेखा बताई गई।

### पढ़ाई के लिए किराये पर रह रहे छात्रों को सरकार देगी हर महीने 2000 रूपये

उदयपुर (पुकार)। पढ़ाई के लिये जो छात्र घर से दूर किराये के मकान में रह कर जिला मुख्यालय पर स्थित राजकीय महाविद्यालय में अध्ययन करते हैं, उनके लिये सरकार द्वारा अम्बेडकर डी.बी.टी. वाउचर योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के तहत् छात्रों को प्रतिमाह 2000 रुपये भत्ता दिया जाएगा। योजनान्तर्गत आवेदन करने की अन्तिम दिनांक 30 नवम्बर 2024 तय की गई है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक गिरीश भटनागर ने बताया कि यह आवेदन सत्र 2024-25 के लिए किए जाएंगे। चयनित विद्यार्थियों को दस माह के लिए राशि स्वीकृत की जाएगी। इस योजना के तहत एससी, एसटी, ओबीसी, एमबीसी, ईडब्ल्यूएस और अल्पसंख्यक वर्ग के जिला मुख्यालय पर संचालित राजकीय महाविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर (शैक्षणिक पाठ्यक्रम कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय) में अध्ययनरत छात्र ही पात्र होंगे। योजना के लिए राजस्थान का मूल निवासी होना आवश्यक है। छात्र के माता-पिता की वार्षिक आय 2.50 लाख (एससी, एसटी व एसबीसी के लिए), 1.50 लाख (ओबीसी के लिए) एवं 1.00 लाख (ईडब्ल्यूएस के लिए) रुपये से अधिक नहीं हो चाहिए। साथ ही विद्यार्थी जहाँ पढ़ रहा है और उसके माता-पिता का मकान उसी जिला मुख्यालय पर होने पर वह इसका पात्र नहीं होगा। आवेदन ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से ई-मित्र या एसएसओ आईडी के द्वारा किया जा सकता है।

### आचार्य हितवर्धन सुरिश्वर आदि ठाणा का चातुर्मास परिवर्तन व निष्ठापन आज

**उदयपुर (पुकार)।** श्री जैन श्वेताम्बर महासभा के तत्तवावधान में तपोगच्छ की उद्गम स्थली आयड़ तीर्थ में रामचन्द्र सुरिश्वर महाराज के समुदाय के पट्टधर, गीतार्थ प्रवर, प्रवचनप्रभावक आचार्य हितवर्धन सुरिश्वर आदि ठाणा द्वारा चल रहे चातुर्मास का परिवर्तन व निष्ठापन 15 नवम्बर शुक्रवार को होगा।

महासभा के महामंत्री कुलदीप नाहर ने बताया कि शुक्रवार को सुबह 7 बजे शोभागपुरा 100 फीट रोड स्थित आदेश्वर मंदिर से आचार्य हितवर्धन सुरिश्वर आदि ठाणा का चातुर्मास परिवर्तन कराया जाएगा जो आर्ची अपार्टमेन्ट स्थित मुनि सुव्रतनाथ स्वामी मंदिर न्यू भूपाल पुरा में राजेश्वरी देवी- श्यामलाल हरकावत के निवास पर गाजे-बाजे की मधूर स्वर लहरियों के साथ कराया जाएगा। जहां पर व्याख्यान एवं शत्रुंजय भावयात्रा का आयोजन होगा। उसके बाद सभी श्रावक-श्राविकाओं की नवकारसती का आयोजन रखा गया।

गुरुवार को आयड़ तीर्थ के आत्म वल्लभ सभागार में आयोजित धर्मसभा में आचार्य हितवर्धन सुरिश्वर ने कहां कि सांसारिक और भौतिक नुकसान बताकर भी क्रोध-लोभ आदि काषयिक भावों को छोडने का उपदेश दे सकते है और चौरासी के चक्कर नहीं काटना है ऐस आत्मिक उद्देश्य से भी क्रोध-लोभ को छोडने् का उपदेश दे सकते है। आत्मिक दोषों के शमन के लिए क्रोध-लोभ-कपट व घमण्ड का त्याग जरूरी है। चातुर्मास समिति के अशोक जैन व प्रकाश नागोरी ने बताया कि इस अवसर पर कार्याध्यक्ष भोपालसिंह परमार, कुलदीप नाहर, अशोक जैन, प्रकाश नागोरी, सतीस कच्छारा, राजेन्द्र जवेरिया, चतर सिंह पामेचा, चन्द्र सिंह बोल्या, हिम्मत मुर्डिया, कैलाश मुर्डिया, श्याम हरकावत, अंकुर मुर्डिया, बिट्टू खाब्या, भोपाल सिंह नाहर, अशोक धुपिया, गोवर्धन सिंह बोल्या सहित सैकड़ों श्रावक-श्राविकाएं मौजूद रहे।

### शिवसेना से गुर्जर निष्कासित

**उदयपुर (पुकार)।** शिवसेना शिंदे गुट उदयपुर संभाग कार्यकारिणी की बैठक गुरुवार को सम्भाग प्रमुख मांगीलाल प्रजापत कि अध्यक्षता में रखी गई। बैठक में सर्वसम्मति से देहात जिला प्रमुख रामलाल गुर्जर को पद एवं सक्रिय सदस्यता से निलंबित किया जाता है यह निलंबन इनके दुसरी राजनीतिक दल जोइन करने कि वजह से यह निलंबन का प्रस्ताव पारित किया गया है। इस बैठक में सम्भाग कार्यकारिणी के जगदीश प्रजापत, गिरिराज भावसार, लक्ष्मण मीणा, नारायण डांगी, जगदीश राठौड़, राहुल राठौड़ सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे । यह जानकारी सम्भाग प्रभारी महेश जैन ने दी।

# बाल दिवस पर संस्थानों में हुए विविध कार्यक्रम


राजस्थान विद्यापीठ


भूपालपुरा


भूपाल नोबल्स


विधिक सेवा


महावीर अकादमी


बोरीकुआ स्कूल

**उदयपुर (पुकार)।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के अवसर पर संस्थानों में खेल प्रतियोगिता सहित विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये।

जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ के संघटक लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की ओर से महाविद्यालय प्रांगण में संस्कृति मेले 2024 का आयोजन किया गया। प्रशिक्षणार्थी छात्राध्यापकों को भावी व्यवसायिक जीवन में आने वाले दायित्वों के निर्वहन और भारतीय परंपराओं से रूबरू करवाने के उद्देश्य से आयोजित किए गए मेले का शुभारंभ कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, सरदार पटेल विवि गुजरात के प्रो. संदीप भट्ट, प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर व फीता काटकर किया। मेले में महाविद्यालय के बीएड, बीएड बाल विकास, बीए.बीएड/बी.एससी.बीएड, डीएलएड के प्रशिक्षणार्थियों ने अलग-अलग प्रकार के राजस्थानी व्यंजन दाल-बाटी, राब, दक्षिण भारतीय इडली साभंर, अप्पे और मोमोज जैसे चायनीज व्यंजनों के साथ-साथ मेले का आनंद देने वाले जायके चाट-पकौड़ी ,चाय शिकंजी के 27 स्टॉल लगाए।

इस अवसर पर प्रो. सारंगदेवोत ने वर्तमान समय में बदली जीवनचर्या में पारंपरिक भोजन के स्वास्थ्य लाभ को रेखांकित करते हुए कहा कि हमें पुनः अपने प्राचीन खानपान की ओर लौटना होगा। इस मौके पर डॉ. रचना राठौड़, डॉ. बलिदान जैन, डॉ. अमी राठौड़, डॉ. सुनीता मुर्डिया सहित विभिन्न विभागों के संकाय सदस्य, मंत्रालयिक कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं अभिभावकों ने मेले का आनंद उठाया।

बाल दिवस के मौके पर गुरुवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भूपालपुरा में बच्चों का बाजार सजाया गया। इस दौरान दुकानदार बने विद्यार्थियों से शिक्षकों ने जमकर खरीददारी की। कार्यवाहक प्रधानाचार्य भावना शर्मा ने बताया कि इस मौके पर विद्यार्थियों ने फतहसागर की पाल पर लगने वाले बाजार का प्रतिरूप बाजार सजाया। अपने व्यापारी माता-पिता के स्थान पर विद्यार्थी दुकानदार बने और व्यापार किया। इस मौके पर शिक्षकों और अभिभावकों ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए खूब खरीददारी की। विद्यार्थियों ने चना जोर गरम, पॉपकॉर्न, खिलौने, गेम्स, भेल-पूड़ी, चाट आदि की दुकानों को लगाया और आकर्षक साज-सज्जा कर बाजार का प्रतिरूप बनाया।

अपने संबोधन में कार्यवाहक प्रधानाचार्य भावना शर्मा ने कहा कि यह बाजार विद्यार्थियों को स्वावलंबी बनने और माता-पिता का सहारा बनने की प्रेरणा देता है। शर्मा ने विद्यार्थियों को कक्षाध्यापन दौरान अनुशासित होकर विषयवस्तु पर फोकस करने और अपना करियर बनाने को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर मेघा पारिक, रागिनी दुबे, सत्यवती उपाध्याय, चंचल झाला, राजेंद्र सोलंकी, अनीस अहमद, हीरा दास बैरागी, बजरंग सोनी, दयाराम गुर्जर सहित बड़ी संख्या में अभिभावक भी मौजूद रहे।

**भूपाल नोबल्स स्नातकोत्तर** महाविद्यालय में चल रही साहित्यिक गतिविधियों के अंतर्गत बाल दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी विभाग द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह से भाग लिया। महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ रेणू राठौड़ में इस अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बाल दिवस बच्चों के प्रति समाज के दायित्व को याद दिलाता है जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य एवं खेलकूद शामिल है, साथ ही यह उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता को बढ़ाने का अवसर भी प्रदान करता है। कार्यक्रम संयोजक डॉ चंद्र रेखा शर्मा ने बताया कि विभिन्न विषयों पर आधारित आशु भाषण एवं कविता पाठ के माध्यम से सभी प्रतिभागियों ने अपनी अभिव्यक्ति क्षमता को सभी के समक्ष प्रस्तुत कर सराहनीय प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सहअधिष्ठाता डॉ रितु तोमर, डॉ संगीता राठौड़ डॉ पंकज आमेटा, डॉ मनीषा शेखावत एवं डॉ दीप्ति सुहालका भी उपस्थित रहें।

**राजस्थान राज्य विधिक सेवा** प्राधिकरण जयपुर के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष के निर्देशानुसार राष्ट्रीय बाल दिवस पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय एकलिंगगढ़ छावनी में मनाया गया।

प्राधिकरण सचिव व एडीजे कुलदीप शर्मा ने स्कूली बच्चों को उनके अधिकारों से अवगत कराया गया। बच्चों को गुड टच बेड टच, बाल विवाह रोको अभियान, संविधान के अनुच्छेद 39क के तहत निःशुल्क विधिक सहायता, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उदयपुर द्वारा चलाए जा रहे अभियान, नालसा हेल्पलाइन 15100, पॉक्सो कानून, साइबर कानून, यातायात नियम आदि के बारे जागरुक किया गया । सुश्री प्रेरणा अवचार एवं जितेंद्र सेन असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल द्वारा भी स्कूली बालक-बालिकाओं को जागरुक किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय विद्यालय के प्रिंसिपल अरुण कुमार व अन्य स्टाफ सदस्यों ने भागीदारी निभाई।

**गुरु नानक स्नातकोत्तर कन्या** महाविद्यालय के शिक्षा संकाय में पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म दिवस बाल दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। सभी अतिथियों ने नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो अनिल कोठारी ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा महान विद्वानों से सीख लेनी चाहिए उनके कार्यों को आदर्श मानकर अपने जीवन में उतारना चाहिए। छात्राध्यापिकाओं ने कविता, नाटक प्रस्तुत किये तथा भित्ति पत्रिका का अनावरण भी हुआ। कार्यक्रम का संचालन पायल मेघवाल एवं ईशा हुसैन ने किया। इस अवसर पर शिक्षा संकाय प्रभारी डॉ रंजना आमेटा, डॉ हर्षलता पंड्या, डॉ डिंपल कौर, दिव्या जैन, डॉ मीना नागदा, डॉ रंजीता खतूरिया, हुमैरा खान, तस्लीम नाज उपस्थित रहे

**सेंट एन्थोनीज़ स्कूल में** गुरूवार को पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्म दिवस के मौके पर बाल दिवस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मीडिया प्रभारी विकास साहू ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य विलियम डिसूजा ने अपने उद्बोदन में चाचा नेहरू का बच्चों के प्रति प्यार व्यक्त किया। साथ ही उन्होनें नेहरू जी का आजादी में दिये गये योगदान के बारे में बच्चों को अवगत कराया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न नृत्य, कविता, निबन्ध प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपप्राचार्य जैसी डीसूज़ा ने की। विद्यालय के कोऑर्डिनेटर सिद्धांत डिसूजा ने बताया कि इस मौके पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया इसमें विद्यालय के करीब 300 से अधिक छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के मॉडल का प्रदर्शन किया इस अवसर पर विद्यालय के कइ अभिभावकों ने विज्ञान प्रदर्शनी लाभ उठाया यह जानकारी विकास साहू ने दी।

गारियावास स्थित महावीर अकादमी सी. सै. स्कूल में 14 नवम्बर 2024 को 131वीं नेहरू जयन्ती के उपलक्ष्य में बड़े उत्साह के साथ बाल दिवस मनाया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के विद्यार्थी उत्साह के साथ प्रतिभागी बने। पण्ड़ित जवाहर लाल नेहरू जयन्ती, कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती को दीप प्रज्वलित कर एवं नेहरू जी को पुष्पमाला अर्पित कर की गई। इस अवसर पर नन्हे मुन्हे बच्चों ने अपने अभिभावकों के साथ विभिन्न वेशभूषा में अपना किरदार निभाया। जिसमें यशोदा संग कन्हैया, राम संग कौशल्या, शिवाजी संग जीजा बाई तथा लक्ष्मी बाई संग दामोदर आदि पात्रो ने सम्मोहित प्रस्तुति दी। बच्चों ने सन्देश परक नृत्य, गीत एवं पर्यावरणीय स्तर की आदर्श एवं गरिमामयी विचित्र वेशभूषा की रंगारंग प्रस्तुति कर कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिये। बच्चों की विचित्र वेशभूषा और नृत्य करते हुए देख पूरा विद्यालय बगिया और बच्चे बगिया के आकर्षक फूल प्रतित हो रहे थे। अध्यक्ष पद पर विराजित संस्था प्रबन्धक महोदय राजकुमार फत्तावत एवं संस्था के निदेशक प्रणय फत्तावत के निर्देशन में प्रधानाचार्य अरूण जी त्रिवेदी एवं प्रशासिका सपना गौड ने बच्चों को सुनहरे भविष्य को ध्यान में रखते हुए प्रेरणादायी सन्देश प्रेषित किया। संस्था के संस्थापक राजकुमार फत्तावत ने अपने सम्बोधन में बच्चों को बड़े सपने देखने और कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होनें शिक्षकों की उनके जीवन्त प्रदर्शन की भी सराहना की। खुशी और मोज मस्ती भरे माहौल में अध्यापिकाएँ रजनी गौड़ और सुनिता आमेटा एवं निधि माथुर ने ऋमबद्ध रूप से बड़ी खुबसूरती से कार्यक्रम का संचालन किया। प्रतिभा की प्रांजल प्रस्तुति को पुरूस्कार हेतु चयन करने के लिए निर्णायक की भूमिका अध्यापिकाएँ अनिता जोशी एवं कलावती ने भी बखुबी निभाया। इस अवसर पर कक्षा यूकेजी से सोनाक्षी (सुनिता राजपुत) एलकेजी से धुरंजय सिंह सोलंकी (चेतना सोलंकी) नर्सरी से महीपाल सिंह (युद्धिका राठौड़) को प्रथम पुरूस्कार से सम्मानित किया गया।

**गिर्वा ब्लॉक अधीनस्थ संचालित** राउप्रावि बोरीकुआ में गुरुवार को बाल दिवस पर बाल समारोह कार्यक्रम के तहत विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। संस्था प्रधान मेगी मेई दास ने बताया कि बोरीकुआ विद्यालय में बाल समारोह के तहत मध्याह्न पूर्व सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ जिसमे विद्यालय के शिक्षक विपिन उपाध्याय द्वारा पंडित जवाहर लाल नेहरू का जीवन परिचय प्रस्तुत किया गया साथ ही पोस्टर निर्माण, चित्रकला, निबंध ,कविता लेखन आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में उत्सव पर्व प्रभारी श्रीमती भूमिका चौबीसा द्वारा पंडित नेहरू के व्यक्तित्व व कृतित्व से विद्यार्थियों को अवगत कराया जबकि चित्रा व्यास ने प्रतियोगिताओं के आयोजन को निर्देशित किया।

# कांग्रेस ने पंडित नेहरू को किया याद









**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सूरजपोल स्थित देहात जिला कांग्रेस कार्यालय में गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया गया। उदयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता डॉ संजीव राजपुरोहित ने बताया कि देहात जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में आधुनिक भारत के निर्माता के रूप में पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के योगदान को याद किया गया। गोष्ठी में उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया। तथा उनके नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में उतारने की बात कही। गोष्ठी में देहात जिला कांग्रेसहसचिव डॉ महेश त्रिपाठी, भूपेंद्र सिंह चौहान, महिला कांग्रेस की शांता प्रिंस, उदयपुर देहात जिला कांग्रेस प्रवक्ता डॉ संजीव राजपुरोहित, मोहम्मद खान, देहात जिला कांग्रेस सचिव रतन लाल पूर्बिया, मोती लाल सुथार, पूर्व पार्षद मदन सिंह बाबरवाल, गोपाल सरपटा, लक्ष्मी लाल सोनी, सुरेश तराठी उपस्थित रहे। गोष्ठी का संचालन डॉ संजीव राजपुरोहित ने किया एवं धन्यवाद पूर्व पार्षद मदन सिंह बाबरवाल ने दिया।

साथ ही उदयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भी पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती पर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर उदयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उदयपुर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष फतह सिंह राठौड़, उदयपुर शहर जिला कांग्रेस संगठन महामंत्री अरुण टांक, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सोमेश्वर मीणा, अजय सिंह, पार्षद हिदायतुल्ला, मोहम्मद अय्यूब, अमित सुहालका, राजेश सोलंकी उपस्थित रहे।

**उदयपुर ग्रामीण विधानसभा** कांग्रेस कार्यालय पर पूर्व विधायक एवं गिर्वा प्रधान सज्जन कटारा एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य डॉ. विवेक कटारा ने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. पंडित जवाहर लाल नेहरू जी की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मोके पर प्रधान सज्जन कटारा ने कहा कि भारत की आजादी से लेकर एक सुदृढ़, सशक्त एवं उन्नत राष्ट्र की आधारशिला रखने में नेहरू जी ने अपना अमूल्य योगदान दिया है। इस मोके पर मण्डल अध्यक्ष जगदीश नागदा, मण्डल अध्यक्ष हजारी रजक, पूर्व पार्षद प्रमोद मेनारिया,महेन्द्र जैन, किशन वागावत, गोपाल डांगी आदि मौजूद थे।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता पंकज कुमार शर्मा ने पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की जयंती एवं बाल दिवस के अवसर पर रक्षाबंधन धानमंडी स्थित कांग्रेस मीडिया सेंटर में उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान आयोजित गोष्ठी में उन्होंने नेहरू जी के जीवन, विचारों, और उनकी आधुनिक भारत निर्माण में दी गई महान योगदान पर प्रकाश डाला। गोष्ठी में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी पंडित नेहरू के विचारों और उनके आदर्शों पर चर्चा की। इस मौके पर मुकेश जाट, विष्णु आगाल, सावन साहू, मिलन मंत्री, गज्जू दमानी, सागर, राजवीर, एन.के.शर्मा सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

**एनएसयूआई ने मनाया बाल दिवस :** देश के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की जन्म जयंती एवं बाल दिवस के कार्यक्रम पर उदयपुर एनएसयूआई द्वारा देवेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में गरीब असहाय अनाथ बच्चों को पुस्तक एवं स्टेशनरी का सामान वितरित किया। पंडित जवाहरलाल नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता है। आजाद भारत को संपन्न एवं समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए उनकी भूमिका सबसे प्रमुख रही है। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राठौड़ समीर मेघवाल दिनेश भील एवं अन्य एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## उपराष्ट्रपति धनखड़ कल उदयपुर दौरे पर

### कोटड़ा में भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती के समारोह में लेंगे भाग

**उदयपुर (पुकार)।** भारत के माननीय उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर उदयपुर आएंगे।

जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने बताया कि माननीय उपराष्ट्रपति 16 नवम्बर को सुबह 11.10 बजे इंडियन एयर फोर्स के स्पेशल एयरक्राफ्ट से डबोक एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वे यहां से आईएएफ के विशेष हेलीकॉप्टर से कोटड़ा स्थित हेलीपैड पहुंचेंगे और यहां से सड़क मार्ग से कोटड़ा के वनवासी कल्याण आश्रम पहुंच कर वहां भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे। उपराष्ट्रपति श्री धनखड़ यहां से 1:50 बजे पुनः कोटड़ा हेलीपैड पहुंचेंगे और वहां से आईएएफ के विशेष हेलीकॉप्टर से रवाना होकर 2:30 बजे उदयपुर एयरपोर्ट आएंगे। वे उदयपुर एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से हुए मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय पहुंचेंगे। अपराह्न 3 बजे एमएलएसयू के विज्ञान महाविद्यालय में आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।यहां से शाम 4:25 बजे उदयपुर एयरपोर्ट पहुंचकर 4:30 बजे इंडियन एयर फोर्स के स्पेशल एयरक्राफ्ट से दिल्ली के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

## मुख्यमंत्री आज उदयपुर होकर बांसवाड़ा जाएंगे

**उदयपुर (पुकार)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को सुबह 10:10 बजे विशेष विमान से उदयपुर के डबोक एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वे यहां से 10:20 बजे हेलीकॉप्टर से बांसवाड़ा के गोविंद गुरु महाविद्यालय स्थित हेलीपैड पहुंचेंगे और वहां जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित नवादी युगधारा प्रणेता समागम कार्यक्रम में शरीक होंगे। मुख्यमंत्री श्री शर्मा इसी दिन पुनः दोपहर 2.20 बजे उदयपुर एयरपोर्ट पहुंचकर 2:30 बजे विशेष विमान से महाराष्ट्र के पुणे एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

### शिल्पग्राम में दो दिवसीय राष्ट्रीय जनजाति महोत्सव आज से

**उदयपुर (पुकार)।** पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा भगवान बिरसा मुण्डा के 150वीं जयंती पर आयोजित राष्ट्रीय जनजाति महोत्सव का शुक्रवार को शिल्पग्राम के मुक्ताकाशी रंगमंच पर सायं 6 बजे आयोजित किया जाएगा। जिसमें आमजन का प्रवेश निःशुल्क रहेगा। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि भगवान बिरसा मुण्डा के 150वीं जयंती पर दो दिवसीय राष्ट्रीय जनजाति महोत्सव आयोजित किया जा रहा है जिसमें प्रथम दिन शुक्रवार 15 नवंबर को देशभर से करीब 150 कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। राजस्थान से गवरी, सहरिया स्वांग, आदिवासी गैर, गुजरात से राठवा, महाराष्ट्र से सौंगी मुखौटे, गोवा से कुणबी, मध्यप्रदेश से पंथी, छत्तीसगढ़ से गौर-मारिया, कर्मा नृत्य, दमण-दीव से तारपा नृत्य सम्मिलित होंगे। साथ ही दूसरे दिन शनिवार 16 नवंबर को बिरसा मुण्डा नाट्य प्रस्तुति शिल्पग्राम के दर्पण सभागार में सायं 7 बजे दी जाएगी।

## बी प्लस

### फ्लिपकार्ट ने अपनी सप्लाई चेन क्षमता को बढ़ाया

**उदयपुर (पुकार)।** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने इंदौर, मध्य प्रदेश में अत्याधुनिक फुलफिलमेंट एवं सॉर्टेशन सेंटर (एफएससी) खोला है। यह सेंटर 1.59 लाख वर्ग फीट में बना है। इस रणनीतिक निवेश से राज्य में डिलीवरी की गति तेज होगी, स्थानीय स्तर पर 600 से ज्यादा रोजगार सृजित होंगे और राज्य के सभी पिन कोड तक डिलीवरी सर्विस उपलब्ध कराई जाएगी। यह सेंटर बुनियादी ढांचे के विकास और स्थानीय प्रगति को लेकर फ्लिपकार्ट की प्रतिबद्धता को दिखाता है। सेंटर की लॉन्चिंग के मौके पर माननीय सांसद शंकर लालवानी, फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार व अन्य प्रतिष्ठित लोग उपस्थित रहे। यह सेंटर मध्य प्रदेश में विस्तार करने के फ्लिपकार्ट के प्रयासों की दिशा में उल्लेखनीय कदम है।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने क्रूजर हाईराइडर के स्पेशल लिमिटेड एडिशन पेश किये

**उदयपुर (पुकार)।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर कार खरीदारों के लिये इस साल वर्षान्त को आकर्षक बनाने के लिए उत्साहित है। इसके लिए इसने अपने लोकप्रिय मॉडल के स्पेशल लिमिटेड एडिशन पेश किये हैं। ये हैं - ग्लैन्जा, अर्बन क्रूजर टैसर और अर्बन क्रूजर हाईराइडर।

हाल में पेश किए गए फेस्टिवल लिमिटेड एडिशन को मिली जोरदार कामयाबी के बाद, स्पेशल लिमिटेड-एडिशन टोयोटा की प्रतिबद्धता को ग्राहक के केंद्र में ले जाता है और इस एक कदम के लिए टोयोटा जेनुइन एक्सेसरी (टीजीए) पैकेज की पेशकश की जाती है। ग्राहकों को अपने वाहनों को व्यक्तिक करने देकरए स्पेशल लिमिटेड-एडिशन के रूप में खरीदारों को एक विशेष उन्नत रूपांतर खरीदने और रखने की अनुमति देता है। यह स्टाइल और बेहतर उपयोगिता के एक शानदार मेल के साथ मिलता है। इससे ग्राहकों के लिए स्पेशल एडिशन पैकेज और एक्सक्लूसिव वर्षान्त पेशकशों में से चुनना संभव होता है।

### लेनोवो ने हाई-परफॉरमेंस टैबलेट और लैपटॉप में पोर्टफोलियो का विस्तार किया

**उदयपुर (पुकार)।** लेनोवो, ग्लोबल टेक्नोलॉजी पावरहाउस लेनोवो ने आज भारत में लेनोवो के11 टैबलेट के अपग्रेडेड वैरिएंट के रूप में लेनोवो टैब के11 (एन्हांस्ड एडिशन) लॉन्च करने की घोषणा की। यह अत्याधुनिक वैरिएंट एंटरप्राइजिज और प्रोफेशनल्स की अलग अलग तरह की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो बेहद किफ़ायती कीमत पर बेहतरीन परफॉर्मेंस, सुरक्षा, मैनेजेबिलिटी और ड्यूरेबिलिटी का एक बेहतरीन कॉम्बीनेशन प्रदान करता है। आशीष सिक्का, डायरेक्टर और कैटेगरी हेड, लेनोवो इंडिया ने कहा कि यूज़र्स की बदलती मांगों को ध्यान में रखते हुए के 11 (एन्हांस्ड एडिशन) टैबलेट को आज के एंटरप्राइजिज और प्रोफेशनल्स की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो बेहतरीन परफॉर्मेंस, ड्यूरेबिलिटी और मैनेजेबिलिटी का एक बेहतरीन मिक्स प्रदान करता है। इसका वाइब्रेंट डिस्प्ले और पॉवरफुल प्रोसेसिंग इस टैबलेट को उन बिज़नेसेज और कर्मचारियों के लिए एक आइडियल विकल्प बनाता है जो एक ही डिवाइस में कई सारे काम एक साथ करने और बेहद कार्यकुशलता की अपेक्षा करते हैं।

## संक्षिप्त खबरें...

### विद्यालय में बाल मेले का आयोजन



**गंगरार।** उपखंड गंगरार के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तुम्बडिया में आज बाल मेले का आयोजन किया गया। साथ ही बाल दिवस का आयोजन विद्यालय में पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी श्री सोहनलाल जी चौधरी की अध्यक्षता में किया गया ।जिसमें सतीश कुमार , राम अवतार, नितिन कुमार बागोरिया, भरत कुमार साहू, यदुवेंद्र खींची, भीमराज शर्मा, जगदीश चंद्र जाट, इंदिरा दाधीच, शमीम अख्तर, रेखा सोनी, प्रेम सिंह, भैरू सिंह, भगवान लाल, सोमदत्त, राजमल सालवी ब्लॉक महामंत्री भाजपा आदि के उपस्थिति में नेहरू जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस कार्यक्रम में पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी श्री सोहनलाल चौधरी ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन पर अपने विचार रखें। सतीश कुमार, नितिन बागोरिया, भारत कुमार साहू ने भी बाल दिवस पर अपने विचार रखें । साथ ही बाल मेले का विद्यालय में आयोजन हुआ जिसमें विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही बच्चों ने विभिन्न प्रकार की स्टाले लगाई। विद्यालय स्टाफ और बच्चों ने मेले का आनंद लिया। पूर्व सरपंच राजमल सालवी ने भी बाल मेले में अपनी उपस्थिति देकर मेले का लुफ्त उठाया। इस कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षक राधेश्याम खटीक ने किया। यह जानकारी प्रेम सिंह ने दी।

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्त्कर्ष अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

**चित्तौड़गढ़ ।** जनजाति गौरव दिवस पर धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्त्कर्ष अभियान के अन्तर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 15 नवंबर, 2024 (शुक्रवार) को प्रातः 10 बजे इन्दिरा गांधी प्रियदर्शनी ऑडिटोरियम, चित्तौड़गढ़ में किया जायेगा। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्तकर्ष अभियान में 500 एवं अधिक जनसंख्या तथा 50 प्रतिशत जनजातीय आबादी वाले ग्रामों को लाभांवित किया जाएगा। अभियान का लक्ष्य भारत सरकार के 17 मंत्रालयों द्वारा परिपूर्णता और आउटरीच द्वारा कार्यान्वित 25 प्रयासों के माध्यम से सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका में महत्वपूर्ण कमियों को खत्म करना और जनजातीय क्षेत्रों और समुदायों के समग्र और सतत विकास को सुनिश्चित करना है। अभियान में जनजातीय आबादी के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता और रोजगार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिससे जनजातीय समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।

### राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का ट्रायल 17 को

**चित्तौड़गढ़ ।** राजस्थान राज्य स्तरीय फ्री स्टाईल एवं ग्रीको रोमन कुश्ती प्रतियोगिता 23 से 25 नवम्बर 2024 तक भरतपुर में आयोजित की जाएगी। जिला कुश्ती संघ (ओ.प.) जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र झंवर ने बताया कि प्रतियागिताएँ पुरुष व महिला में सीनियर वर्ग की आयोजित की जाएगी जिसमें पुरुष फ्री स्टाइल में 57, 61, 65, 70, 74, 79, 86, 92, 97 व 125 किग्रा भार वर्ग, ग्रीको रोमन 55, 60, 63, 67, 72, 77, 8 2, 87, 97 व 130 किग्रा भार वर्ग, महिला फ्री स्टाईल में 50, 53, 55, 57, 59, 62, 65, 68, 72 व 76 किग्रा भार वर्ग की आयोजित होगी। सचिव रतन गुर्जर ने बताया कि प्रतियोगिता में वर्ष 2004 या उससे पूर्व जन्म लेने वाले पहलवान भाग ले सकेंगे वहीं 2005 व 2006 में जन्म लेने वाले पहलवान चिकित्सा प्रमाण पत्र व अभिभावक की सहमति से भाग ले सकेंगे। सभी पहलवानों को 2 फोटो सहित आधार कार्ड, पासपोर्ट, जन्म तिथि प्रमाण पत्र मूल व फोटो कॉपी साथ लानी होगी। गुर्जर ने बताया कि प्रतियोगिता हेतु जिले की टीम के चयन हेतु ट्रायल रविवार 17 नवम्बर को सत्यनारायण व्यायामशाला में ली जाएगी। रविवार को दोपहर 3 से 4 बजे तक वजन होगा इसके पश्चात् प्रतियोगिता आयोजित होगी।

### सरकारी भूमि से हरे पेड़ पौधों को काटने पर दिया ज्ञापन

**चित्तौड़गढ़ ।** कपासन तहसील की मुंगाना पंचायत के कल्याणपूरा ग्राम में निरन्तर सरकारी जमीन, चारागाह भूमि से हरे पेड़-पौधों को काटने और अवैध खनन का विरोध करते हुए ग्रामवासियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर कार्यवाही की मांग की। कल्याणपुरा ग्रामवासियों द्वारा सौंपे ज्ञापन में बताया कि राजस्व ग्राम कल्याणपुरा की चारागाह भूमि की आराजी नं. 1006 से गत कई समय से सरपंच व सचिव की मिलीभगत से कुछ लोगों द्वारा हरे पेड़ पौधों की कटाई और चारागाह भूमि पर अवैध खनन का काम किया जा रहा है। ग्रामवासियों द्वारा विरोध करने के बावजूद पेड़ पौधों की कटाई और खनन नहीं रूका। शिकायत के बावजूद मिलीभगत से अंधाधूंध कटाई व खनन का काम चल रहा है। लगभग एक वर्ष से हो रही इन गतिविधियों को लेकर स्थानीय थाना, तहसीलदार व संबंधित अधिकारियों को शिकायत किये जाने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं होने से जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर कार्यवाही की मांग की गई।

### वार्ड नंबर 44 की विभिन्न समस्याओं को लेकर आयुक्त को सोपा ज्ञापन



**चित्तौड़गढ़ ।** वार्ड नंबर 44 की विभिन्न सड़कों के नवीनीकरण व समस्याओं के निराकरण को लेकर पार्षद प्रतिनिधियों जिला कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता राजेश कुमार सोनी नगर परिषद आयुक्त रविंद्र सिंह यादव से मिलकर एक ज्ञापन सोपा जिसमें उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव से पहले इन रोडो टेंडर हो चुका था लेकिन चुनाव के बाद इन्हें निरस्त कर दिया गया इस कारण रोड के काम बंद हो गए थे इसलिए पुनः वार्ड नंबर 44 में विभिन्न सड़कों खोद कर नवीन बनाने हेतु एवं सभी नालियों को नवीनीकरण एवं रिपेयरिंग आग्रह किया जिसमें (1) मनोर सिंह जी भाटी के मकान से सुनारों के मंदिर तक(2) झुंजार बाउजी के मंदिर से ओम जी बजाज के मकान से गाडोलिया जी के मकान से बाबूलाल जाजू के मकान से विप्लव चौहान के मकान तक सड़के बहुत ही क्षतिग्रस्त हो चुकी है पूर्व में भी जेईन एवं एइन साहब को मौका दिखा दिया गया है लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ है अंत आपसे विनम्र अनुरोध है इन सड़कों को तुरंत नवीनीकरण करने की सख्त आवश्यकता है नहीं तो भविष्य में कोई दुर्घटना घट सकती है श्रीमान से विनम्र निवेदन है कि उपरोक्त सड़कों को खुदवा कर नवीनीकरण किया किया जाना बहुत ही आवश्यक है क्योंकि पुरानी शहर की आबादी के मकान सभी नीचे हैं और पूर्व में सड़के बनी हुई है इस कारण इनका खुदवा कर बनाना आवश्यक है साथही विगत कई महीनो से चित्तौड़ शहर के ह्रदय स्थल पालन पोल पर स्थित झालंन बावरी का सौंदर्य करण का कार्य भी विगत कुछ मा से बंद है उससे भी अति शीघ्र चालू कर करवा ये जिससे शहर वाशी एवं पर्यटक इसकी सौंदर्यता का लाभ ले सके ।

### कृषक डीएपी उर्वरक के स्थान पर एसएसपी एवं एनपीके ग्रेडस उर्वरकों का करें प्रयोग

**चित्तौड़गढ़ ।** संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) दिनेश कुमार जागा ने बताया कि जिले में रबी 2024-25 की मुख्य फसलों में गेहूं, सरसों, चना व जौ की खेती होती है। जिले में सहकारी एवं निजी संस्थाओं में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। किसानों के मांग के अनुरूप समय पर सभी उर्वरक उपलब्ध करवाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे है। कृषक डीएपी के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरकों का अधिक उपयोग कर अच्छी पैदावार ले सकते है।संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) ने बताया कि एसएसपी उर्वरक एक फास्फोरस युक्त उर्वरक है। जिसमें 16 प्रतिशत फास्फोरस एवं 11 प्रतिशत सल्फर की मात्रा पायी जाती है। इसमें उपलब्ध सल्फर के कारण यह उर्वरक तिलहन एवं दलहन फसलों के लिये डीएपी उर्वरक की अपेक्षा अधिक लाभदायक होता है। कृषकों को सलाह दी जाती है कि एक बेग डीएपी के स्थान पर तीन बेग एसएसपी व एक बैग यूरिया का संयोजन कर उपयोग करने से पैदावार में बढोतरी होती है। फसलों में मुख्य पोषक तत्वों की संतुलित आपूर्ति हेतु उपयुक्त एनपीके ग्रेडस उर्वरकों का भी प्रयोग कर सकते है। खेती में उत्पादन लागत कम करने एवं मृदा में पोषक तत्वों की उपलब्धता संतुलित बनाए रखने के लिए सॉयल हेल्थ कार्ड में दी गई अनुशंसा अनुसार उर्वरकों का उपयोग करने हेतु कृषकों से आह्वान किया जाता है।

# हर क्षण को आनंद के साथ जीना चाहिए - योग गुरू



**चित्तौड़गढ़ (पुकार)।** आज हर व्यक्ति बाहर से युवा दिखना चाहता है लेकिन हमें भीतर से भी जवान होना पड़ेगा। आऊट लुक से कही ज्यादा जरूरी भीतर के सिस्टम को जवान रखना है। सिर्फ पन्द्रह मिनिट के योगाभ्यास से हम अपने आंतरिक सिस्टम को मजबूत बना सकते है। यह विचार योग गुरू लाल बिहारी सिंह ने गुरूवार दोपहर को 71वे सहकारिता सप्ताह के षुभारंभ के मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में व्यक्त किये। योग गुरू ने इस मौके पर कहा कि हमें हर हाल में मुस्कुराने की आदत डालनी चाहिए। जीवन में हर क्षण को आनंद में जीना चाहिए। मुस्कुराना हमारी आध्यात्मिक पूंजी है और इस योग से कई तरह की बीमारियां स्वतः ही ठीक हो जाती है। उन्होने कहा कि पेट सम्बन्धि परेशानियों से अधिकतर बीमारियां होती है और बीमारियां हमारे जीवन का आनंद खत्म कर सकती है। हार्मोनल डिसआर्डर न होने दे तथा उसे बैलेन्स बनाये रखे। डिसआर्डर होने पर दवाई ही एकमात्र उपचार होता है जिसे जीवन भर भी लेना पड़ सकता है। योग गुरू ने कहा कि भीतर के सिस्टम यानि इम्यून को स्ट्रोंग रखे ताकि हम भीतर से भी जवान रहे। उन्होने षरीर के संदर्भ में गायत्री मंत्र की उपयोगिता को भी व्यक्त किया। पारंपरिक भारतीय ''पंचकोष विकास'' सिद्धांत में बच्चों के शारीरिक, प्राणमय, मानसिक, बौद्धिक और चेतना संबंधी विकास पर जोर दिया गया है। पंचकोश योग विद्या नितांत ही सरल व सहज है और इसे कोई भी व्यक्ति अपने दैनंदिनी के साथ जीवन में सम्मिलित कर सकता है। उन्होंने कहा कि योग करने वाले प्रत्येक व्यक्ति का स्वयं का रोग से लड़ने के प्रति क्षमता बढ़ाता है। उन्होंने लोगों से योग को अपने दिनचर्या में शामिल करने की अपील की। मेडिटेशन से स्ट्रेस को दूर किया जा सकता है। मैं कभी ना थकने वाली चीज की सोच को रखकर हम हमेशा फ्रेश रह सकते है। मैं अद्वितीय और समस्त षक्तियों से परिपूर्ण हूं, यही सकारात्मक सोच हमें सकारात्मक एवं ऊर्जावान बनाता है तथा षांति व आनंद प्रदान करता है। उल्लेखनीय है कि बाबूजी के नाम से मशहूर योग गुरू लाल बिहारी सिंह ने गायत्री महाविद्या के अन्तर्गत योग विद्या, पंचकोश साधना के माध्यम से आत्म अनुसंधान आरंभ किया और चेतना के उत्कृश्ट शिखर पर पहुंचे। स्वागत उद्बोधन देते हुए अरबन को ऑपरेटिक बैंक के एमडी श्रीमती वंदना वजीरानी ने कहा कि सहकारिता होनी चाहिए लेकिन वह सकारात्मक दिशा में एवं विकसित भारत के दृश्टिकोण में होनी चाहिए। सैनिक एवं देशभक्ति के लिए कार्य करने वाले जब एक दूसरे से हाथ मिलाकर आगे बढ़ेंगे तो वह सहकारिता हमारे देश के लिए हितकारी होगी। उन्होने कहा कि भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय ने भी नई पहल करते हुए ''सहकारिता आंदोलन को कैसे सशक्त बनाया जाये'' विशय पर आमजन के विचार लेने प्रारंभ किया है। 71वे सहकारिता सप्ताह के तहत रोजाना अलग अलग विशय पर कार्यशाला आयोजित की जायेगी। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए अरबन बैंक के पूर्व चैयरमेन श्रीमती विमला सेठिया ने सहकारिता के साथ योग पर भी प्रकाश डाला।

**समायोजन बेहद जरूरी**

योग गुरू ने कहा कि हमें विरासत को बचाये रखना है और हर अच्छी चीज को सीखना चाहिए फिर चाहे वो बच्चों से ही क्यों ना सीखनी पड़े। कभी कभी बच्चों से भी काफी कुछ अच्छा सीखने को मिल जाता है। आज की पीढ़ी और पुरानी पीढ़ी दोनों में सामंजस्य आवश्यक है। आज की पीढ़ी को दोस्त बनाकर रखना चाहिए। घर से बेहतर बाहर ना तो अच्छे दोस्त मिलेंगे और ना ही अच्छी सलाह मिलेगी। जब घर में उचित वातावरण नही मिलता है तो वह अपने मन की बात कहने के लिए बाहर के व्यक्ति का सहारा लेता है जो कभी कभी गलत हो जाता है। इस अवसर पर संचालक गण राधेश्याम आमेरिया, कल्याणी दीक्षित सहित शरद निगम, श्याम वंगानी रतन लाल बोहरा सत्यनारायण चेचानी इत्यादि उपस्थित थे

## श्रद्धा सुमन अर्पित कर चाचा नेहरू को किया याद

### कांग्रेसजनों ने बाल दिवस के रूप में नेहरूजी की जयंती मनाई



**निंबाहेड़ा (पुकार) ।** गुरुवार को सुबह 11 बजे यहां माल गोदाम रोड पर स्थित नेहरू पार्क में आज़ाद हिंदुस्तान के प्रथम प्रधानमंत्री पण्डित जवाहर लाल जी नेहरू की आदमकद प्रतिमा पर कांग्रेसजनों द्वारा माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर चाचा नेहरू की जयंती मनाई तथा चाचा नेहरू द्वारा देश के लिए दिए गए योगदान को याद करते हुए उनके जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर सभी ने 'चाचा नेहरू अमर रहे' के गगनभेदी नारे लगाए और बच्चों के प्रति उनके विशेष स्नेह को याद करते हुए बच्चों को टॉफी बांटी।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सुभाष चंद्र शारदा, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम लाल झंवर, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशीलाल राईवाल, जिला पेंशनर समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रबोध चंद्र शर्मा,औकाफ कमेटी सदर एवं पालिका पार्षद सलीम चाचा, जिला कांग्रेस कमेटी सचिव नुसरत खान, विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत सिंह आंजना, वरिष्ठ अधिवक्ता लक्ष्मण सिंह सोलंकी, जिला फुटबाल संघ सचिव फैसल खान, पालिका पार्षद राजेश सांड, रोमी पोरवाल, नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष दिगेंद्र प्रताप सिंह पूर्व पार्षद शोभाराम जाट,बिहारीलाल सोलंकी, उदयराम पहाड़िया,शांतिलाल लाड़ना,माणक साहू मुकेश मेघवाल तथा हाजी एजाज अहमद,फरीद खान, रशीद खान, बाबू खान मेव,अशोक शर्मा,मोहम्मद अली भाई,गोविंद गग्गड,रमेश सेन,मुकेश लोट,रामलाल अहीर महावीर पालेचा,राहुल सुथार,हितेश भराड़िया,श्रवण आंजना,पेंटर चुन्नू भाई,नारायण रेबारी,श्रीमती लक्ष्मी देवी सोलंकी,उषा साहू,सुधा जायसवाल,कंकू देवी नाहर एवं कांग्रेस कार्यालय प्रभारी ज़ाकिर हुसैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन जनप्रतिनिधिगण अग्रिम संगठनों से जुड़े समस्त पदाधिकारीगण गणमान्यजन व आमजन इत्यादि उपस्थित थे।

## शाखा प्रबन्धकों की बैठक सम्पन्न

### बीआरकेजीबी बेहतर ग्राहक सेवा हेतु प्रतिबद्ध



**चित्तौड़गढ़ (पुकार) ।** बैंक की सेवाओं को और बेहतर करने, व्यवसाय समीक्षा तथा बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली शाखाओं का सम्मान करने हेतु बीआरकेजीबी के चेयरमेन वाई.एस ठाकुर द्वारा शाखा प्रबन्धकों की बैठक की अध्यक्षता की। शहर के एक निजी रिसोर्ट में आयोजित इस बैठक में मुख्य अतिथि बैंक महाप्रबंधक वीसी जैन ने प्रतिभागियों को मार्गर्शन दिया। चेयरमेन ठाकुर द्वारा पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम सेव अर्थ फॉर बैटर टू-मारो की भावना के तहत पौधरोपण भी किया गया। उन्होंने सरकार की प्राथमिकताओ एवं ग्राहकों की आवश्यकता के अनुसार वर्ष 2024-25 के लिए बैंक की कार्य योजना के बारे में जानकारी दी तथा बताया कि वर्तमान में राज्य के 30 जिलों में 875 शाखाओं में 3625 स्टाफ सदस्य, 5608 बैंक मित्र, 50 ऑनसाईट एटीएम, 11 मोबाईल वेन विस्तृत नेटवर्क के साथ बैंक ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में 1 करोड़ से अधिक ग्राहको को सेवा उपलब्ध करवा रहा है। 30 सितंबर 2024 को बैंक का व्यवसाय 55,588 करोड़ व शुद्ध लाभ 244 करोड़ रहा। क्षेत्रीय प्रबन्धक कवीश कुमार शर्मा ने बताया कि बैंक के कुल 12 क्षेत्रीय कार्यालय है, जिनमे 1 क्षेत्रीय कार्यालय चित्तौड़ व बूंदी जिले के लिए कार्यरत है। क्षेत्रीय कार्यालय चित्तौड़गढ़ के अंतर्गत चित्तौड़गढ़ जिले में 41 व बूंदी जिले में 25 शाखाये एवं 400 बैंक मित्र , हमारे ग्राहको को सभी बैंकिंग सुविधा उपलब्ध करा रहे है। वित्तीय अर्द्धवर्ष 2024-25 की समाप्ति पर क्षेत्र का व्यवसाय 3931 करोड़ रहा। क्षेत्र की शाखाओं द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजनाओ, सभी प्रकार के लोन व सभी जमा योजनाओं में अच्छा कार्य किया गया। अतिथियों द्वारा विभिन्न पेरामीटर्स में उत्कृष्ट कार्य करने वाली शाखाओं को सम्मानित किया गया। अंत में मुख्य प्रबन्धक विजय भारती कपूर ने आभार व्यक्त किया।

## 'ग्राम गादोला में बाल-दिवस समारोह हुआ आयोजित'



**निंबाहेड़ा,गादोला ।** निंबाहेड़ा में यहां निकटवर्ती गांव गादोला में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन बाल दिवस पर समारोह आयोजित कर मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित हुई व छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रधान वीणा शर्मा ने की। कार्यक्रम में विद्यालय में सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर स्थानीय ग्राम की महिला एवं बाल विकास ग्राम साथिन श्रीमती टीना पड़ियार ने छात्र-छात्राओं को गुड-टच व बेड-टच के बारे में जानकारी प्रदान कर जागरूक रहने का आह्वान किया। संस्था प्रधान वीणा शर्मा ने बच्चों को अपने माता-पिता व गुरू-जनों से कोई बात नहीं छिपाने व अन्य सभी लोगों से सतर्क व जागरूक रह कर दूरी बनाए रखने हेतु उन्हें प्रेरित किया।

## मुख्यमंत्री के नाम सौंपा जिला कलेक्टर को ज्ञापन



**चित्तौडगढ़ (पुकार) ।** ग्रामीण क्षेत्र वाल्मिकी समाज को नगर निकाय , नगर निगम सफाईकर्मी भर्ती 2024 में हिस्सेदारी दी जावें एवं भर्ती में ग्रामीण लोगों को लिया जावें। साथ ही सफाई कर्मी भर्ती में नगर निकाय, नगर निगम ठेकेदारी के अन्तर्गत सफाईकार्य अनुभव की बाध्यता रखी गयी है जो कि ग्रामीण क्षेत्र वाल्मिकी समाज अनुभव प्रमाण पत्र प्राप्त करने मे असमर्थ हैं, गग्रमीण क्षेत्र उपस्थित ग्राम पंचायत , उद्योग , सरकारी अर्द्वसरकारी संस्थान द्वारा दिये गये अनुभव प्रमाण पत्र को भर्ती मे मान्य किया जावें। वर्षो से चली आ रही सफाईकर्मी भर्ती नगर निकाय व नगर पालिका मे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को वंचित रखा गया है भर्ती मे न लेते हुए उन्हें दरकिनार किया गया है। ग्रामीण क्षेत्र मे वाल्मिकी समाज की आर्थिक स्थिति बहुत ही कमजोर एवं रोजगार की कमी होने के कारण वाल्मिकी समाज का भविष्य सुदृढ नही हैं। भीमआर्मी जिलाध्यक्ष संजय लोट ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र वाल्मिकी समाज द्वारा दी गयी उक्त मांगो का निराकरण कर सफाईकर्मी 2024 में ग्रामीण क्षेत्र मे उपस्थित ग्राम पंचायत, सरकारी संस्था, उद्योग आदि का अनुभव प्रमाण पत्र मान्य किया जावें सफाईकर्मी भर्ती में वाल्मिकी समाज को पूरी हिस्सेदारी दी जावें। उक्त मांगे स्वीकार नही करने पर मजबुरन वाल्मिकी समाज मांगे मनवाने हेतु धरना प्रदर्शन व भूख हडताल करने पर मजबुर होगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन सरकार की होगी। ज्ञापन सौपने वालों मे ग्रामीण क्षेत्र वाल्मिकी समाज पंचगण गणेश राठोर, भैरूलाल गारू, गोविन्द लोट, अशोक चन्नाल, प्रभु बेनीवाल, रामदीन कण्डारा, भीम आर्मी से संजय लोट, राहुल पंवार, बन्टी कण्डारा, सोनू छपरीबन्द, महावीर पंवार, अक्षय पंवार, विजय राठौड, दीपक पंवार, अरूण राठोर, आशीष राठोर, लखन पंवार, देवराज पंवार, महिला शक्ति से मधुदेवी, पिंकीदेवी, मांगीबाई , रतनीबाई , कम्मु, आदि मौजूद थे।

## दृष्टिबाधित विद्यार्थी आज खेलेंगे क्रिकेट, तैयारी हुई पूर्ण

**चित्तौडगढ़ (पुकार) ।** जिले में पहली बार आयोजित होगी दृष्टिबाधित विद्यार्थियों की प्रथम राज्य स्तरीय विद्यालयी क्रिकेट प्रतियोगिता। लक्ष्मी लाल स्वर्णकार संयुक्त सचिव दृष्टिहीन क्रीड़ा परिषद अजमेर एवं आयोजन सचिव ने बताया की दृष्टिहीन क्रीड़ा परिषद अजमेर व चित्तौड़गढ़ विक्टर राउण्ड टेबल 361 के संयुक्त तत्वावधान में समग्र शिक्षा के संरक्षण में दृष्टिबाधितों को समाज की मुख्यधारा में समायोजन, समाज में इनके प्रति सकारात्मक सोच का निर्माण, भेदभाव को रोकना, इनके अधिकार एवं क्षमताओं के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से चित्तौड़गढ़ में राजस्थान में संचालित आवासीय विद्यालयों में अध्यनरत दृष्टिबाधित विद्यार्थियों की प्रथम राज्य स्तरीय विद्यालयी क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्घाटन 15 नवंबर 2024 को सांय 4.00 बजे एवं मैच दिनांक 16 व 17 नवम्बर 2024 को प्रातः 9 बजे से खेले जाएंगे।

आयोजन समिति के अध्यक्ष दीपक पगारिया अध्यक्ष सीवीआरटी 361, उपाध्यक्ष आयोजन समिति एवं अध्यक्ष बाबू लाल वसीटा दृष्टिहीन क्रीड़ परिषद अजमेर, जीतू राम जाट सचिव दृष्टिहीन क्रीड़ परिषद अजमेर, सचिव आयोजन समिति लक्ष्मी लाल स्वर्णकार, संरक्षक प्रमोद कुमार दशोरा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा चित्तौडगढ तथा समन्वयन हेमेन्द्र कुमार सोनी संदर्भ व्यक्ति बैंच करेंगे। दीपक पगारिया आयोजन अध्यक्ष ने बताया की इस प्रतियोगिता में राज्य की चार प्रमुख टीमे यथा राजकीय प्रज्ञाचक्षु अंध विद्यालय उदयपुर, राजकीय उच्च माध्यमिक अंध विद्यालय आदर्श नगर अजमेर, राजकीय उच्च माध्यमिक अंध विद्यालय आंगणवा जोधपुर, नेत्रहीन विकास संस्थान उच्च माध्यमिक जोधपुर के दृष्टिबाधित विद्यार्थी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय इन्दिरा गांधी स्टेडियम में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में दृष्टिबाधित खिलाड़ी विशेष प्रकार की बॉल के माध्यम से क्रिकेट खेलेंगे। निर्णायक एवं एम्पायर दृष्टिबाधितों की क्रिकेट के राष्ट्रीय खिलाडी सोनू मेधवाल, संदर्भ व्यक्ति हेमेन्द्र कुमार सोनी के माध्यम से निर्णायक दल के रतन गुर्जर व पारस टेलर के माध्यम से मैच खेले जायेंगे। इसके सफल आयोजन हेतु सीवीआरटी 361 के पूर्व अध्यक्ष रौनक जैन व अनुज इनाणी, उपाध्यक्ष विनीत जैन, सचिव ऋषभ सिसोदिया, कोषाध्यक्ष प्रतिक सिसोदिया, क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष वर्तमान लाल चंद रावत एवं मुकेश वर्मा व अन्य पदाधिकारी, क्रिकेट संघ चित्तौड़गढ़ के अंपायर आदि आयोजन में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर प्रतियोगिता में योगदान प्रदान करेंगे। विजेता टीम को कप, खिलाडियों को प्रमाण पत्र, पुरस्कार एवं प्रतिक चिन्ह प्रदान किये जायेगे।

## सीवरेज मेन्टेनेन्स के कार्यो की जांच के लिए कमेटी का गठन

**प्रतापगढ़ (पुकार) ।** शहर में सीवरेज की मरम्मत और मेंटेनेंस के कार्यो में विभिन्न माध्यमों से अनियमितता की सूचना प्राप्त होने पर व सार्वजनिक कार्यो में उत्तरदायित्वता और पारदर्शित को ध्यान में रखते हुए जिला कलक्टर द्वारा सीवरेज कार्यो की जांच के लिए एक जांच कमेटी का गठन किया गया है। उक्त जांच कमेटी में उपखण्ड अधिकारी प्रतापगढ़ मणीलाल तीरगर को अध्यक्ष एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड-तृतीय प्रतापगढ़ के अधिशासी अभियंता सुरेशचन्द्र मीणा, कार्यालय हाजा संस्थापन अधिकारी प्रहलाद सिंह, जिला कोष कार्यालय के सहायक लेखाधिकारी ग्रेड-प्रथम राजकुमार गर्ग व जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग प्रतापगढ़ के कनिष्ठ अभियंता जितेन्द्र मीणा को सदस्य नियुक्त किया गया है। जिला कलक्टर द्वारा निर्देशित किया गया है कि सीवरेज के कार्यो के संबंध में जांच कमेटी सभी पहलूओं का विश्लेषण कर अपनी रिर्पोट सात दिवस के भीतर प्रस्तुत करेंगी।

## राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नाथी का खेड़ा में बाल दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

**चित्तौड़गढ़ (पुकार) ।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नाथी का खेड़ा में बाल दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक बसंती लाल पंचोली ने बताया कि अध्यापक भूरा राम कुम्हार व शिक्षका प्रीति चास्टा के निर्देशन में जलेबी रेस रस्साकशी कबड्डी , निबंध आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कबड्डी में मीरा दल प्रथम व प्रताप दल द्वितीय रस्साकशी में शिवाजी दल प्रथम व पद्मिनी दल द्वितीय जलेबी रेस में हरीश वैष्णव प्रथम तथा निबंध प्रतियोगिता में दिव्यांशी कंवर प्रथम आरती वैष्णव द्वितीय रही विद्यालय के सभी छात्रों ने किसी न किसी प्रतियोगिता में भाग लिया तथा सभी को पारितोषिक प्रदान किया गया। इस अवसर पर श्याम सिंह चुंडावत एसएमसी अध्यक्ष बजरंगदास वैष्णव कुक कम हेल्पर मंजू कंवर बेबी कंवर आदि उपस्थित रहे।



# सम्पादकीय

## मारक महंगाई

केंद्रीय बैंक व सरकार की तमाम कोशिशों के बावजूद, देश में खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों के चलते खुदरा मुद्रास्फीति पिछले चौदह महीनों की ऊंचाई पर जा पहुंची हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय यानी एनएसओ की ओर से मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार खुदरा महंगाई दर भारतीय रिजर्व बैंक के छह फीसदी के संतोषजनक स्तर से ऊपर निकल गई है। आंकड़ों के अनुसार अक्तूबर में खुदरा मुद्रास्फीति 6.21 प्रतिशत रही। ऐसे में खुदरा महंगाई के आरबीआई द्वारा निर्धारित संतोषजनक स्तर से ऊपर निकल जाने से इस साल दिसंबर में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें कमोबेश धाराशाई हो गई हैं। दरअसल, खुदरा महंगाई में यह वृद्धि सब्जियों,फलों, वसायुक्त वस्तुओं व तेलों की कीमतों में तेजी की वजह से हुई है। जो कि भारत की खाद्य आपूर्ति श्रृंखला में व्याप्त गहरी संरचनात्मक चुनौतियों का खुलासा करती है। साथ ही स्थिति में सुधार के लिये अविलंब सरकारी हस्तक्षेप की जरूरत को बताती है। निश्चित रूप से अक्तबूर की खाद्य मुद्रास्फीति दर का इस साल सबसे अधिक 10.87 फीसदी होना नीति-नियंताओं के लिये चिंता का विषय होना चाहिए। वहीं दूसरी ओर यह बढ़ती महंगाई एक महत्वपूर्ण संकेत भी देती है कि अस्थिर खाद्य कीमतें देश की संपूर्ण आर्थिक स्थिरता को कैसे बाधित कर सकती है। विशेष रूप से टमाटर और तेल जैसी वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी, कुछ प्रमुख वस्तुओं और आयात की जाने वाली चीजों पर देश की निर्भरता हमारी कमजोरी को ही दर्शाती हैं। इसमें दो राय नहीं कि हर साल वर्षा ऋतु में सब्जी उत्पादक राज्यों में अतिवृष्टि, बाढ़ आदि के कारण उत्पादन व आपूर्ति में बाधा उत्पन्न हो जाती है। वहीं अनियमित और ज्यादा बारिश से सब्जी व फलों को होने वाले नुकसान ने बता दिया है कि जलवायु परिवर्तन के घातक प्रभावों ने हमारे दरवाजे पर दस्तक दे दी है। जिसकी आशंका हम कई वर्षों से जताते भी रहे हैं। अब इस चुनौती का युद्ध स्तर पर मुकाबला करने की जरूरत है।

बहरहाल, हमें गंभीरता से विचार करना होगा कि ग्लोबल वार्मिंग प्रभावों से सब्जियों के उत्पादन व आपूर्ति को कैसे सुरक्षित करें। ऐसे वक्त में जब कृषि उत्पादन पर जलवायु परिवर्तन का सीधा प्रभाव नजर आया है, हमें मौसम के चरम में बेहतर उत्पादन देने वाली सब्जियों व अन्य फसलों की उन्नत किस्में तैयार करनी होंगी। साथ ही बेहतर भंडारण सुविधाएं जुटानी होंगी। जिससे बिचौलियों की मुनाफाखोरी पर अंकुश लगाकर कृत्रिम महंगाई को रोका जा सकेगा। हम व्यावहारिक आयात रणनीति को अपनाते हुए सब्जियों व फलों के आपूर्ति पक्ष को मजबूत करें। कालांतर ये प्रयास खाद्य मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाने में मददगार होंगे। हमें औद्योगिक उत्पादन में भी तेजी लाने की जरूरत है ताकि लोगों की आय बढ़ने से क्रय शक्ति में इजाफा हो। हालांकि, सितंबर में औद्योगिक उत्पादन में तीन फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है, लेकिन यह आकांक्षाओं के अनुरूप नहीं है। दरअसल, कम वृद्धि उच्च मुद्रास्फीति के कारण उत्पन्न होने वाले आर्थिक दबाव को कम करने में सहायक नहीं हो सकती है। वहीं औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में यह मामूली वृद्धि हमारी अर्थव्यवस्था में सुस्ती को बताती है। निस्संदेह, मुद्रास्फीति में कमी किए बिना सुधार की गति को बनाये रखने में मुश्किल है। ऐसे में केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दरों में कटौती की संभावना कम होने से उपभोक्ता मांग कम हो सकती है। कालांतर इसका असर निवेश पर भी पड़ सकता है। निश्चित रूप से तीव्र आर्थिक विकास के लिये मुद्रास्फीति के दबावों से उबरने की आवश्यकता है। इसके लिये कृषि उत्पादन व औद्योगिक प्रदर्शन में तेजी लाने की भी जरूरत महसूस की जा रही है। वहीं दूसरी ओर वैश्विक अर्थव्यवस्था में अनिश्चितताओं के बीच सरकार को घरेलू उत्पादन क्षमताओं में वृद्धि करने के प्रयास करने चाहिए। जिससे हमें आपूर्ति श्रृंखला को अनुकूल बनाने में मदद मिल सके। साथ ही खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करना भी जरूरी है। बहरहाल, दीर्घकालीन आर्थिक स्थिरता के लिये जरूरी है कि देश बार-बार मुद्रास्फीति में होने वाली बढ़ोतरी को रोकने के लिये कृषि सुधारों को प्राथमिकता दे। जिससे कमजोर आय वर्ग के परिवारों को बढ़ती कीमतों के दबाव से राहत मिल सके।

## संक्षिप्त समाचार

### रोटरी क्लब मीरा ने पांच अलमारी एवं 500 स्टेशनरी बोक्स वितरित किए

**उदयपुर (पुकार)।** रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर मीरा की ओर से गुरुवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुखेर में पांच अलमारी एवं 500 स्टेशनरी बोक्स वितरित किए। रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर मीरा की अध्यक्षा प्रीति सोगानी ने बताया कि रोटरी मीरा की सदस्याएं नीलम दूबे, वंदना मूथा, डॉ. सोनू जैन, तरूणा माथुर की ओर से राजयकी उच्च माध्यमिक विद्यालय सुखेर में पांच अलमारी एवं 500 स्टेशनरी बोक्स बच्चों को दिए गए। इस अवसर पर अध्यक्षा प्रीति सोगानी ने सम्बोधित करते हुए बच्चों को अच्छी मेहनत के साथ शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढने् हेतु प्रेरित किया तथा कहा कि आगे चल कर सभी को स्वावलंबी बनना है। अपने परिवार, समाज व राष्ट्र का नाम रोशन करना है। साथ ही बच्चों के सर्वांगिण विकास सम्बन्धित वार्ता भी रखी गई। जिससे बच्चों का जीवन स्तर आदर्श बन सके। जैसे ही बच्चों के सामने स्टेशनरी बॉक्स खोले गए बच्चे खुशी से खिलखिला उठे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। इस दौरान विद्यालय के पूरे स्टाफ एवं प्राचार्य शरद कुमार ने सभी रोटरी मीरा की सदस्यों को मेवाड़ी पगड़ी, तिलक व उपरणा ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अध्यक्षा प्रीति सोगानी, सचिव नीलम दूबे, डॉ. मधु सरीन, संगीता देथा, पायल जैन, वंदना मुथा, तरूणा माथुर, डॉ. सोनू जैन सहित कई सदस्याएं मौजूद रही।

### जनजाति खेल अकादमी खेरवाड़ा के छात्रों ने खो खो प्रतियोगिता में पाया प्रथम स्थान

**उदयपुर (पुकार)।** हाल ही में उदयपुर के गांधी ग्राउण्ड में सम्पन्न जिला स्तरीय जनजाति खेलकूद प्रतियोगिता राजकीय जनजाति खेल अकादमी खेरवाड़ा के छात्रों ने खो खो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। साथ ही एथलेटिक्स 200 मीटर दौड़ में रोहित कुमार डामोर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गौरवान्यित किया। यह जानकारी प्रशिक्षक आकाश सिसोदिया ने दी।

### खेरवाड़ा एसडीएम के आदेश से शिक्षकों में रोष, जिला कलक्टर को सौंपा ज्ञापन

**उदयपुर (पुकार)।** उपखंड अधिकारी खेरवाड़ा के द्वारा जारी नियम विरुद्ध आदेश में आपत्तिजनक बिंदु को निरस्त करने को लेकर राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ तथा राजस्थान शिक्षा सेवा प्राध्यापक संघ (रेसला) के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को जिला कलक्टर उदयपुर के नाम एडीएम सिटी को ज्ञापन सौंपा गया। रेसला अध्यक्ष गिरीश चौबीसा के अनुसार खेरवाडा एसडीएम द्वारा हाल ही में एक आदेश जारी कर नीति आयोग द्वारा घोषित आशान्वित ब्लॉक खेरवाड़ा में परीक्षा परिणाम उन्नयन हेतु गाइडलाइन जारी की गई है जिसमें शिक्षकों के समस्त प्रकार के अवकाश सक्षम अधिकारी पीईईओ एवं सीबीईओ के बजाय उपखण्ड अधिकारी द्वारा स्वीकृत कराए जाने का आदेश दिया गया था।

जिससे शिक्षकों में भारी रोष व्याप्त है क्योंकि उन्हें अपना अवकाश स्वीकृत करवाने हेतु खेरवाड़ा मुख्यालय पर आवेदन करना पड़ रहा है और ऐसा नहीं करने पर कुछ शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किए गए हैं। जिससे उन्हें बेवजह मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही शिक्षकों को जारी किए कारण बताओ नोटिस निरस्त कर राहत प्रदान कराने की मांग की है।

इस अवसर पर राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह चौहान , प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन व्यास प्रदेश संगठन मंत्री भेरू लाल कलाल एवं राजस्थान शिक्षा सेवा प्राध्यापक संघ रेसला के सभाअध्यक्ष अंबा सिंह जिलाध्यक्ष गिरीश चौबीसा, जिला महामंत्री ऋषिकेश गमोट , इसके अलावा पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सतीश जैन, रूपलाल मीणा ,कमलेश शर्मा, सुरेश कंडारा ,देवेंद्र मीणा, ललित मीणा, ललित अग्रवाल, जगदीश व्यास, अरविंद निकेश, मुकेश, देवेंद्र सिंह ,अशोक ,सूर्य प्रकाश, कोटेश ,राज कुमार मीणा आदि शिक्षक साथी की उपस्थिति में ज्ञापन सौंपा गया।

जनजातीय गौरव दिवस पर विशेष :

# 'आधुनिक फैशन के दौर में मेवाड़ की जनजातीय पोशाक और आभूषण'

## डिज़ाइनर, फैशन हाउस जनजातीय हस्तशिल्प को शामिल कर रहे हैं अपनी डिजाइन में

**डॉ. डॉली मोगरा**

मेवाड़ की धरती अपने अद्वितीय सांस्कृतिक वैभव और पारंपरिक धरोहरों के लिए विश्वप्रसिद्ध है। यहाँ के जनजातीय समुदाय जैसे भील, गरासिया, मीणा, बंजारा, सहेरिया आदि पारंपरिक परिधान और आभूषणों के माध्यम से अपनी सांस्कृतिक पहचान और वैभव को संजोए हुए हैं। परंपरागत पोशाक और आभूषण न केवल सौंदर्य का प्रतीक हैं, बल्कि इनकी गहराई में हमारी सामाजिक और सांस्कृतिक धरोहर भी बसी हुई है। आधुनिक फैशन के दौर में भी, जहाँ ग्लोबलाइजेशन और वेस्टर्न ट्रेंड्स का प्रभाव बढ़ रहा है, मेवाड़ की जनजातीय पोशाक और आभूषण अपनी प्रासंगिकता बनाए हुए हैं।

आधुनिक फैशन जगत में जनजातीय वेशभूषा का प्रचलन फिर से बढ़ रहा है। विभिन्न डिज़ाइनर और फैशन हाउस जनजातीय कला और हस्तशिल्प को अपनी डिजाइन में शामिल कर रहे हैं। यह जनजातीय समुदायों की कला को एक अंतरराष्ट्रीय मंच पर लाने का काम कर रहा है, जिससे उनकी कला और परंपराओं को एक नई पहचान मिल रही है। फैशन वीक और शो में आदिवासी जनजातीय वस्त्र आजकल देखने को मिलती हैं।

**जनजातीय पोशाक और आभूषण का सांस्कृतिक महत्व :** मेवाड़ के जनजातीय समुदाय अपनी पारंपरिक पोशाक और आभूषणों को पीढ़ियों से धारण करते आ रहे हैं। ये परिधान और आभूषण न केवल शारीरिक सौंदर्य बढ़ाने के लिए हैं, बल्कि ये समाज, धार्मिक मान्यताओं और सांस्कृतिक गर्व का प्रतीक भी हैं।


° **महिलाओं का परिधान :** महिलाएं पारंपरिक घाघरा-चोली और ओढ़नी पहनती हैं, जिसमें रंगीन धागों की कढ़ाई, मिरर वर्क और विशिष्ट डिजाइनों का उपयोग होता है।

° **पुरुषों का परिधान**

पुरुष धोती, अंगरखा और रंगीन पगड़ी धारण करते हैं, जो उनकी सामाजिक पहचान का प्रतीक होते हैं।

° आभूषणों का विशेष महत्व





चांदी के आभूषणों में नथ, कंठी, पायल, कड़े आदि शामिल होते हैं, जो उनकी पारंपरिक पहचान को मजबूत करते हैं और उनके समाजिक और धार्मिक आस्थाओं को भी दर्शाते हैं।

**आधुनिक फैशन में जनजातीय परिधान और आभूषण की प्रासंगिकता**

आज के फैशन जगत में पारंपरिक पहनावे और आभूषणों की ओर लौटने की एक नई प्रवृत्ति देखने को मिल रही है। आधुनिक डिज़ाइनर्स और फैशन प्रेमियों के बीच मेवाड़ के जनजातीय परिधान और आभूषण नए आयामों के साथ लोकप्रिय हो रहे हैं।

**फ्यूजन फैशन का उदय:** फैशन में आज फ्यूजन का चलन बढ़ रहा है, जिसमें पारंपरिक पोशाकों को आधुनिक ट्रेंड्स के साथ मिलाकर पहना जा रहा है। मेवाड़ी जनजातीय परिधान और आभूषण इस फ्यूजन फैशन का प्रमुख हिस्सा बन गए हैं।

**एथनिक स्टाइल:** भारतीय फैशन में एथनिक स्टाइल की प्रासंगिकता हमेशा रही है, लेकिन वर्तमान में यह वैश्विक स्तर पर एक पहचान बना रहा है। विदेशी फैशन प्रेमी भी भारतीय जनजातीय परिधान और आभूषणों में रुचि दिखा रहे हैं।

**हैंडलूम और क्राफ्टेड फैशन:** जनजातीय परिधान हाथ से बने होते हैं, जिसमें स्थानीय कारीगरों का अनूठा कौशल झलकता है। हैंडलूम और हाथ से बने आभूषणों की मांग बढ़ने के कारण मेवाड़ की जनजातीय परंपरा में विशेष रुचि पैदा हो रही है।

**परिधान और आभूषण का आधुनिक फैशन में प्रभाव :** कई फैशन डिज़ाइनर्स जनजातीय पहनावों से प्रेरणा लेकर आधुनिक परिधान बना रहे हैं। उदाहरणस्वरूप, पारंपरिक घाघरे के डिज़ाइनों को स्कर्ट्स और कुर्तियों के साथ मिलाकर आधुनिकता का नया रूप दिया जा रहा है। इसी प्रकार, चांदी के आभूषण जैसे नथ, पायल, और कड़ा का उपयोग वैश्विक फैशन में किया जा रहा है।

**हैंडमेड और इको-फ्रेंडली फैशन में रुचि :** मेवाड़ के जनजातीय परिधान पूरी तरह प्राकृतिक रंगों और कपड़ों से बनाए जाते हैं, जो आज की सस्टेनेबल फैशन इंडस्ट्री के अनुकूल है। पर्यावरण के प्रति बढ़ती जागरूकता के कारण हैंडमेड और इको-फ्रेंडली फैशन में रुचि बढ़ रही है, जिसमें मेवाड़ की परंपरागत वेशभूषा विशेष भूमिका निभा रही है।

**डिज़ाइनिंग उद्योग में फैशन का उपयोग :** देश-विदेश में मेवाड़ की जनजातीय पोशाक और आभूषणों पर आधारित फैशन शो और प्रदर्शनियाँ आयोजित की जा रही हैं। डिज़ाइनर्स इन्हें अपने संग्रह में शामिल कर रहे हैं और इन्हें एक ग्लोबल ऑडियंस के सामने प्रस्तुत कर रहे हैं। इस प्रकार, मेवाड़ी फैशन ने एक नई पहचान बनाई है। आभूषण और पहनावों के माध्यम से इस पारंपरिक फैशन का एक नया बाज़ार बन रहा है।

**जनजातीय फैशन का आकर्षण :** युवा पीढ़ी भी अब अपने पहनावे में परंपरागतता और आधुनिकता का मेल चाहती है। वे फ्यूज़न आउटफिट्स में जनजातीय आभूषणों का इस्तेमाल करते हैं, जैसे चोकर, झुमके, नथ, और हाथ का कड़ा। इन आभूषणों में नई डिज़ाइन के साथ प्रयोग किया जा रहा है, जिससे ये और भी आकर्षक लगते हैं।

**ज्वेलरी में इनोवेशन:** अब कई डिज़ाइनर्स चांदी के आभूषणों में आधुनिक डिज़ाइन का समावेश कर रहे हैं। यह ज्वेलरी आज फैशन का मुख्य हिस्सा बन चुकी है और फैशन शो तथा ब्रांडेड स्टोर्स में प्रदर्शित हो रही है।

**परिधान और आभूषण का संरक्षण और संवर्धन संरक्षण के विशेष प्रयास :** परंपरागत फैशन की पुनरुत्थान में बढ़ती मांग के बावजूद, इन धरोहरों के संरक्षण के लिए विशेष प्रयास आवश्यक हैं।

**कारीगरों को प्रोत्साहन:** स्थानीय कारीगरों को आर्थिक सहायता, प्रशिक्षण और सरकारी प्रोत्साहन के माध्यम से इस कला को सहेजने की आवश्यकता है।

**अध्ययन और अनुसंधान :** मेवाड़ की धरोहर को संरक्षित करने के लिए फैशन और डिज़ाइन संस्थानों में जनजातीय पोशाक और आभूषणों का अध्ययन और अनुसंधान करना आवश्यक है।

**फैशन में पारंपरिकता का समावेश:** डिज़ाइनर्स को नए संग्रह में पारंपरिक डिज़ाइनों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए, जिससे यह धरोहर न केवल आधुनिक फैशन में समाहित हो, बल्कि लोगों के बीच इसकी पहचान भी बनी रहे।

आधुनिक फैशन के दौर में मेवाड़ की जनजातीय पोशाक और आभूषण अपनी पहचान बनाए हुए हैं। यह न केवल फैशन का हिस्सा बन चुके हैं, बल्कि सांस्कृतिक गर्व और भारतीय परंपराओं के प्रतीक भी हैं। आधुनिक डिज़ाइन और फ्यूजन के माध्यम से इन्हें नए रूप में प्रस्तुत कर, हम इन परंपराओं को जीवंत बनाए रख सकते हैं। मेवाड़ के जनजातीय परिधान और आभूषण आधुनिक फैशन में उतने ही प्रासंगिक हैं जितने ये सदियों पहले थे, और उनके संरक्षण के लिए नवाचारी और संस्थागत प्रयास आवश्यक हैं, ताकि यह धरोहर आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बने।

*- इंचार्ज हेड, डिपार्टमेंट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी एंड डिजाइनिंग, सुखाड़िया विश्विद्यालय ,उदयपुर*

# देश के भविष्य को शिक्षा के अवसरों से दिशा दिखाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा हिन्दुस्तान ज़िंक

## जिम्मेदार कार्पोरेट के रूप में कंपनी की परियोजनाओं से 2 लाख से अधिक होनहार लाभान्वित

**उदयपुर (पुकार)।** विश्व की प्रमुख ज़िंक, लेड और सिल्वर उत्पादक कंपनी हिन्दुस्तान ज़िंक देश के भविष्य बनने वाले बच्चों को शिक्षा से दिशा दिखाने में अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहा है। हिंदुस्तान जिंक, एकजिम्मेदार कॉर्पोरेट के रूप में प्रदेश के 2 लाख से अधिक बच्चों को अपनी संचालित विभिन्न शिक्षा परियोजनाओं से उन्हें दिशा दिखाते हुए उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर कर रहा है। आज केबच्चे ही कल के भारत का भविष्य है एवं सभी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य मिल सके इस उद्धेश्य को पूरा करने के लिये प्रदेश के 7 जिलों के स्कूली छात्र छात्राओं को सर्वोत्तम शिक्षा, पोषणऔर स्वास्थ्य सहायता प्रदान करने हेतु प्रयास किये जा रह है जिससे वें मजबूत राष्ट्र और बेहतर कल का निर्माण कर सकें।



**बालविकास परियोजना और नंद घर ने बदल दी आंगनवाडी की परिभाषा :** हिन्दुस्तान ज़िंक द्वारा बच्चों के समग्र विकास के लिये बाल विकास परियोजना का संचालन कर रहा है जिसके तहत् प्रदेश के पांच जिलों उदयपुर, सलूंबर, राजसमंद और चित्तौडगढ़, में 14 आगंनवाडी केंद्रों में आईसीडीएस विभाग के साथ मिलकर बच्चों के सर्वागींण विकास हेतु कार्य किया जा रहा है। परियोजना के तहत आंगनवाडी केन्द्रों पर समेकित बाल विकास योजना द्वारा प्रदत्तसभी 6 मुख्य सेवाओं को मजबूत करना है, जिसमे पोषक तत्वो से पूर्ण पूरक पोषाहार उपलब्ध करवाना, शाला पूर्व शिक्षा का सुचारू क्रियान्वयन, रेफरल सुविधाओं और बच्चों के स्वास्थ्य औरस्वच्छता को बेहतर बनाते हुए समुदाय की भागीदारी को बढ़ाना और बुनियादी निर्माण में सहयोग करना है।

हिंदुस्तान जिंक ने प्रदेश के 15 जिलों में 3292 आंगनवाडी केन्द्रों को क्रमोन्नत करते हुए उन्हें डिजिटल लर्निंग केंद्र के रूप में बदल दिया। इन्हें नन्दघर नाम दिया गया. एक आदर्श नन्दघर में बच्चों केलिए ढेर सारे खिलौने, ई-लर्निंग के लिए स्मार्ट टीवी, साफ पेयजल के लिए आर ओ, बाल अनुरूप शौचालय, बाल सुलभ चित्रकारी, बिजली सहित सुरक्षित माहौल दिया गया। बच्चों और समुदायका केंद्र से लगाव बढ़ाया और परिजनों ने निजी स्कूलों से बच्चों को वापस केंद्र भेजना शुरू किया। आज नन्दघर बच्चों के प्री स्कूल बनकर उभरे हैं।

**शैक्षिक और खेलों के विकास पर बल :** कंपनी के शिक्षा संबल कार्यक्रम के तहत् विज्ञान, गणित और अंग्रेजी विषयों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है। वर्तमान में 72 राजकीय विद्यालयों में 8 हजार से अधिक विद्यार्थी इससेलाभान्तिव हो रहे है इससे कार्यक्रम से विद्यालयों के बोर्ड परिणाम में भी सुधार हुआ हैं। शिक्षा संबल परियोजना में विगत 7 वर्षो में 55 हजार से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हुए है। उंची उड़ानकार्यकम में शिक्षा संबल की नींव पर, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को राष्ट्रीय ख्यातिनाम इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश करने का अवसर प्रदान करन की कोचिंग दी जाती है । अब तक, 300 सेअधिक छात्र इस कार्यक्रम से जुड़े हैं, जो कि जेईई परीक्षा में शामिल हुए है। अब तक 6 बैच के विद्यार्थियों को राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश की सफलता हांसिल हुई है एवं वर्तमान में 3 बैच संचालित है। हिंदुस्तान जिंक का मानना है कि बच्चों के समावेशी विकास के लिए उनके विकास के लिए समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए राजस्थान मेंएक बड़ी पहल जिंक फुटबॉल अकादमी की शुरूआत की है, जो फुटबॉल खेल प्रतिभाओं का निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। ज़िंक फुटबॉल एकेडमी से अब तक 350 विद्यार्थीलाभान्वित हो कर प्रदेश और देश में फुटबॉल के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है।

**सभी के लिए समान अवसर :** हिंदुस्तान जिंक ने हमेशा से सभी छात्रों के लिए बेहतरीन शिक्षा प्रदान करने की प्रतिबद्धता को पूरा किया है। जीवन तरंग कार्यक्रम से विगत 7 वर्षो में 900 से अधिक बच्चों को लाभ मिला है। जोकि दिव्यांग बच्चों और वयस्कों को उनके परिवारों में योगदान देने योग्य बनने के लिए प्रोत्साहित करता है। उनकी शैक्षिक मांगों को पूरा करके, हिंदुस्तान जिंक ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जीवनतरंग परियोजना के माध्यम से, उन्होंने, साथ ही उनके प्रशिक्षकों और माता-पिता ने, सांकेतिक भाषा का प्रशिक्षण प्राप्त किया, जिससे आज वें समाज की मुख्यधारा का हिस्सा है।

**राजकीय विद्यालयों के विकास में योगदान :** राजकीय माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में गणित, अंग्रेजी, व विज्ञान विषयाध्यापकों की अतिरिक्त व्यवस्था, विद्यालयों का जीर्णोद्धार, छात्राओं को रिंगस महाविद्यालय में उच्च शिक्षाहेतु सहयोग, पुस्तकालय व प्रयोगशाला हेतु फर्नीचर एवं सुरक्षा उपकरण, अध्यापको के अध्ययन हेतु पुस्तकें एवं अध्ययन सामग्री, राजकीय अध्यापको हेतु कार्यशाला, ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षणशिविर, शिक्षा संबंल के अन्तर्गत नियुक्त किये गये अध्यापकों का आमुखीकरण प्रशिक्षण, बाल कल्याण केन्द्र के छात्र छात्राओं को शुद्ध पेयजल, गणवेश वितरण, जिला एवं ब्लॉक स्तरीयखेलकुद प्रतियोगिताओं में सहयोग, ब्लॉक स्तरीय विज्ञान मेले में आर्थिक सहयोग, अलग-अलग राजकीय विद्यालयों में कक्षा-कक्षों का निर्माण, बालिकाओं एवं बालकों के लिए शौचालय कानिर्माण, ट्युबवेल लगवाने का कार्य, ग्रिन बोर्ड उपलब्ध कराना, विद्यालयों की छतों पर वाटर प्रुफींग का कार्य, भुमीगत टेंक का निर्माण हेतु सहयोग दे कर शैक्षिक उन्नयन किया जा रहा है।

हिंदुस्तान जिंक जिम्मेदार कॉरपोरेट के रूप में संचालन क्षेत्र के आस पास रहने वाले ग्रामीण और आदिवासी लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्यरत है। कंपनी भारत में शीर्ष 10 सीएसआरव्यय करने वालों में से है और वर्तमान में राजस्थान और उत्तराखंड के 3700 गांवो में 20 लाख लोग लाभान्वित हो रहे है।

# महाराणा मेवाड़ फाउण्डेशन वार्षिक सम्मानों में विद्यार्थी वर्ग की प्रविष्टियां आमंत्रित

**आगामी 2 मार्च 2025 को होगा समारोह**

**30 नवम्बर 2024 तक आवेदन स्वीकार**

**उदयपुर (पुकार)।** महाराणा मेवाड़ चैरिटेबल फाउण्डेशन, उदयपुर द्वारा प्रदान किये जाने वाले महाराणा मेवाड़ फाउण्डेशन का 41वाँ वार्षिक सम्मान समर्पण समारोह 2025 इस वर्ष विद्यार्थी वर्ग के लिए आगामी 2 मार्च को आयोज्य होगा।

महाराणा मेवाड़ फाउण्डेशन वार्षिक सम्मान समर्पण समारोह के संयोजक डॉ. मयंक गुप्ता ने आज बताया कि वार्षिक सम्मानों के तहत भामाशाह सम्मान, महाराणा राजसिंह सम्मान एवं महाराणा फतह सिंह सम्मान हेतु 30 नवम्बर 2024 तक आवेदन आमंत्रित किये जाएगे। सम्मान आगामी 2 मार्च 2025, रविवार को होने वाले 41वें महाराणा मेवाड़ फाउण्डेशन वार्षिक अलंकरण समारोह में फाउण्डेशन के न्यासी डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ द्वारा प्रदान किये जाऐंगे। डॉ. गुप्ता ने बताया कि महाराणा मेवाड़ चैरिटेबल फाउण्डेशन उदयपुर के 41वें वार्षिक अलंकरण समारोह के सम्मानों के लिए विद्यार्थी https://www.eternalmewar.in/uploads/award/mmfaa_student_form.pdf से आवेदन डाउनलोड कर सकते हैं तथा आवेदन पत्र सिटी पैलेस की बड़ी पोल एवं शीतला माता गेट से प्रातः 10 से शाम 4 बजे तक प्राप्त एवं जमा किये जा सकते हैं। संयोजक गुप्ता ने बताया कि विद्यार्थी वर्ग के सम्मानों में बेचलर डिग्री एवं बेचलर लेवल के डिप्लोमा आदि के लिये भामाशाह सम्मान प्रदान किया जाएगा। भामाशाह वीर प्रकृति के पुरुष थे और उन्होंने प्रसिद्ध हल्दीघाटी में मुगल सेना के विरुद्ध युद्ध किया। वे सच्चे स्वामिभक्त, वीर, राज्य प्रबंधक और विश्वासपात्र सेवक थे। उनके नाम से भामाशाह सम्मान के लिये राजस्थान स्थित विश्वविद्यालय के विद्यार्थी तथा राजस्थान के वे मूल निवासी विद्यार्थी जो राजस्थान से बाहर किसी अन्य विश्वविद्यालय से उक्त बेचलर डिग्री या डिप्लोमा वर्ष 2023-24 में पूर्ण किये है, वे भी आवेदन कर सकते हैं।

इसी तरह उदयपुर स्थित विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के वे विद्यार्थी जो खेलकूद एवं शैक्षणिक-सहशैक्षणिक गतिविधियों में इस वर्ष श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया है वे महाराणा राजसिंह सम्मान के लिए आवेदन कर सकते हैं। महाराणा राजसिंह प्रथम मेवाड़ के 58वें एकलिंग दीवान थे। उनका शासनकाल स्वाभिमान और स्वतंत्रता प्रेम के लिए विख्यात रहा। महाराणा राजसिंह ने मुगल बादशाह औरंगजेब के फरमानों के विरुद्ध जाकर श्रीनाथजी, द्वारिकाधीश जी एवं गुसाँई जी परिवार को मेवाड़ में आश्रय देकर राजधर्म निष्ठा का परिचय दिया। इसी तरह महाराणा फतह सिंह सम्मान के लिये उदयपुर स्थित विद्यालयों के वे विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं जिन्होंने वर्ष 2023-24 में 10वीं एवं 12वीं उच्च अंकों से उत्तीर्ण की है साथ ही इन्हीं परीक्षाओं में उत्तीर्ण वे विद्यार्थी भी आवेदन कर सकते हैं जिन्होंने खेलकूद एवं शैक्षणिक-सहशैक्षणिक गतिविधियों में वर्ष 2023-24 में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया हो।

महाराणा फतह सिंह असाधारण प्रतिभा सम्पन्न व्यक्तित्व के धनी थे। कुल गौरव, देशाभिमान, स्वातंत्र्य-प्रेम एवं आत्म सम्मान उन्हें अपने प्राणों से भी प्रिय था। उन्होंने अपने शासन काल के दौरान साधु-संतों के आदर-सत्कार में सहस्त्रों रुपये दान किये। उन्होंने भारतभर में शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हिन्दू विश्वविद्यालय बनारस तथा मेयो कॉलेज के लिए डेढ़-डेढ़ लाख रुपये का दान दिया और इतने ही रुपये भारत-धर्म-महा-मंडल काशी को दिये। महाराणा कर्तव्यबुद्धि, परोपकार वृत्ति एवं कुलाभिमान के कारण बड़े लोकप्रिय हुए।

# उदयपुर जिला अग्रवाल सम्मेलन संस्थान का दीपावली स्नेह मिलन समारोह हुआ संपन्न

**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर जिला अग्रवाल सम्मेलन संस्थान का दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम श्री अग्रसेन नगर के अग्रसेन भवन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश चंद्र अग्रवाल थे। भगवान श्री अग्रसेन जी की एवं माता महालक्ष्मी जी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के पश्चात महा आरती संपन्न हुई। सभी अग्रबंधुओ ने एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाओं का आदान प्रदान किया। प्रारंभ में जिला अध्यक्ष मदन लाल अग्रवाल ने उपस्थित संस्थान के सभी समाजजनों का स्वागत अभिनंदन किया एवं समाज को संगठित करने की दिशा में इस प्रकार के कार्यक्रमों को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि जिला सम्मेलन संस्थान के द्वारा वर्ष पर्यंत विभिन्न कार्यक्रमों एवं सेवा प्रकल्पों के द्वारा सभी की समाज के कार्यों में सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा महिला एवं युवा समिति द्वारा अधिक से अधिक महिलाओं एवं युवाओं को समाज के कार्यक्रमों में जोड़ने का कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यनारायण गुप्ता महामंत्री चंचल कुमार अग्रवाल कोषाध्यक्ष विवेक अग्रवाल महिला समिति संरक्षक सुधा गुप्ता महामंत्री नीतू गुप्ता कोषाध्यक्ष नीलम अग्रवाल, युवा सम्मेलन के अध्यक्ष विक्रम अग्रवाल संरक्षक नवनीत पित्ती ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर धान मंडी अग्रवाल समाज के श्री ओम प्रकाश अग्रवाल उपाध्यक्ष जगदीप मंगल संगठन मंत्री विमल मंगल कार्यक्रम संयोजक रविंद्र अग्रवाल सहसंयोजक राजेश अग्रवाल सह मंत्री सुरेश अग्रवाल नरेंद्र अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, दीपेश मित्तल, राकेश गुप्ता, संजय खेतान, सुशील मेड़तिया, रमेश तायलिया, पूनमचंद मोर, आशा अग्रवाल, गजेंद्र अग्रवाल, नलिन गुप्ता,नितेश अग्रवाल, हनुमान गुप्ता, संदीप गोयल, ज्ञानेश्वर अग्रवाल, भगवती अग्रवाल, शीला अग्रवाल, शारदा अग्रवाल, आशा अग्रवाल, दीपिका अग्रवाल, प्रिया मित्तल, दीपा खेतान, आभा अग्रवाल आदि कई समाजजन उपस्थित थे।

# चिकित्सीय सलाह,नियमित जॉच एवं उपचार द्वारा ही मधुमेह पर नियंत्रण सम्भव

**उदयपुर (पुकार)।** कहा जाता है जिसका स्वास्थ्य उत्तम हो,उसे सर्वसुख की प्राप्ति होती है। लेकिन आधुनिक युग में लोगो की बदलती जीवन शैली के चलते डायबिटीज (मधुमेह) व्यापक महामारी का रूप ले चुका है। बीमारी की व्यापकता को देखकर समुचा विश्व वर्ल्ड डायबिटीज डे मना रहा है। और इसी कडी में पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल मैं आयोजित मधुमेह जनजागरूकता सप्ताह के दौरान गुरुवार को डायबिटीज पर वर्कशाप का आयोजन किया।

इस वर्कशाप का उद्घाटन पीएमयू के चेयरमेन राहुल अग्रवाल, प्रिसिडेन्ट डॉ.एम.एम.मंगल,पीएमसीएच के प्रिंसिपल डॉ.यू.एस.परिहार,चिकित्सा अधीक्षक डॉ.सुनीता माहेश्वरी, मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.वी.के.गोयल, डॉ.गिरीश वर्मा, डॉ.जगदीश विश्नोई,डॉ.नीलेश पतीरा एवं डॉ.वीरेन्द्र चौधरी ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया किया।

इस वर्कशॉप में मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.वी.के.गोयल ने मधुमेह बीमारी के कारण,वर्गीकरण एवं निदान के बारे में बताया तो वही डॉ.जगदीश विश्नोई ने गर्भावस्था में मधुमेह के प्रबंधन एवं निदान के बारे मे विस्तार से बताया। वर्कशॉप में मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉ.गिरीश वर्मा ने मधुमेह की रोकथाम और निवारण के बारे में बताते हुए कहा कि चिकित्सीय सलाह,नियमित जॉच एवं उपचार द्वारा ही मधुमेह पर नियंत्रण सम्भव है।

मधुमेह सप्ताह के दौरान आयोजित वर्कशाप में पैनल डिस्क्शन में न्यूरोलॉजिस्ट डॉ.अतुलाभ वाजपेयी, कॉर्डियोलॉजिस्ट डॉ.सी.पी. पुरोहित, नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ.मोहित नरेडी एवं फिजिशीयन डॉ.शौकत अली बौहरा ने मधुमेह के नए उपचार तरीकों, डायबिटिक रेटिनोपैथी,न्यूरोलॉजिकल एवं कार्डियोमेटाबोलिक रिस्क फैक्टर्स और डिजिटल हेल्थ के उपयोग पर गहन चर्चा की साथ ही भाग लेने वाले चिकित्सकों को नवीनतम शोध और उपचार विधियों के बारे में जानकारी दी गई, जिससे वे अपने मरीजों को बेहतर चिकित्सा प्रदान कर सकें। इस डिस्क्शन को डॉ.आशुतोष सोनी ने मोडरेट किया।

क्विज मास्टर डॉ.निलेश पतीरा एवं डॉ.सौरभ गुप्ता ने बताया कि वर्कशॉप

# स्कॉलरशिप और पालनहार के स्वीकृति प्रमाण पत्र पाकर खिले नन्हें बच्चों के चेहरे

● कलक्टर असावा के नवाचार प्रोजेक्ट श्रम सम्बल और पालनहार विशेष अभियान के तहत लाभार्थी उत्सव का आयोजन ● क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का शुभारंभ- कलक्टर असावा के नवाचार प्रोजेक्ट श्रम सम्बल और पालनहार विशेष अभियान के तहत लाभार्थी उत्सव का आयोजन● क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का शुभारंभ

**राजसमंद (पुकार)।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा के तीन प्रोजेक्ट जिले में एक साथ साकार होते दिखे। विधायक दीप्ति माहेश्वरी के मुख्य आतिथ्य में पीएमश्री जेएनवी परिसर में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में जहां एक ओर जिला कलक्टर के नवाचार प्रोजेक्ट श्रम सम्बल और पालनहार विशेष अभियान के तहत पात्र बच्चों को लाभान्वित किया गया। वहीं क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का भी शुभारंभ हुआ। इस दौरान एसपी मनीष त्रिपाठी सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में एक साथ बड़ी संख्या में बच्चों को निर्माण श्रमिक शिक्षा एवं कौशल विकास योजना में स्कॉलरशिप और पालनहार योजना में आर्थिक सहायता के प्रमाण पत्र सौंप कर लाभान्वित किया गया। प्रमाण पत्र पा कर बच्चों के चेहरे भी खिल उठे। साथ ही क्षमता संवर्द्धन कार्यक्रम के तहत सामान्य ज्ञान पर आधारित पुस्तिका का विमोचन-वितरण हुआ और विधायक दीप्ति माहेश्वरी, जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा और एसपी मनीष त्रिपाठी ने बच्चों से करियर और जीवन के विभिन्न पहलुओं पर संवाद किया।






पदभार संभालते ही असावा ने नवाचारों को किया लागू

गौरतलब है कि बालमुकुंद असावा ने 25 सितंबर को राजसमंद जिला कलक्टर का पदभार ग्रहण किया था और पहले दिन से ही समाज के हर तबके को सरकारी योजनाओं में शत प्रतिशत लाभान्वित करने की अपनी प्रतिबद्धता पर काम किया। एक ओर जहां विशाल स्वच्छता अभियान, प्रोजेक्ट सक्षम सखी का आयोजन किया तो वहीं श्रमिकों के बच्चों के लिए प्रोजेक्ट श्रम संबल, अनाथ बच्चों के लिए पालनहार विशेष अभियान और अब बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए क्षमता संवर्धन कार्यक्रम शुरू किया। कुछ ही दिनों में जिले में इन प्रयासों से सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं।

प्रोजेक्ट श्रम संबल के तहत निर्माण श्रमिकों के बच्चें लाभान्वित

कलक्टर के निर्देशन में प्रोजेक्ट श्रम संबल के तहत मिशन मोड पर निर्माण श्रमिक शिक्षा एवं कौशल विकास योजना से श्रमिकों के बच्चों को जोड़ने का कार्य किया। इस अभियान की सफलता में शिक्षा, ग्रामीण विकास और श्रम विभाग के अधिकारियों ने 24 घंटे तन्मयता से जुट कर अधिकाधिक प्रगति सुनिश्चित की। यह अभियान प्राथमिक तौर पर ग्राम एमड़ी, भाणा से शुरू किया गया था। फिर इसे जिले के अंतिम छोर तक ले जाया जाएगा। जिले में वित्तीय वर्ष 2023-24 में 31 मार्च 2024 तक योजना के अंतर्गत सिर्फ 570 बच्चों के आवेदन स्वीकृत कर 52 लाख की छात्रवृति स्वीकृत की गई थी। लेकिन प्रोजेक्ट श्रम संबल के तहत इस वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल 2024 से गुरुवार तक 4112 आवेदन स्वीकृत कर 3.80 करोड़ रुपए की छात्रवृति की स्वीकृति जारी की जा चुकी है। यह आंकड़ा निरंतर बढ़ता जा रहा है। जिला स्तरीय कार्यक्रम में कई बच्चों -निर्मला, खुशबू, रेखा, चेतना, कुलदीप, राहुल, तरुणा, हंसिका, हर्षित और रेशमा सहित जिले के अलग-अलग हिस्सों से आए अन्य बच्चों को योजना के तहत पंजीकृत होने का प्रमाण पत्र सौंप कर लाभान्वित किया गया।

## खनन ईसी प्राप्त करने में समय सीमा सम्बधी प्रभावी पक्ष रखने पर जताया आभार

### खान विभाग के अतिरिक्त निदेशक से मिला जिला मिनरल्स माइंस वेलफेयर संस्थान तथा जिला मार्बल कटर एसोसिएशन का प्रतिनिधिमण्डल

**राजसमंद (पुकार)।** एनजीटी द्वारा जिला स्तरीय ईसी को निष्प्रभावी किए जाने के मामले में उच्चतम न्यायालय में लीजधारकों को एवं स्थानीय व्यापार को दुष्प्रभाव से राहत दिलाने के लिए खान विभाग द्वारा प्रभावी पक्ष रखे जाने पर जिला मिनरल्स माइंस वेलफेयर संस्थान तथा जिला मार्बल कटर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमण्डल ने खान विभाग के अतिरिक्त निदेशक दीपक तंवर से भेंट कर आभार व्यक्त किया। साथ ही माइंसों के लिए प्रस्तावित ड्रोन सर्वे के अव्यवहारिक पक्ष पर विस्तार से चर्चा की तथा खनिज नीति की रूपरेखा तय करने में विभागीय अधिकारियों की ही प्रभावी भूमिका तय किए जाने सम्बधी विषय पर भी व्यापक चर्चा हुई। इस दौरान उदयपुर चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष मांगीलाल लुणावत, हिमांशु कौशल, मिनरल्स माइंस वेलफेयर संस्थान के अध्यक्ष नानालाल सार्दुल, जिला मार्बल कटर एसोसिएशन के अध्यक्ष नानालाल सिंधल, पुष्पकांत बडगुर्जर, हेमराज जनकपुरी, जगदीश तेली, कैलाश नागर, लोकपाल सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



## कार्तिक पूर्णिमा पर जिले भर के जिनालयों में होंगे ध्वजा परिवर्तन

**डूंगरपुर(पुकार)।** श्री जैन श्वेताम्बर मूर्ति संघ द्वारा कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर जिले भर के जिनालयों में ध्वजा परिवर्तन के साथ साथ सिद्धांचल पटट वंदना, साधु संतो का चार्तुमास परिवर्तन तथा बनकोड़ा स्थित रत्नागिरी पर्वत पर पूण्य विमल जी महाराज की जयंती के अवसर पर मेला भरा जायेंगा।

कार्तिक पूर्णिमा को लेकर शुक्रवार को प्रातः जिले भर के जिनालयों में अभिजीत मुहुर्त में मंदिरो के शिखरों पर ध्वजा का परिवर्तन होगा वही नेमिनाथ मंदिर में चार्तुमास हेतु विराजित मुनि रत्नसागर जी एवं पवित्र रत्नसागर जी का चार्तुमास परिवर्तन प्रातः 7.30 बजे होगा। जिसके तहत श्रीसंघ के सानिध्य में नेमिनाथ मंदिर से गाजे बाजे के साथ न्यू कॉलोनी लाभार्थी परिवार पंकज चिमनलाल मेहता के यहां ससंघ जायेंगे। जहां पर सिद्धांचल पटट की वंदना सहित गुरू वंदन व व्याख्यान होगा। इधर नेमिनाथ मंदिर,घाटी स्थित पार्श्वनाथ मंदिर, महावीर स्वामी मंदिर, फौज का बड़ला स्थित शांतिनाथ मंदिर, माणक चौक स्थित आदिनाथ मंदिर में ध्वजा परिवर्तन के कार्यक्रम लाभार्थी परिवारों के सानिध्य में किया जायेगा।

## लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की शताब्दी वर्ष पर होंगे 6 दिवसीय कार्यक्रम

**राजसमंद (पुकार)।** पुण्य श्लोका लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की शताब्दी वर्ष समारोह समिति की बैठक बुधवार को राउमावि में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 1 दिसंबर से 6 दिसंबर तक छह दिवसीय कार्यक्रम होंगे। जिसमें 25 नवंबर से 30 नवंबर तक गृह संपर्क अभियान चलेगा। 1 दिसंबर सुबह 9 बजे अहिल्या कुंड नाथद्वारा में पुष्पांजलि देंगे। उसके बाद शाम 7 बजे ऑडोटियोरियम में सभा होगी। 2 दिसंबर सुबह 10:30 बजे राउमावि नाथद्वारा में विद्यार्थी रैली होगी। शाम 5 बजे ऑडोटियोरियम में शैक्षणिक संस्थान सांस्कृतिक प्रस्तुति कार्यक्रम होगा। 3 दिसंबर रसाला चौक में रात 8 बजे कवि समेलन किया जाएगा। 4 दिसंबर को रसाला चौक नाथद्वारा में रात 8 बजे भजन संध्या होगी। 5 दिसंबर शाम 6 बजे अहिल्या कुंड पर दीपोत्सव व 6 दिसंबर दोपहर 12:15 बजे रसाला चौक में शोभायात्रा व कलश यात्रा व दोपहर 3 बजे विराट हिंदू सम्मेलन किया जाएगा। जिला विभाग संघ चालक फतहचंद सामसुखा ने बताया कि अहिल्याबाई होल्कर को धर्म व पुरुषार्थ की प्रतीक होकर देवी अहिल्याबाई राजमाता भी थी परंतु उनका परिचय पुण्यश्लोका है। क्योंकि उनके जीवन में पुण्य कर्मों के अतिरिक्त कुछ भी नहीं था।



## अन्य विभागों के काम शिक्षा विभाग पर थोपने का विरोध

### राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने भेजा मुख्यमंत्री को पत्र

**राजसमंद (पुकार)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिलाध्यक्ष सतीश आचार्य ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, प्रभारी मंत्री प्रेमचंद बैरवा और स्थानीय विधायकों को पत्र भेजकर प्रशासन द्वारा अन्य विभागों के कार्य शिक्षा विभाग पर थोपने और उच्चाधिकारियों द्वारा अनुशानात्मक कार्यवाहियों की धमकियों का विरोध करते हुए शिक्षकों को इन गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त रखने की मांग की। संगठन के जिला मीडिया प्रभारी राजेंद्रसिंह चारण और जिलाध्यक्ष सतीश आचार्य ने बताया कि ई-श्रमिक छात्रवृति और पालनहार जैसी योजनाओं का लाभ छात्र छात्राओं को दिलाने में शिक्षा विभाग सहयोगी की भूमिका में रहना चाहिए। छात्र-छात्राओं को अध्ययन प्रमाण पत्र उपलब्ध करवाना शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी है। मगर श्रम विभाग और पंचायती राज विभाग के इन कामों को पूरी तरह शिक्षा विभाग पर डाल देना अनुचित है। रोज रोज इन कामों को लेकर उच्चाधिकारी कार्यवाहियों की धमकियां देते हैं, जो कि शिक्षा विभाग का काम ही नहीं है। इन कार्यों के लिए सर्वे करने से लेकर ऑन लाइन आवेदन तक की पूरी जिम्मेदारी शिक्षा विभाग पर डाल दी गई है और उसे पूरा करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। अनेक अधिकारियों ने तो आकस्मिक अवकाश लेने पर भी रोक लगाने के मौखिक आदेश जारी किए हैं जो न्यायोचित नहीं है। जिससे शिक्षक समाज में रोष व्याप्त है और इसके कारण शिक्षा विभाग के कर्मचारियों को अनावश्यक मानसिक दबाव झेलना पड़ रहा है, जिससे उनकी कार्यक्षमता प्रभावित होती है। आगामी समय में अर्द्ध वार्षिक परीक्षा और बोर्ड की परीक्षाएं भी सिर पर है और शत प्रतिशत पाठ्यक्रम पूरा करने का दबाव भी है और इन कामों से अगर परीक्षा परिणाम प्रभावित होता है तो जिम्मेदारी शिक्षक की तय की जाएगी। ऐसे में मौखिक आदेशों से ये गैर शैक्षणिक कार्य करवाना अनुचित है। प्रशासन ने यह रवैया नहीं बदला तो हर स्तर पर इसका विरोध किया जाएगा।

पंचायत स्तर पर आधार संशोधन शिविर लगाए जाएं

पत्र में मांग की गई कि आधार जनाधार के संशोधन की जटिलता के कारण छात्र-छात्राओं को अनेक सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता अभिभावकों का असहयोग, अभिभावकों के बार-बार नंबर बदलने से ओटीपी संबंधित असुविधाएं, आधार संशोधन केंद्रों की चक्कर लगवाने की प्रवृत्ति जैसे कारणों का सरलीकरण करके पीईईओ स्तर पर आधार जनाधार संशोधन शिविर लगाए जाएं, जिससे तय समय में संशोधन हो जिससे उन्हें सरकार की मंशा के अनुसार लाभ प्राप्त हो सकें।

## कलक्टर ने जिला कारागृह किया निरीक्षण

**राजसमंद (पुकार)।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने गुरुवार को जिला कारागृह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी बंदियों की परेड ली और उनकी समस्याओं को सुना। किसी भी बंदी ने कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई। कलेक्टर ने जेल की सभी बैरकों, रसोईघर का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने जेल की सफाई व्यवस्था और बंदी अनुशासन को संतोषजनक पाया। उन्होंने जेल में बंदियों को दिए जाने वाले भोजन का भी स्वयं मुआयना किया। इससे पहले निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर का जेल उपाधीक्षक हेमंत कुमार सालवी ने पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया। जेल के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की मेहनत की सराहना करते हुए कलेक्टर ने जेल की समस्त व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया।



## राजेश कुमार व्यास दूसरी बार निर्विरोध आईटी संघ के जिलाध्यक्ष निर्वाचित

**राजसमंद (पुकार)।** राजस्थान अधीनस्थ कम्प्यूटर कर्मचारी संघ राजसमन्द के जिलाध्यक्ष पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए। जिसमें एक ही आवेदन प्राप्त होने से राजेश कुमार व्यास को लगातार दूसरी बार निर्विरोध निर्वाचित किया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी मोनिका माण्डावत ने निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष की घोषणा कर निर्वाचन प्रमाण-पत्र सौंपा। आईटी संघ के कर्मचारियों ने व्यास को निर्विरोध निर्वाचित होने सम्मान किया। जिलाध्यक्ष व्यास ने बताया कि आईटी संघ के कार्मिकों की समस्याओं का निराकरण करवाने के लिए राज्य सरकार एवं विभाग के स्तर पर हर संभव प्रयास किए जाएंगे और संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस दौरान संगठन के संरक्षक विद्या जीनगर, सदस्य गोपाल यादव, विश्वास गिरी गोस्वामी, कमलेश कुमावत, राकेश कुमार, विष्णु वैष्णव सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।



# 31वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

## कृषि के साथ प्रसंस्करण को अपनाकर किसान अपनी आमदनी बढ़ाएं : डॉ अजीत कुमार

**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्यालय स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र पर 31वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक गुरुवार को हुई। कार्यक्रम के आरंभ में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र डॉ पी.सी रेगर ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। बैठक की अध्यक्षता कुलपति महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर डॉ अजीत कुमार कर्नाटक ने की। डॉ अजीत कुमार ने बताया कि किसान कृषि के साथ प्रसंस्करण की नवीन तकनीकों को अपनाकर अपनी आमदनी बढ़ायें तथा फल एवं सब्जी की उपयोगिता एवं उत्पादान के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। निदेशक प्रसार शिक्षा निदेशालय उदयपुर डॉ आरएल सोनी ने बताया कि किसान तकनीकी ज्ञान को अपना कर उन्नत बागवानी एवं सब्जी उत्पादन द्वारा अधिकतम उपज प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। निदेशक अटारी जोधपुर, जोन-द्वितीय डॉ जेपी मिश्र ने सभी विभागों के अधिकारियों का आह्वान किया कि दूर-दराज में बैठे हुये किसानों को पूरा-पूरा तकनीकी लाभ मिले, उसके लिये सभी विभाग मिल बैठकर कार्ययोजना तैयार करें एवं कृषि विज्ञान केन्द्र को अवगत कराएं ताकि उसके अनुसार प्रशिक्षण आयोजित कराया जा सकें। साथ ही उन्होंने केन्द्र पर क्रॉप केफिटेरिया स्थापित करने एवं कृषि के नवीन संचार माध्यमों की उपयागिता के बारे में बताया। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र डॉ. पी.सी रेगर ने बैठक में वर्ष 2023-24 के वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन तथा वर्ष 2024-25 की कार्य योजना प्रस्तुत की। बैठक में संयुक्त कृषि विस्तार विनोद जैन ने समन्वित कृषि प्रणाली को बढ़ावा देने के बारे में तथा अधिक उत्पादन देने वाली एवं कम अवधि वाली किस्मों की प्रदर्शनी लगाने के बारे में बताया। जिला कृषि विभाग आत्मा परियोजना सहायक निदेशक शिवप्रकाश कुम्हार ने उच्च तकनीकी बागवानी के बारे में बताया। पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ जगदीश जीनगर ने एनएलएम योजना अंतर्गत पशु पालन इकाई स्थापित करने के बारे में बताया। जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड आशीष जैन एवं एलडीएम प्रेम शंकर जीनगर, ऋतु अग्रवाल ने किसान क्रेडिट कार्ड एवं कृषि ऋण के बारे में बताया। राजीविका के मुकेश कुमार नवल ने खाद्य प्रसंस्करण तथा मूल्य संवर्धन के बारे में बताया। बैठक से पूर्व केन्द्र पर बकरीपालन प्रदर्शन इकाई एवं कृषि यंत्र प्रदर्शन इकाई का उद्घाटन कुलपति से कराया गया। बैठक के बाद 11 जनजाति महिला कृषकों को बीज भंडारण कोठी प्रदान की गई। धन्यवाद डॉ पी.सी रेगर ने ज्ञापित किया।



## विधायक दीप्ति ने लाडपुरा में विधायक कल्पनादेवी से की भेंट

**राजसमंद (पुकार)।** विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कोटा प्रवास के दौरान लाडपुरा (कोटा) विधानसभा क्षेत्र से विधायक कल्पनादेवी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों विधायकों के बीच सौहार्दपूर्ण संवाद हुआ। दीप्ति माहेश्वरी ने विधायक कल्पनादेवी को श्रद्धा के प्रतीक स्वरूप प्रभु श्रीनाथजी की छवि भेंट की। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने विधायक कल्पनादेवी के कार्यालय में स्थित प्राचीन श्री चौमुखा महादेव मंदिर में देवाधिदेव महादेव के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान सांगानेर (जयपुर) के पूर्व विधायक अशोक लाहोटी भी मौजूद रहे। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि श्री चौमुखा महादेव मंदिर का ऐतिहासिक महत्व है और यहां आकर आशीर्वाद प्राप्त करना एक विशेष अनुभूति है। इस भेंट के समय जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर विकास कार्यों और समाज कल्याण से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की गई।



विधायक दीप्ति ने मेवाड़ के पूर्व महाराणा महेंद्र सिंह मेवाड़ के निधन पर जताया शोक

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने मेवाड़ के पूर्व राजघराने के महाराणा महेंद्रसिंह मेवाड़ के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने उनके निवास पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की और महाराणा महेंद्रसिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। विधायक ने नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह और राजसमंद सांसद महिमा कुमारी से भी संवेदनाएं प्रकट की और कहा कि महाराणा महेंद्रसिंह मेवाड़ के जनप्रिय और श्रद्धेय व्यक्तित्व थे। जिनका समाज और संस्कृति में विशेष योगदान रहा है। उनके निधन से मेवाड़ और पूरे राजस्थान में एक अपूरणीय क्षति हुई है। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने परिवारजनों को सांत्वना देते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## सथाना के राउप्रावि में प्लास्टिक चला मुक्त अभियान



**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती सथाना के राउप्रावि में प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत विद्यालय में साफ -सफाई करवाई गई। इस दौरान प्रधानाध्यापक दशरथ सिंह, बीएलओ ओम प्रकाश सेन, अनीशा चौधरी, ओम प्रकाश कीर, कालू शंकर, अजय वैष्णव, दिनेश, अश्विनी चौहान, मनोज कुमार उपस्थित थे।

चौरासी उपचुनाव विशेष

## ग्यारह माह में 7.42 फिसदी गिरा मतदान प्रतिशत

### बरनाडा स्कूल डूंगर में सबसे ज्यादा 91.81 प्रतिशत वोट गिरे, बांकडा में कम 56.81 प्रतिशत

**डूंगरपुर/सीमलवाड़ा(पुकार)।** चौरासी विधानसभा उपचुनाव में बुधवार को शांतिपूर्ण मतदान हुआ। लेकिन इस बार विधानसभा चुनावों के ठीक 11 महीने बाद उपचुनाव में वोटिंग प्रतिशत गिर गया। 7.42 प्रतिशत मतदान में कमी आई है। चौरासी में 74.34 प्रतिशत वोट गिरे है। जबकि 2023 के विधानसभा चुनाव में चौरासी में रिकॉर्ड 81.76 प्रतिशत मतदान हुआ था। इसका असर परिणामों पर भी देखने को मिलेगा।

निर्वाचन विभाग की ओर से बुधवार देर रात को वोटिंग प्रतिशत की फाइनल रिपोर्ट जारी की गई। चौरासी विधानसभा में कुल 10 कैंडिडेट मैदान में थे। जिसके लिए 2 लाख 55 हजार 375 मतदाताओं को मतदान करना था। बुधवार को वोटिंग में 1 लाख 89 हजार 858 वोट गिरे। जो कुल वोटर का 74.34 प्रतिशत है। जबकि 2023 के विधानसभा चुनावों पर नजर दौड़ाए तो यहां 81.76 प्रतिशत की रिकॉर्ड वोटिंग हुई थी।

## राजसमन्द में एकल महिलाओं ने मचाई बहिना दूज की धूम

**राजसमंद(पुकार)।** जन विकास संस्थान और महिला मंच संगठन की ओर से गुरूवार को लक्ष्मी गार्डन जावद में पहली बार बहिना दूज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य एकल महिलाओं को एकजुट करना, एक-दूसरे की सुरक्षा और सहयोग का संकल्प लेना और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में सैकड़ो महिलाओं ने एक-दूसरे को रक्षा सूत्र बांधते हुए सहायता और सुरक्षा का वादा किया। इस अवसर पर महिलाओं के अधिकारों और उनसे जुड़े कानूनी प्रावधानों पर आधारित एक विशेष कानूनी मार्गदर्शिका का विमोचन भी किया गया, जो उनके अधिकारों की जानकारी देने और उन्हें कानूनी सहायता प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगी। कार्यक्रम के दौरान एकल महिलाओं ने अपने संघर्षों की कहानी साझा की और बताया कि कैसे विपरीत परिस्थितियों में एक बहिना, दूसरी बहिना का सहारा बनी है तथा संगठन में जुड़ने के बाद अपने जीवन में आए सकारात्मक बदलावों को बयां किया और एक-दूसरे के साथ खड़े रहने का वादा किया। अतिथियों का संस्थान व संगठन से जुड़ी महिलाओं के ने उपरना पहनाकर व किशोरी बालिकाओं ने स्वागत गीत व नृत्य प्रस्तुत कर स्वागत किया गया। पूर्व न्यायाधीश बसंतीलाल बाबेल ने कहा कि आज का आयोजन अनूठा है, एक नयी सोच है, नया विचार है। भैया दूज पर बहिन द्वारा भाई के तथा करवा चौथ पर पत्नी के द्वारा पति की लम्बी उम्र की कामना की जाती है पर आज पहली बार एक महिला द्वारा दूसरी महिला की मदद करने की प्रतिज्ञा ली जा रही है। इससे महिला एकता को बल मिलता है। महिला पुलिस थाना इंचार्ज संगीता बंजारा ने कहा की जिले से जो यह पहल हुई है इसे आप निरंतर बनाए रखे। इस रक्षा सूत्र की जो मूल भावना है उसे हमें निभाना है। कानून से सम्बंधित मामलों में कार्यवाही के साथ ही हम किशोरियों व महिलाओं को जागरूक करने का काम भी कर रहे है। सभी से अपील करते हुए कहा कि हमें अपने बच्चों पर भी ध्यान रखना चाहिए, आजकल मोबाइल के माध्यम से भी अपराध हो रहे है। पुलिस विभाग अपनी हर तरह की जिम्मेदारियों को निभा रहा है पर फिर भी आमजन को जागरूक रहने की जरुरत है, अपने बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान रखने की जरुरत है। संस्थान निदेशिका शकुंतला पामेचा ने बताया की आज संगठन के रूप में एकल महिलाओं को एक संगठन मिला है जो हर समय बहिना के साथ मजबूती से खड़ा है। इन बहनों की लम्बी लड़ाई का ही परिणाम है की आज उनकी पेंशन 100 रूपये से बढ़कर 1000 रूपये से अधिक हो पाई है। भूपेन्द्रसिंह राजपुत ने संस्थान व संगठन की 21 वर्षो की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए उपलब्धियों को प्रस्तुत किया। पवन उडानी ने बहिना दूज कार्यक्रम के उद्देश्यों को प्रस्तुत किया। रीना शर्मा ने पितृसत्ता पर अपने विचार रखते हुए बताया की हमारे समाज में आज भी पुरुष को प्रधानता मिली हुई है जो कहीं न कहीं महिलाओं को हक व अधिकार प्राप्त करने में आड़े आता है। चंद्रकला शर्मा ने नारे व गीतों के साथ बहिनों के रक्षा सूत्र बंधवाया व बताया की धीरे-धीरे हमें इस शुरुआत को बहुत आगे लेकर जाना है। तेरापंथ राष्ट्रीय जिलाध्यक्ष नीना कावड़िया ने कहा की हमें इस सफर को आगे तक लेकर जाना है, अभी कई बुलंदियों को छूना है, मुसीबत में जो भी बहिना दिखें उसकी मदद करनी है। पूर्व सभापति आशा पालीवाल ने कहा की बहिना दूज शब्द सुनकर ही मन में अजीब से विचार आते है, आमतौर पर हम सोच भी नहीं सकते की बहिनाओ का, बहिनों के लिए, बहिनों के द्वारा भी इतना अनोखा व शानदार आयोजन किया जा सकता है। भारत में नारी को देवी, अबला, शक्ति, कोमल, कमजोर शब्द से जाना जाता है, लेकिन हकीकत यही है की नारी ही शक्ति, नारी ही प्रेम और स्नेह का वास्तविक स्वरुप है। अंत में सभी बहनों ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर व विभिन्न नारे लगाकर जश्न मनाया। संचालन नीता कुमावत ने किया। धन्यवाद संस्थान अध्यक्ष पुष्पा सिंघवी ने ज्ञापित किया।





## संक्षिप्त खबरें...

### राउमावि कलिया बावसी में बाल मेले का आयोजन



**ऋषभदेव,(पुकार)** । उपखंड के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कालिया बावसी मैं बाल मेले का आयोजन किया गया बाल मेले में चम्मच रेस बोरी रेस सहित कई खेलों में बच्चों ने भाग लिया बाल मेले के अवसर पर विद्यालय के छात्रों द्वारा समोसा, पानी पुरी, जलेबी, चाय, कुरकुरे, पैकिंग सामान, पकौड़ी की दुकान लगाई गई । ग्रामीणों और विद्यालय के छात्रों द्वारा खरीदारी की गई ।

### अग्नि हाउस के तत्वाधान में बाल समारोह का आयोजन




**ऋषभदेव,(पुकार)** । स्थानीय महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय ऋषभदेव में अग्नि हाउस के तत्वावधान में गुरुवार को 'बाल समारोह' का कार्यक्रम उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य रेणुका थ्योफ्लस ने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को पुष्पांजलि अर्पित की एवं उनके सिद्धांतों एवं आदर्शों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। विद्यार्थियों ने भी विभिन्न गीत एवं कविताओं के माध्यम से बाल दिवस को रोचक बनाया। इस अवसर पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी उदयपुर महेंद्र जैन, स्कूल शिक्षा, जयपुर से वरिष्ठ A.O. भावना संतानी, कार्यक्रम प्रभारी समसा श्रीमती रश्मि मेहता एव ACBEO-II नाथूलाल सालवी व RP शशिकांत डामोर उपस्थित रहे । जिन्होंने विद्यालय में विभागीय गतिविधियों का निरीक्षण किया। कार्यक्रम के पश्चात विद्यालय के विभिन्न हाउसेज के बीच बैडमिंटन व अन्य खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों द्वारा बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट के तहत कई विद्यालय उपयोगी रचनात्मक सामग्री का निर्माण किया गया। मध्यान्ह पश्चात ऋषभदेव के प्रख्यात जादूगर राज राजू पेंटर द्वारा हैरतअंगेज व मनोरंजक प्रस्तुतियां देते हुए बच्चों को विज्ञान का कला प्रदर्शन में उपयोग का महत्व समझाया। कार्यक्रम का संचालन उत्तम विजयवर्गीय ने किया।

### ट्रैक्टर चोरी के मामले में वांछित एक अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़** । जिला पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ विनीत कुमार बंसल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ बलवीरसिंह और सुनील कुमार जाखड पुलिस उप अधीक्षक वृत पीपलखुंट के मार्गदर्शन में थानाधिकारी सोहनलाल उप निरीक्षक की टीम द्वारा ट्रेक्टर चोरी के प्रकरण में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। दिनांक 16 जुलाई 24 को प्रार्थी परतु पिता नाथु जाति आदिवासी निवासी करमोडा हाल नरूखेडा ने रिपोर्ट पेश की कि दिनांक 13 जुलाई 24 की रात्रि को अपने करमोडा स्थित मकान के बाहर स्वंय का ट्रेक्टर फार्म ट्रेक कम्पनी का खडा किया हुआ था। जिस ट्रैक्टर को रात्रि में कोई अज्ञात बदमाशन चुराकर ले गये। थाना घंटाली पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। अज्ञात अभियुक्तों द्वारा ट्रैक्टर को दिनांक 26 जुलाई 24 को बेडमाता मन्दिर डोजा थाना वरदा जिला डुंगरपुर के पास छोडकर फरार हो गये थे। अज्ञात अभियुक्तों की पुलिस टीम द्वारा लगातार तलाश करते हुए अभियुक्त मुकेश उर्फ डेडा पिता तोलिया निनामा निवासी नालपाडा चीब थाना भुगडा जिला बांसवाडा को दबिश देकर डिटेन किया जाकर पुछताछ की गयी। जिसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। प्रकरण में वांछित सहअभियुक्त कालुराम उर्फ राजु पिता मोतीलाल चरपोटा निवासी कुण्डलीपाडा खुंटडिया ग्रा.पं. मुलिया थाना दानपुर जिला बांसवाडा को उप कारागृह बदनावर जिला धार एमपी से प्रोडक्शन वारंट पर प्राप्त किया जाकर पुछताछ पर अभियुक्त ने चोरी करने की घटना करना स्वीकार किया। अभियुक्त को गिरफ्तार किया जाकर प्रकरण में अनुसंधान जारी है।

### हत्या के मामले में सात अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**प्रतापगढ़** । जिला पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ विनीत कुमार बंसल के निर्देषन में बलवीर सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ और नानालाल सालवी पुलिस उप अधीक्षक वृत धरियावद मार्गदर्षन में थानाधिकारी थाना पारसोला श्री भेमजी उ.नि की टीम द्वारा हत्या के मामले में 7 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। दिनांक 11 नवम्बर को प्रार्थी दामला पिता रामा मीणा निवासी आडफ्ला ओका थाना पारसोला ने एक लिखीत रिपोर्ट पेश की कि दिनांक 7 नवम्बर को दिन में जाखम नहर का पानी आने से सिंचाई के पानी की बात को लेकर मेरे व लक्ष्मण, दशरथ, श्रवण पिता बिजीया वगैरा के बीच कहासुनी हुई थी। इसी काहासुनी के चलते दिनांक 9 नवम्बर को मैं व मेरा पूरा परिवार घर पर थे। दशरथ पिता बिजीया, लक्ष्मण पिता बिजीया, श्रवण पिता बिजीया, राजपाल पिता लक्ष्मण, आर्तिका पुत्री लक्ष्मण, श्रीमती कचरी पत्नी दशरथ, गीता पत्नी लक्ष्मण, थावरा पिता कालिया, पदमा पिता कालिया, कालिया पिता भगाना, श्रीमति जीवली पत्नीकालिया, श्रीमती देवली पत्नी बिजीया, बिजीया पिता दितीया कलासुआ मीणा निवासीयान आड फ्ला आरा मंगरी हाथों में लटठ, पत्थर और सरिया लेकर मेरे घर पर आये और आते ही सभी ने ताबडतोड मारपीट करना शुरु कर दी। मुझे और मेरे परिवार वालों के साथ मारपीट की तो सभी को चोट आयी। मेरे पिताजी बीच बचाव करने आये तो मेरे पिताजी के साथ भी लट्ठ व सरियो से मारपीट की। मेरे पिताजी अचेत हो जमीन पर पडे हुये थे, जिन्है मरा समझ वे लोग भाग गये। मैं और मेरा भाई मेरे पिताजी को पारसोला हॉस्पीटल लेकर आये जहा से उन्हे उदयपुर रेफर किया गया। जिनकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। वगैरा रिपोर्ट पर मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर लाष को वारिसान को सुपुर्द किया गया तथा थाना पारसोला पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। दौराने अनुसंधान वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीम का गठन किया जाकर अभियुक्तों के सकुनत पर दबिश दी गयी तथा प्रकरण में 07 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

### एनडीपीएस एक्ट में फरार आरोपी गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** जिला पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ विनीत कुमार बंसल के निर्देषन में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी में वांछित चल रहे अभियुक्तों की धरपकड अभियान के क्रम में बलवीरसिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ और गजेन्द्रसिंह राव वृत्ताधिकारी प्रतापगढ के मार्गदर्षन में दीपक कुमार उ.नि. थानाधिकारी रठांजना मय जाप्ता द्वारा प्रकरण एनडीपीएस एक्ट थाना हथुनिया में 2 माह से फरार चल रहे अभियुक्त समीर खां पठान को गिरफ्तार किया गया। दिनांक 8 सितम्बर 24 को थानाधिकारी हथुनिया मय जाप्ता के दौराने गष्त मोखमपुरा में अभियुक्त तोहिद पिता मेहबुब खान निवासी गोवर्धनपुरा पुलिस थाना हथुनिया जिला प्रतापगढ के कब्जे से 9.24 ग्राम एमडी जब्त किया जाकर अभियुक्त को गिरफ्तार किया जाकर प्रकरण दर्ज किया गया। प्रकरण में वांछित अभियुक्त फरार चल रहा था। जिसकी तलाष हेतु टीम का गठन किया जाकर अभियुक्त समीर खां पठान को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेष किया जाकर पीसी रिमाण्ड पर लिया गया है।

### संजीवनी सेवा संस्था द्वारा बाल दिवस मनाया

**प्रतापगढ़** । संजीवनी सेवा संस्था द्वारा गुरूवार को बाल दिवस मनाया गया, संस्थान द्वारा संचालित आदिवासी आंचल में निशुल्क शिक्षा केंद्र चालू कर ग्रामीण इलाकों में बच्चो बच्चियों को गुणात्मक शिक्षा निशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है इसके तहत आज बाल दिवस मनाया गया और संस्थान द्वारा बच्चो की शिक्षा को और मजबूत बनाने के लिए सभी संचालिकाओं को संस्थान द्वारा प्रशिक्षण शिविर लगाकर जानकारियां दी जा रही है कार्य ' म समन्वक अमर सिंह ने बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा की पूर्व मंत्री नेहरू की जयंती की याद में बाल दिवस मनाया जाता हैं और उन्होने हमेशा बच्चो बच्चियों की शिक्षा को आगे बढ़ाने का कार्य किया वे उनके जीवन जीने के उपदेशों के बारे में जानकारी दी और कहा कीहम सब को मिलकर बच्चो बच्चियों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने का जो संस्थान द्वारा आदिवासी आंचल में कार्य करने का संकल्प लें रखा है इसको हम सब को धरातल स्तर पर चलाना है और कोई भी शिक्षा स वंचित ना रहे इस प्रण पर ईमानदारी पूर्वक कार्य करते जाना है ।

# फतहनगर में छप्पनभोग के मनोरथ में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब





**फतहनगर (पुकार)** । दीपावली के बाद से चल रहा छप्पनभोग का मनोरथ आज दो मंदिरों पर आयोजित होने के साथ ही इस आयोजन को विराम मिल गया। अन्नकूट का प्रसाद व सब्जी प्राप्त करने के लिए मंदिरों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। इंदिरा कॉलोनी स्थित मंशापूर्ण महादेव मंदिर पर मंदिर विकास कमेटी के तत्वावधान में छप्पनभोग का आयोजन किया गया जिसमें छप्पनभोग के अलावा सब्जी का अन्नकूट वितरण किया गया। यहां महाआरती में कॉलोनी समेत नगर के लोगों ने भाग लिया। महादेव का अभिषेक एवं शिव परिवार को सजाया गया। शिव परिवार के साथ भक्तों ने फोटोग्राफी का भी लुत्फ लिया। कृषि उपज मंडी के समीप स्थित सिद्ध हनुमान मंदिर पर भी आज छप्पनभोग का आयोजन किया गया जिसमें बालाजी के समक्ष विविध व्यंजनों के थाल सजाए गए। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी पंडित ओम प्रकाश शर्मा द्वारा बालाजी की आंगी कर विशिष्ट श्रृंगार किया गया। बालाजी की प्रतिमा को सज्जित कर महा आरती की गई। आरती उपरान्त श्रद्धालुओं ने दर्शन लाभ के साथ ही छप्पनभोग का प्रसाद ग्रहण किया। नगर में इससे पूर्व द्वारिकाधीश मंदिर,अखाड़ा मंदिर एवं विनायक मंदिर पर छप्पन भोग के आयोजन हो चुके हैं। उक्त आयोजन खैंखरे के अवसर से ही शुरू होकर पूर्णिमा तक सम्पन्न कर दिए जाते हैं।

### बाल दिवस पर प्रतियोगिताओं का किया आयोजन,विजेता प्रतिभागियों को किया सम्मानित




**फतहनगर (पुकार)** । बाल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चंगेडी में कक्षा 8से 12वी कक्षा के विद्यार्थियों को डिजिटल और वित्तीय प्रशिक्षण के साथ-साथ क्वीज और चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। उक्त आयोजन एल एण्ड टी फाइनेंस और मंजरी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में डिजीटल सखी परियोजना के तहत किया गया। प्रीति रेगर,किंतल पालीवाल एवं गुंजन रेगर प्रथम रही जबकि ज्योति जाट,मोनिका लौहार एवं डोली पालीवाल द्वितीय तथा नीलम रेगर,सपना रेगर एवं चंदा रेगर तृतीय रही। विजेता प्रतिभागी बालिकाओं को पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी मोहनलाल स्वर्णकार के हाथों से पारितोषिक प्रदान किए गए। इस अवसर पर व्याख्याता माधवलाल गाडरी,प्रभूलाल रेगर,बालिका स्कूल संस्था प्रधान ज्योति यादव,डिजीटल सखी भागवंती जाट,निरमा मेघवाल,आशा सेन तथा बालिका स्कूल एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय का स्टॉफ उपस्थित था।

### फतहनगर मण्डी में तीन दिन नहीं होगी निलामी

**फतहनगर।** स्थानीय कृषि उपज मण्डी समिति में आगामी तीन दिन निलामी कार्य बंद रहेगा। मण्डी सचिव ने इस संदर्भ में बताया कि शुक्रवार को पूर्णिमा अवकाश के चलते एवं अगले दिन शनिवार का एवं 17 अक्टूबर को रविवार का अवकाश रहेगा। अवकाश के दौरान मण्डी में कृषि जिंसों का प्रवेश निषेध रहेगा। सोमवार से पुनः निलामी कार्य सुचारू हो जाएगा।

### ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय ऋषभदेव में पंडित जवाहरलाल नेहरू जयन्ती मनाई




**ऋषभदेव,(पुकार)।** भारत के प्रथम प्रधान मंत्री भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयन्ती विधायक डाक्टर दयाराम परमार के निर्देशन में ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय ऋषभदेव में आज ब्लॉक अध्यक्ष रुपलाल मीणा की अध्यक्षता में समारोह पूर्वक मनाई गई। समारोह में वक्ताओं ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की जीवनी एवं उनके विभिन्न सिद्धान्तों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इससे पूर्व अध्यक्ष रुपलाल मीणा सहित पदाधिकारियों, सरपंचों, कार्यकर्ताओं,ने पंडित जवाहरलाल की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पी सी सी सदस्य जय प्रकाश भाणावत,सरपंच चम्पा लाल मीणा, सोमावत कावरचन्द मीणा , गडावत सरपंच भैरुलाल मीणा, जलपका सरपंच शान्ति लाल मीणा,सेवादल अध्यक्ष मुकेश कुमार जैन,नगरपालिका ऋषभदेव पार्षद दया प्रकाश पहाड़,उप सरपंच लक्ष्मण सिंह मीणा, सहित बडी सख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पर्यावरण कार्यशाला के आयोजन में बताए सिंगल युज प्लास्टिक के खतरे

**फतहनगर (पुकार)** । महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सनवाड में सांस्कृतिक स्रोत प्रशिक्षण केंद्र उदयपुर एवं संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा पर्यावरण कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला के मुख्य अतिथि रतन कुमार चाष्टा थे जबकि विशिष्ट अतिथि सुरेशचन्द्र शर्मा वनपाल रेंज मावली, रवि प्रकाश खारदडिया,रामलाल मीणा आदि थे। कार्यशाला की अध्यक्षता उपप्रधानाचार्य रजनी जोशी ने की। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापक दिनेश आमेटा द्वारा किया। मुख्य वक्ता सीसीआरटी के विशेषज्ञ डॉ. ललित नारायण आमेटा ने स्वच्छ भारत अभियान एवं उसके लक्ष्य पर विस्तृत जानकारी देते हुए स्वच्छ,हरित एवं सर्वोच्च भारत निर्माण पर चर्चा करते हुए सिंगल युज प्लास्टिक उपयोग में नहीं लेने का संकल्प दिलाया एवं भारत सरकार द्वारा एक जुलाई 2022 से प्रतिबंध होने की जानकारी प्रदान की। एक रिसर्च के अनुसार एक बार डिस्पोजल कप से चाय पीने से 120 माइक्रों प्लास्टिक कण शरीर में प्रवेश करते हैं जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता शरीर में कम हो जाएगी तो कैंसर बीमारी को जन्म देती है। सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्प




पर चर्चा करते हुए बताया कि मकई के स्टार्च से बनी कंपोस्टेबल बैग्स का उपयोग करें जोकि भारत सरकार से मान्यता प्राप्त है और 180 दिन में कंपोस्ट में परिवर्तित हो जाती है। यह कंपोस्ट थैली पर्यावरण मित्र होती है। इस अवसर पर वृक्ष महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि एक रिसर्च के अनुसार 1 टन भारवाला पौधा 50 वर्ष में 15 लाख रुपए लाभ पर्यावरण के खाते में डालता है जो प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से मानव जीवन में उपयोगी है। क्षेत्रीय वन कार्यालय से वनपाल सुरेश चन्द्र शर्मा ने पर्यावरणीय रोचक तथ्य प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रतन कुमार चाष्टा ने बताया कि सीसीआरटी द्वारा पर्यावरण कार्यशाला शैक्षिक विस्तार एवं सामुद्रिक पुनर्निवेश में महत्वपूर्ण कारगर सिद्ध होगी। इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्वच्छ पर्यावरण सर्वोच्च भारत निर्माण का संकल्प करवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षा रजनी जोशी द्वारा पर्यावरण हनन की मानवीय गतिविधि से 2050 फिल्म के रोचक तथ्य प्रस्तुत किये और कार्यशाला की समापन की घोषणा की।

# महावीर मॉडर्न पब्लिक स्कूल ऋषभदेव में बाल दिवस समारोह आयोजित




**ऋषभदेव, (पुकार )** । नगर स्थित महावीर मॉडर्न पब्लिक स्कूल में आज बाल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना दीप प्रज्वलित एवं छात्र संसद के विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए की गई। इसके बाद, शिक्षकों ने विभिन्न प्रस्तुतियां दीं, जिनमें समूह गीत, नाटक और समूह नृत्य शामिल थे। नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों के बारे में समझाया गया। विद्यार्थियों ने हैंडबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, अंत्याक्षरी और समूह नृत्य जैसी गतिविधियों में भाग लिया। अकादमी डायरेक्टर सुरेंद्र जैन ने कहां कि'आज का दिन हमारे देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है, जिन्हें बच्चों के प्रति उनके प्रेम और समर्थन के लिए जाना जाता है।' 'बाल दिवस का उद्देश्य बच्चों के अधिकारों और उनके विकास के लिए काम करना है। हमें अपने बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए ताकि वे अपने भविष्य को उज्जवल बना सकें।' प्रधानाचार्या मीनाक्षी जैन ने कहा कि'मैं अपने सभी विद्यार्थियों से कहना चाहती हूं कि वे अपने बाल्यकाल से ही अपने भविष्य का निर्धारण करना शुरू कर दें। अपने लक्ष्यों को निर्धारित करें और उनकी प्राप्ति के लिए मेहनत करें।'हमारा स्कूल आपको इस यात्रा में सहयोग करने के लिए तैयार है। हम आपको शिक्षा, मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान करेंगे ताकि आप अपने सपनों को पूरा कर सकें।' 'आइए, हम सभी मिलकर अपने बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए काम करें।'कार्यक्रम में प्रधानाचार्या मीनाक्षी जैन, अकादमी डायरेक्टर सुरेंद्र जैन, खेल समन्वयक डॉ दिलीप भाणावत, समन्वयक जयदीप सेवक और समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ ।

### रक्तदान महादान सबसे बड़ा जीवनदान

# दिवाकर जयंती पर पुठोली में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर



**चित्तौड़गढ़ (पुकार)** । जगत वल्लभ जैन दिवाकर चौथमल जी महाराज की 147 वीं जन्म जयंती के पावन अवसर पर पुठोली में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में सर्व समाज के लोगों ने बढ़ चढ़ कर भागीदारी निभाते हुए भगवान महावीर के सिद्धांत'जीओ और जीने दो'को फलीभूत किया। रक्तदान करने वालों में 56 वर्षीय दिव्यांग सत्यनारायण टेलर ने पहली बार रक्तदान कर सामान्य और स्वस्थ व्यक्तियों को रक्तदान की पहल करने का संदेश दिया। आजादी के बाद पुठोली में पहली बार आयोजित रक्तदान शिविर को लेकर ग्रामवासियों में विशेष उत्साह रहा।रक्तदान शिविर में 51 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। श्री जैन दिवाकर संगठन समिति चित्तौड़गढ़ की प्रेरणा से आयोजित रक्तदान शिविर संयोजक जैन दिवाकर संगठन समिति पुठोली के वरिष्ठ सदस्य संजय सिंघवी,हंसमुख सिंघवी,मुकेश सिंघवी के कुशल संयोजन में आयोजित रक्तदान शिविर में जैन दिवाकर संगठन समिति चित्तौड़गढ़ अध्यक्ष राजेश सेठिया ने स्वयं रक्तदान कर रक्तदान को महादान बताया। शिविर में जैन दिवाकर संगठन समिति चित्तौड़गढ़ मंत्री सुधीर जैन,कोषाध्यक्ष अनिल पटवारी,वरिष्ठ समाजसेवी राकेश चोपड़ा, निर्मल सेठ,महावीर कांठेड़, सरपंच महिपाल सिंह, मुन्ना भाई वैष्णव, वरिष्ठ श्रावक मनोहर लाल , मदनलाल,रोशनलाल सिंघवी, पंकज पुंगलिया, सुशील पांड्या ,राकेश पुंगलिया, राकेश पांड्या, भावना सिंघवी, सरोज सिंघवी, पूर्णिमा सिंघवी गरिमा सिंघवी आदि सम्मिलित हुए। पुठोली में विराजित संत तिलक मुनि म सा और मनीष मुनि म सा के पावन आशीर्वाद से पहली बार आयोजित रक्तदान शिविर में 51 यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया। चित्तौड़ ब्लड बैंक की टीम ने रक्तदान शिविर की व्यवस्थाएं संपादित की। तिलक मुनि म सा ने इस अवसर पर कहा कि इस संसार में मनुष्य को ही रक्तदान का अवसर मिल पाता है जबकि इस धरा पर कई जीव हैं परन्तु सिर्फ मनुष्य को ही मनुष्य का रक्त चढ़ पाता है इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए । रक्तदान शिविर में महिलाओं ने भी पूरा उत्साह दिखाया।

### आमेट राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में बाल दिवस के उपलक्ष में विभिन्न साहित्यिक खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन



**आमेट (पुकार)** । राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय आमेट में बाल दिवस के उपलक्ष में विभिन्न साहित्यिक खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या डॉक्टर सविता आर्या द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कविता दाधीच ने समारोह में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉक्टर सविता आर्या के भाषण से हुआ जिसके अंतर्गत प्लास्टिक मुक्त भारत के बारे में बताया गया। बाल समारोह के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में साहित्यिक,खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजन में वाद-विवाद, आशु भाषण, निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी, हिंदी शब्दों के अंताक्षरी, खेल कूद प्रतियोगिता मे खो-खो, कबड्डी, चम्मच-दौड़, 100 मीटर दौड़, कुर्सी-दौड़,रुमाल-झपट्टा आदि एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में गायन, ड्रामा आदि में छात्राओं ने भाग लिया। साहित्यिक प्रतियोगिताओं के लिए जेंडर संवेदनशीलता समावेशन अनिवार्य बाल शिक्षा स्वच्छ भारत अभियान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ बाल अधिकार पर्यावरण संरक्षण साइबर सिक्योरिटी प्लास्टिक मुक्त भारत आदि से संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता आयोजन के लिए विद्यालयों के विद्यार्थियों को तीन समूह में बांटा गया प्रथम समूह में कक्षा 1 से 5 के छात्र द्वितीय समूह में कक्षा 6 से 8 तक के छात्र एवं तृतीय समूह में कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों ने भाग लिया प्रत्येक समूह में प्रथम स्थान पर आने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया । कार्यक्रम के अंतर्गत मंच का संचालन कक्ष 9 की छात्रा राजनंदिनी खटीक कक्षा 12वीं की छात्रा प्राची टेलर द्वारा किया गया । इस दौरान एसडीएमसी सदस्य व कार्मिक उपस्थित रहे।

### निशुल्क फिजियोथैरेपी शिविर का समापन



**चित्तौड़गढ़ (पुकार)** । श्री जैन दिवाकर संगठन समिति चित्तौड़गढ़ द्वारा दिनांक 4 नवंबर से आयोजित 11 दिवसीय निशुल्क फिजियोथैरेपी शिविर का समापन चौथमल जी महाराज की 147 वीं जन्म जयंती के पावन दिवस गुरुवार 14 नवंबर को हुआ। जैन दिवाकर संगठन समिति चित्तौड़गढ़ के अध्यक्ष राजेश सेठिया,मंत्री सुधीर जैन,कोषाध्यक्ष अनिल पटवारी,वरिष्ठ श्रावक मनसुख पटवारी,नीलेश पटवारी,ललित बोहरा ,रेखा पटवारी ने शिविर में सेवाएं देने वाली फिजियोथैरेपिस्ट डॉ प्रियंका राजोरा,सहायक लोकेश सिंह सिशोदिया,सुनीता सुथार,विशाल प्रजापत,मीरा छीपा का शाल, उपरना ओढ़ा कर अभिनंदन किया। 11 दिवसीय निःशुल्क फिजियोथेरेपी शिविर में कुल 281 रोगियों ने फिजियोथेरेपी और एक्सरसाइज का लाभ प्राप्त किया।

# जिले भर में मनाया बाल दिवस

## स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन

**राजसमंद (पुकार)।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती सविता इंटरनेशनल स्कूल नांदोली में बाल दिवस पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के पूर्व प्राथमिक स्तर के लगभग 90 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर भाविका कुमावत, लक्ष्य कुमावत, निश्च, श्रुतिका, त्यागी, काव्य मीणा, द्वितीय स्थान पर जोरावर चौधरी, तोशिका कुमावत, वैदिका कुमावत, गर्वित सुथार तथा तृतीय स्थान पर चनेशा कुमावत, रिया कुमावत, करणसिंह रहे। प्रधानाचार्य योगेश चंद्र पूबिया ने बच्चों के प्यारे चाचा नेहरू को उनके असमरणीय योगदान के लिए याद किया। निर्णायक अंजलि पटेल एवं नीलम शर्मा रहे। इस दौरान अंजलि चौहान, संजय पालीवाल, नंदिनी वैष्णव सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित थे। संचालन मुकेश कुमावत ने किया।

बाल दिवस पर बाल मेले का आयोजन

गायत्री पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल धोईन्दा में आयोजित बाल दिवस में विद्यार्थियों ने विभिन्न खाद्य व्यंजन जैसे- पानी पुरी, भैल, पाव-भाजी, सैंडविच, मोमोज, समोसे-कचोरी, ज्युस, लस्सी और राबड़ी सहित 71 स्टॉल्स लगाए। संस्थापक हरि वल्लभ पालीवाल ने बताया कि बाल मेले बच्चों के सामाजिक और व्यावहारिक विकास में अहम भूमिका रखते हैं। ये मेले बच्चें को व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करते हैं। प्रधानाचार्य डॉ गिरीश पालीवाल ने बताया कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म पर बाल दिवस मनाया जाता है। निर्णायक दल के मूल्यांकन के आधार पर सीनियर वर्ग में स्नेहा राठौड़-तमन्ना कुमावत प्रथम, निहाल पालीवाल-तन्मय चौधरी, हार्दिक जांगिड़-पीयूष चारण द्वितीय एवं निखिल कुमावत-नरेंद्र कुमावत तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार जूनियर वर्ग में हरमन पालीवाल प्रथम, रुद्रप्रताप वर्मा द्वितीय तथा उद्धव कुमावत, मितेश सेन, बलवन्त सिंह एवं लक्षिता गुर्जर-गिनी जोशी तृतीय स्थान पर रहे। विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

बाल दिवस पर हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं









गुरु नानक शिक्षण संस्थान नोगामा में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस को बाल दिवस के रूप में मनाते हुए बाल मेला लगाया गया। विद्यालय प्रभारी तिलका टेलर ने बताया कि सर्वप्रथम विद्यालय में बाल सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा के दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित कि। संस्थान निदेशक शांतिलाल कुमावत ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यों एवं आदर्शों को अपने जीवन में उतारते हुए उनके पद चिन्हो पर चलने का आव्हान किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने बाल मेले का आयोजन किया। बाल मेले में विभिन्न प्रकर के व्यंजनों की स्टाल लगाई गई। विद्यार्थियों ने बाल मेले का खूब आनंद लिया। इस दौरान संस्थान निदेशक शांतिलाल कुमावत, संस्थान सचिव संतोष कुमावत, जयेश सुथार, दाखु पालीवाल, रेखा बंशीवाल, त्रिफला कुंवर चौहान, अनीता लोहार, रेणुका पालीवाल, कुंतेश रावत, शिवानी गुर्जर, रेखा गोस्वामी, दीपिका, अभिषेक गौड़, लक्ष्मणसिंह, मुकेश पालीवाल, मुकेश डांगी, कन्हैयालाल, कैलाशचंद्र सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

पंचायत शिक्षा अधिकारी वैष्णव ने पेटीएम की बैठक कर मनाया बाल दिवस

एमडी पीईओ एवं प्रधानाचार्य भानु कुमार वैष्णव ने बाल दिवस पर आम्बावाडी भील बस्ती के नन्हें-मुन्हें बालकों के बीच जाकर शैक्षिक स्तर सुधारने का प्रयास किया। वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक धर्मेन्द्र गुर्जर ने बताया कि राउमावि एमडी में कक्षा 1 से 12 तक आम्बावाडी भील बस्ती में पढ़ने वाले बालक-बालिकाओं के शैक्षिक स्तर में सुधार लाने के लिए शिक्षा आपके द्वार अभियान के तहत उनकी बस्ती में जाकर पेटीएम की बैठक ली। बैठक में प्रधानाचार्य ने बालकों से संबंधित विभिन्न योजनाओं जिसमें श्रमिक कार्ड, आधार कार्ड अपडेटेशन, छात्रवृति योजना, साईकिल वितरण योजना, लेपटॉप योजना, स्कूटी वितरण योजना, मिड-डे-मिल योजना, ट्रांसफर वाउचर, गार्गी पुरस्कार पालनहार योजना की जानकारी देते हुए आव्हान किया कि वे अपने बच्चों को इन योजनाओं का लाभ दिलावें एंव अपने बालक-बालिकाओं का शैक्षिक स्तर सुधारने में अपना सहयोग प्रदान करें। वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक धर्मेन्द्र गुर्जर ने बालक-बालिकाओं को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए, विद्यालय पोषाहार में स्वच्छता के साथ विद्यालय भेजने, खेलकूद में बालक-बालिकाओं की सहभागिता करने, जनजाति बालक-बालिकाओं को स्काउटिंग गाइडिंग केम्प से जोडने वाली योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान श्यामलाल भील, लीलाधर गमेती, कमलेश भील, रामलाल भील, गोपाल भील, लालाराम भील, कालुलाल भील, सीमादेवी, इन्द्रादेवी, सीता भील, मीना भील, मांगी बाई, टम्मु बाई व गंगा देवी उपस्थित थे।

बाल दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

जिला प्राधिकरण अध्यक्ष राघवेन्द्र काछवाल एवं प्राधिकरण सचिव संतोष अग्रवाल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से गुरुवार को पीएमश्री महात्मा गांधी राउमावि (अंग्रेजी माध्यम) राजनगर में राष्ट्रीय बाल दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित कर विद्यार्थियों को विधिक अधिकारों व कानूनी जानकारी प्रदान की गई। प्राधिकरण के कनिष्ठ सहायक हरदीप सिंह व मोहित दान ने प्रथम प्रधानमंत्री पं जवाहरलाल नेहरू द्वारा आधुनिक भारत के निर्माण में योगदान, चाईल्ड हेल्पलाईन नम्बर आदि जानकारी प्रदान की। प्राधिकरण के असिस्टेंट एलएडीसी प्रखर खण्डेलवाल व असिस्टेंट एलएडीसी प्रभावसिंह ने बच्चों को पॉक्सो एक्ट के तहत कानूनी प्रावधान, गुड टच-बेड टच, घरेलू हिंसा से सम्बन्धित कानून, न्यायालय की सामान्य कार्यप्रणाली आदि की जानकारी प्रदान की। इस दौरान विद्यालय में बाल दिवस विशेष मेला आयोजित कर विभिन्न स्टॉलें लगाई गईं। जिसमें बच्चों द्वारा तैयार विभिन्न सामग्रियों की प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के लिए निबंध प्रतियोगिता, चम्मच दौड़ प्रतियोगिता जैसे विभिन्न सांस्कृतिक खेल आयोजित हुई।

नोबल पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया बाल दिवस

नोबल पब्लिक स्कूल भावा में बाल दिवस के उपलक्ष्य में एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

# नि:शुल्क शिक्षण सामग्री वितरण

**सीमलवाड़ा(पुकार)।** महावीर इंटरनेशनल पीठ शाखा द्वारा राज्यपाल पुरस्कृत पीठ कस्बे के स्व. लक्ष्मीलाल भूता की पुण्यतिथि पर उनके सुपुत्र परेश भूता एवं सुनील भूता के सहयोग से मुनिश्री 108 शैलनन्दी गुरुदेव के सानिध्य मे विद्यानिकेतन माध्यमिक विद्यालय पीठ में नि:शुल्क शिक्षण सामग्री वितरण का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्रवीण सिंह चौहान, राजमल कोठारी, गोवर्धन डेचिया, अशोक भूता, मुकेश डेचिया, प्रवीण शाह, भंवरलाल डेचिया, राजकुमार डेचिया उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य जयंतीलाल प्रजापत ने अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम में एम आई के रोशन भूत, दीपक डेचिया, यतिन जैन, अखिल जैन सहित समाज के देवीलाल, गौरव कोठारी, बृजेश भूता, मनीष भूता, कुलदीप कोठारी, कपिल भूता, हार्दिक कोठारी, आशीष जैन, कल्पेश भूता उपस्थित रहे।



सीमलवाड़ा। निशुल्क शिक्षण सामग्री वितरित करते हुए। गुणवंत कलाल

## दान-पुण्य के साथ तुलसी विवाह महोत्सव का समापन

**राजसमंद(पुकार)।** शहर के सौ फीट रोड पर बजरंग चौराहा स्थित बालाजी मंदिर की नवम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित तुलसी विवाह महोत्सव का सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर गुरुवार को दान-पुण्य एवं सेवा कार्य करते हुए समापन किया गया। बालाजी महाराज सेवा समिति के अध्यक्ष कैलाश निष्कलंक ने बताया कि महोत्सव के सभी आयोजन सफलता पूर्वक होने पर गुरुवार को समिति के कार्यकर्ताओं ने दान-पुण्य एवं सेवा कार्य करते हुए समापन किया।

## गुरुकुल में बाल दिवस पर बच्चों ने सीखें व्यापार के गुण

**डूंगरपुर(पुकार)।** विद्यालय गुरुकुल सेन्ट्रल एकेडमी, बोरी में बाल दिवस के उपलक्ष्य में फूड एण्ड फन फेयर का आयोजन किया। जिसमें प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक वर्ग के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न खेल-कूद एवं खाने-पीने की सामग्री के स्टॉल लगाये गये। संस्था प्रधान संध्या पण्ड्या ने बताया कि विद्यालय में बाल दिवस के उपलक्ष्य में फुड़ एण्ड़ फन फेयर का आयोजन किया गया जिसके तहत प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक वर्ग के लगभग 500 विद्यार्थियों ने मिलकर 100 स्टॉल लगाये। स्टॉल में कठपुतली नृत्य, स्टेशनरी, श्रृंगार, विभिन्न खेल जैसे. ब्रेक द ग्लास लाइनए पेपर कप पिरामिडए रिंग थ्रो गेम आदि एवं विभिन्न प्रकार के खाने-पीने की सामग्री जैसे पानीपुरी,भेलपुरी, चना जोर गरम, वडापाव, पेस्ट्री, फ्रुट-जूस, फ्रुट सलाद,सैंडविच, मेगी, क्रीम-रोल, केक इत्यादी के स्टॉल लगाये। विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों एवं अध्यापकों ने मेले का लुफ्त उठाया। मेले का शुभारम्भ संस्था निदेशक शरद कुमार जोशी ने किया। संस्था सहनिदेशक सतीश कुमार जोशी ने बताया कि इस मेले का मुख्य उद्देश्य बच्चों को व्यापार में सामान खरीदना, बेचना एवं मोल-भाव करने के गुण से अवगत कराना हैं। कार्यक्रम में जय दीक्षित, पुर्णाहुति जोशी, नीलम श्रीमाल, मोनिका लोहार, खुशाल जैन, यश श्रीमाल, बुलबुल पंचाल, गोपाल चौहान एवं समस्त अध्यापकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन चन्दन सिंह राव ने किया।

# नवजात शिशुओं की माताओं के लिए वस्त्र वितरण

**डूंगरपुर(पुकार)।** महावीर इन्टरनेशनल वीरा प्रिय दर्शना डूंगरपुर द्वारा स्व. प्रवीण वोरा के जन्मतिथि पर वीरा चन्द्रकला वोरा के सहयोग से मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में नवजात शिशुओं की माताओं के लिए वस्त्रों का वितरण किया गया।

संस्था द्वारा हर माह नवजात शिशुओं की माताओं को संक्रमण से बचाने के लिए वस्त्र एवं नवजात शिशुओं के लिए बेबीकीट का वितरण किया जाता है। इस अवसर पर सामान्य चिकित्सालय से मेल नर्स राकेश शर्मा,वीर सुदर्शन जैन, वीरा प्रियदर्शना की सचिव पुष्पक जैन, चन्द्रकला वोरा,कल्पना वखारिया, निलम दोशी, जया कसारा, विनती जैन आदि उपस्थित रहें।



डूंगरपुर। सार्वजनिक चिकित्सालय के शिशु वार्ड में माताओ के लिए वस्त्र भेंट करते-फोटो सुधीर जैन

# संगठन पर्व को लेकर भाजपा की कार्यशाला सम्पन्न

**डूंगरपुर(पुकार)।** संगठन पर्व को लेकर भारतीय जानता पार्टी कार्यालय में संगठन पर्व की कार्यशाला रखी गई। बैठक की अध्यक्षता भजपा जिला अध्यक्ष ने की एवं सिरोही के पूर्व जिला अध्यक्ष डूंगरपुर संगठन पर्व के प्रभारी नारायण पुरोहित एवं प्रदेश संगठन पर्व के सह प्रभारी सुशील कटारा, संगठन पर्व के सहप्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष गजेंद्र सिंह प्रभु पंड्या, जिला संगठन प्रभारी कमलेश पुरोहित के आतिथ्य में कार्यशाला का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष ने स्वागत उद्बोधन कर अथितियों का स्वागत किया एवं संगठन पर्व को सफ्लता पूर्वक मनाए जाने का आग्रह किया । डूंगरपुर के संगठन पर्व के के सह प्रभारी प्रभु पंड्या ने बताया की संगठन पर्व में संगठन संरचना का जरिया है भारतीय जानता पार्टी एक परिवार है जिसमें किसी भी कीमत पर संगठन में चुनाव की स्थितिया ना बने और किसी भी प्रकार निर्णय मात्र सर्वसहमति से हो क्योंकि इसे संगठन पर्व के रूप में मनाया जा रहा है अतः इसके स्वरूप को भी उसी अनुसार रखा जाए।

जिला संगठन पर्व के प्रभारी नारायण पुरोहित ने संगठन पर्व के बारे आवश्यक दिशा निर्देश दिए जिसमे प्रत्येक मंडल का प्राथमिक सदस्यता रजिस्टर बूथवार और सक्रिय सदस्यों की सूची मंडलवार 2 चरणों में प्रत्येक मंडल इकाई तक समय पर पहुंच जाएए ताकि बूथ समिति स्थानीय समिति का गठन व्यवस्थित तरीके से किया जा सकता है। मंचासीन अतिथि गुरुप्रसाद पटेल, प्रदेश मंत्री एससी मोर्चा के प्रकाश मेघवाल रहे संचालन नानूराम परमार ने किया आभार धनपाल जैन ने व्यक्त किया।



डूंगरपुर। संगठन पर्व की कार्यशाला में शामिल भाजपा कार्यकर्ता। -फोटो चन्द्रमौली चौबीसा

## कनबा में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आज

**डूंगरपुर(पुकार)।** समाजसेवी स्व.श्री मोहनलाल ठठेरा की पुण्य स्मृति में शुक्रवार 15 नवम्बर को कनबा में विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा।

शिविर का आयोजन जागरण जनसेवा मण्डल द्वारा संचालित आचार्य श्री महाप्रज्ञ नेत्र चिकित्सालय वागदरी एवं जिला अंधता निवारण समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

जागरण जनसेवा मण्डल के प्रकल्प प्रभारी हरिश्चन्द्र परमार ने बताया कि कनबा स्थित ग्राम पंचायत भवन में शुक्रवार 15 नवंबर को होने वाले इस शिविर में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक नेत्र रोगियों की जाँच की जाएगी। शिविर में नेत्र ऑपरेशन हेतु चयनित रोगियों के 16 नवम्बर शनिवार को वागदरी स्थित आचार्य श्री महाप्रज्ञ नेत्र चिकित्सालय में ऑपरेशन किए जाएंगे। जोधपुर के प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ महेन्द्र बोराणा फेको पद्धति से ऑपरेशन करेंगे।

जागरण अध्यक्ष डॉ दलजीत यादव ने बताया कि शिविर में नेत्र से सम्बंधित सभी प्रकार की बीमारियों की जाँच की जाएगी। ऑपरेशन हेतु चयनित रोगियों को ऑपरेशन, लैंस, दवाईयां, आवास, भोजन, काला चश्मा आदि सभी सेवाएं नि:शुल्क प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि रोगी के साथ एक सहायक का होना आवश्यक है।

## कोठारी को राजस्थान बैडमिंटन टीम मैनेजर नियुक्त

**सीमलवाड़ा(पुकार)।** निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर के आदेशानुसार 68वीं राष्ट्रीय विद्यालय बैडमिंटन खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत 17 व 19 वर्ष छात्र एवं छात्राओं की प्रतियोगिता जो कि 17 नवंबर से 21 नवंबर तक नर्मदापुरम मध्य प्रदेश में आयोजित होने जा रही है। राजस्थान राज्य के बतौर टीम मैनेजर के रूप में भूपेश कोठारी वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल सीमलवाड़ा को प्रतिनियुक्त किए गये है। कोठारी 17 नवंबर से 21 नवंबर तक अपनी उपस्थिति नर्मदापुरम मध्य प्रदेश में देंगे। कोठारी पूर्व में भी राष्ट्रीय स्तर बैडमिंटन प्रतियोगिता में बतौर प्रशिक्षक कोच का दायित्व निभा चुके हैं। यह जानकारी स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य विधुत सिंह चौहान ने दी ।



भूपेश कोठारी।

# 16 वां अक्षय कुमार अंतर्राष्ट्रीय कुडों प्रतियोगिता

## ●15 वीं राष्ट्रीय कुड़ों प्रतियोगिता एवं 5 वी फैंडरेशन कप कुडों-2024 ●डूंगरपुर के खिलाड़ियों ने फहराया परचम

**डूंगरपुर(पुकार)।** दीनदयाल इनडोर स्टेडियम सूरत में संपन्न खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अनुमोदित एवं कूड़ो इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ इंडिया कीफी द्वारा 5 से 12 नवंबर 2024 तक आयोजित 15 वीं अखिल भारतीय कूड़ो प्रतियोगिता एवं 5 वीं अखिल भारतीय कूडो फेडरेशन कप 2024, दोनों प्रतियोगिताओं की ऑल इंडिया चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कुडों जापानी मिक्स कोम्बेक्ट स्पोर्ट्स के राजस्थान एसोसिएशन के अध्यक्ष व मुख्य प्रशिक्षक शिहान राजकुमार मेनारिया के नेतृत्व में राजस्थान टीम ने पांचवें वर्ष लगातार अपना कब्जा जमाया। डूंगरपुर कुड़ो संघ के अध्यक्ष व कूड़ो प्रशिक्षक सेंसई हितेश जोशी ने बताया कि टीम डूंगरपुर ने 15वीं राष्ट्रीय कूड़ों प्रतियोगिता में 2 स्वर्ण, 4 रजत सहित कुल 6 पदक एवं 5 वी अखिल भारतीय कूड़ो फेडरेशन कप 2024 में 7 स्वर्ण, 1 रजत एवं 3 कांस्य सहित कुल 11 पदक प्राप्त कर टीम राजस्थान की शानदार विजय में अपना योगदान दिया। कूड़ों महासंघ भारत के अध्यक्ष एवं मुख्य प्रशिक्षक हान्शी मेहुल वोरा ने टीम राजस्थान को चैंपियनशिप में विजेता की टॉफियां प्रदान करते हुए शुभकामनाएं दी और आशा जताई कि 2025 में संपन्न होने वाले कुड़ों विश्व कप में भारत के लिए राजस्थान के खिलाड़ी पदक जरूर लाएगें। डूंगरपुर कुड़ों संघ के अध्यक्ष व कूड़ों प्रशिक्षक सेंसई हितेश जोशी ने बताया कि राजस्थान कूड़ों टीम के पुरुष लड़के फाइटर्स, सुरेंद्रसिंह भाटी, कनिष यादव, वेदांत डेंडर, कार्तिक बागड़िया, कृषिव व्यास, आरव शाह, हितंश मीणा, दीपक पारीक, आरव जैन,भौमिक पंड्या, कनिष यादव व ऋषित चौबीसा तथा महिला फाइटर्स में नविका वशिष्ठ, अदिति अहारी, मोक्षिका अहारी, काम्या अहारी व आराध्या सिंह राठौर ने कड़े मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन कर डूंगरपुर का नाम रोशन किया।




डूंगरपुर। 16 वां अक्षय कुमार अंतर्राष्ट्रीय कुडों प्रतियोगिता में डूंगरपुर के खिलाडियों ने फहराया परचम। -फोटो : पुकार

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय बाल दिवस पर विधिक जागरुकता शिविर आयोजित

**डूंगरपुर(पुकार)।** रालसा के तत्वाधान में एवं माननीय अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डूंगरपुर सुनील कुमार पंचोली द्वारा प्रदान किये गये निर्देशों की पालना में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डूंगरपुर द्वारा महिला अधिकारिता विभाग एवं सृष्टि सेवा समिति डूंगरपुर के सामन्जस्य से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फलौज महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय, वागड़ विद्या विहार उच्च माध्यमिक विद्यालय फलौज मे राष्ट्रीय बाल दिवस 14 नवंबर का जागरूकता आयोजित किया गया, जिसमे तीनों विद्यालयों के करीब 700-800 बालक-बालिकाओं को अपनी शिक्षा, मूल अधिकारों, बाल शोषण, बाल विवाह, एवं बाल श्रम की रोकथाम के लिए जागरूकता संदेश देते हुए बाल विवाह की रोकथाम का संकल्प दिलवाया। उक्त बाल दिवस कार्यक्रम मे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डूंगरपुर से अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश कुलदीप सूत्रकार द्वारा सभी बालक बालिकाओं को अपने मूल एवं विधिक अधिकारों की एवं योजनाओं की जानकारी प्रदान की गयीएमहिला अधिकारिता विभाग से सहायक निदेशक मोतीलाल मीणा द्वारा सभी बच्चों को शिक्षा के महत्व की जानकारी दी गई। सृष्टि सेवा समिति से जिला समन्व्यक् सुरेन्द्र ढ़ोली द्वारा बाल विवाह मुक्त गाँव की जानकारी देते हुए बाल विवाह रोकथाम का संकल्प दिलवाया गया। उक्त कार्यक्रम में महिला अधिकारिता विभाग के राकेश वेष्णव जेंडर स्पेशिलस्ट, कमलेश यादव सृष्टि सेवा समिति एवं समस्त विद्यालय स्टाफ् उपस्थित रहे। विद्यालयों के प्रिंसिपल शिवलाल ननोमा, राजेश कुमार जोशी, सुभाषचंद्र राणावत द्वारा राष्ट्रीय बाल दिवस पर अपने अपने विचार व्यक्त किये।

### जवाहर नवोदय विद्यालय समानांतर प्रवेश परीक्षा कक्षा 9वीं व 11वीं के आवेदन 19 तक

**राजसमंद(पुकार)।** जवाहर नवोदय विद्यालय समानातर प्रवेश परीक्षा कक्षा 9वीं व 11वीं सत्र 2025-26 के लिए आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि 30 अक्टूबर को प्रशासनिक कारणों से बढ़ाकर 19 नवम्बर तक कर दी गई है। आवेदन केवल आनॅलाइन माध्यम से ही किए जा सकते हैं। आवेदन के लिए नवोदय विद्यालय समिति वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। जिले के निधारित परीक्षा केन्द्रों पर 8 फरवरी 2025 को परीक्षा आयोजित होगी। कक्षा 9 के लिए कक्षा-8 में अध्ययनरत अभ्यर्थी का जन्म तिथि 1 मई 2010 से 31 जुलाई 2012 के बीच होनी चाहिये (दोनो दिवस शामिल)। यह पात्रता एससी-एसटी व ओबीसी श्रेणियों सहित है। कक्षा 11 के लिए कक्षा-10 में अध्ययनरत अभ्यर्थी का जन्म 1 जून 2008 से 31जुलाई 2010 (दोनों दिवस शामिल) के बीच होना चाहिए। यह जानकारी जनवि प्राचार्य घनश्याम मीणा ने दी।

### उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025

**राजसमंद (पुकार)।** शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की विभिन्न छात्रवृति योजनाओं में यथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अति पिछड़ा वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक पिछड़ा वर्ग, विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय, मिरासी एवं भिश्ती समुदाय तथा मुख्यमंत्री सर्वजन उच्च शिक्षा उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं में राज्य की राजकीय, निजी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं एवं राज्य के बाहर की राजकीय, राष्ट्रीय स्तर एवं मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के पाठ्यक्रमों में प्रवेश, अध्ययनरत (कक्षा 11 व 12वीं के अतिरिक्त) विद्यार्थियों से छात्रवृति आवेदन आमंत्रित किये जाने हैं। विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित करने के लिए छात्रवृति पोर्टल प्रारम्भ किया गया है। आवेदन विभागीय वेबसाइट अथवा एसएसओ पोर्टल पर स्कॉलरशिप एसजेई एप अथवा मोबाइल ऐप एसजेईडी एप्लीकेशन के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। आवेदन पत्र ऑनलाईन पंजीकरण करने, आवेदन पत्र भरने के लिए उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए विद्यार्थियों के द्वारा पेपरलेस ऑफ लाइन आवेदन पत्र पंजीकरण कर ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के लिए पोर्टल प्रारम्भ करने की तिथि 14 नवम्बर 2024 एवं अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 रहेगी।

### राज्य स्तरीय जूनियर वर्ग ओपन कबड्डी ट्रायल रविवार को

**राजसमंद (पुकार)।** 50वीं जूनियर राजस्थान राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता आगामी 7 से 10 दिसंबर को सीकर में आयोजित होगी। बालक व बालिका के जिला दल गठन के लिए चयन व ट्रायल रविवार 17 नवंबर को महात्मा गांधी राउमावि फतेहपुरा सूरज बारी मंदिर के पास राजपुरा में प्रातः 11 बजे आयोजित होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बालक प्रतिभागी की उम्र जन्मतिथि 31 दिसम्बर 2004 के बाद का जन्म हो, वजन 70 किलोग्राम से अधिक ना हो। इसी प्रकार बालिका वर्ग में उम्र 31 दिसम्बर 2004 के बाद व वजन 65 किलोग्राम से अधिक ना हो। योग्यता धारी प्रतिभागी खिलाड़ी इस ट्रायल/चयन में फोटो, मूल निवास, आधार कार्ड, 8वीं/10वीं की अंक तालिका की दो-दो प्रमाणित फोटो प्रति एवं मय कबड्डी किट के साथ चयन के लिए उपस्थित होंवे। यह जानकारी जिला कबड्डी संघ के सचिव दिनेश कुमार सनाढ्य ने दी।

### गेपसागर झील में मिले युवती के शव की हुई शिनाख्त

**डूंगरपुर(पुकार)।** युवती का शव मिलने के मामले में गुरुवार को पहचान हुई। युवती 2 महीने पहले मजदूरी के लिए गुजरात गई थी। बुधवार शाम को मिलें युवती के शव का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौप दिया गया है। वही पुलिस ने पिता की रिपोर्ट पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली थाने के एएसआई सुरेन्द्रसिंह ने बताया कि बुधवार को गेपसागर की पाल पर किसी युवती की चप्पलों के साथ ही चाकू, खून से लथपथ कागज और 30 रुपए मिले थे। इसके बाद पाल पर घूम रहे लोगों ने आस पास के लोगों को सूचना दी। लोगों ने झील में किसी युवती के डूबने का शक जताया। इसके बाद लोग इकट्ठे हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। सिविल डिफेंस की टीम को मौके पर बुलाया गया। सिविल डिफेंस की टीम ने नाव और गोताखोर की मदद से झील की गहराई में तलाश शुरू कर दी। रात को युवती का शव झील में मिला। जिस पर पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने उसकी शिनाख्ती के प्रयास शुरू किए। गुरुवार सुबह पुलिस ने शव की पहचान पातापुर निवासी अनीता कटारा उम्र 18 वर्ष के रूप में की है। शव की पहचान होने पर परिजन पहुंचे। जहां परिजनों ने बताया कि अनिता 2 महीने पहले मजदूरी के लिए गुजरात के अहमदाबाद गई थी। जहां वह एक बंगले पर काम करती थी। वहीं 8 नवम्बर को वह अहमदाबाद से घर के लिए निकली थी, लेकिन वह घर नहीं पहुंची और कल उसका शव झील में मिला। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मुस्कान वात्सल्य धाम में बाल दिवस मनाया

**डूंगरपुर(पुकार)।** मुस्कान वात्सल्य धाम बलवाड़ा में मुस्कान संस्थान द्वारा संचालित मानसिक विमंदित गृह, बालिका गृह, बाल गृह एवं खुला आश्रय गृह मे चाचा पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन के अवसर पर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुस्कान वात्सल्य धाम की सेवा आचार्य भारत गौरव भरत नागदा ने बताया कि संस्थान में आज हमारे देश में प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस के अवसर पर बच्चों ने कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे बालक बालिकाओं को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डाला गया एवं उन्होंने देश की आजादी की लड़ाई से देश को आजाद करने में अपना योगदान देने एवं स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री बनकर देश के विकास के लिए जो योगदानों का स्मरण किया गया। कार्यक्रम में मुस्कान संस्थान के समस्त सेवा धारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विद्यानिकेतन भीलूड़ा में मातृभारती का गठन

**डूंगरपुर(पुकार)।** विद्यानिकेतन माध्यमिक विद्यालय,भीलूड़ा में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, बालिकाओं की सार संभाल करने के लिए विद्यालय की बालिका शिक्षा प्रमुख श्रीमती सीमा जोशी के नेतृत्व में मातृ भारती का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष श्रीमती सीमा जैन, उपाध्यक्ष श्रीमती माया कालोत, मंत्री श्रीमती मीनाक्षी पंचाल, सह मंत्री श्रीमती सारिका सुथार, कोषाध्यक्ष खुशबू पंचाल, प्रचार-प्रसार मंत्री अरुणा यादव, कार्यक्रम मंत्री संध्या पंण्ड्या को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर मातृशक्ति के मनोनीत पदाधिकारियों का ऊपर्णा ओढ़ाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षा संकाय में यूनिटी फॉर रन एवं टीएल एम प्रदर्शनी का आयोजन



**उदयपुर (पुकार)।** शिक्षा संकाय मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय द्वारा टीएल एम प्रदर्शनी एवं यूनिटी फॉर रन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर सुनीता मिश्रा कुलपति मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर डॉ. ब्रज बाला शर्मा, प्राचार्य जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान, डायट उदयपुर, डॉ .दीपाली नागरकोटी सीनियर लेक्चर शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बुझरा, डॉ शोभा राणावत सीनियर सेकेंडरी स्कूल बड़ी ,डॉ. दिग्विजय भटनागर, अध्यक्ष, शिक्षा संकाय, डॉ. अल्पना सिंह शिक्षा संकाय प्रमुख रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया गया। तत्पश्चात बीएड प्रथम वर्ष एवं एकीकृत पाठ्यक्रम द्वितीय वर्ष द्वारा अनिवार्य प्रायोगिक क्रम में टीएल एम का आयोजन किया गया ।जिसमें विद्यार्थियों द्वारा अपने शिक्षण शास्त्र के विभिन्न प्रकरणों पर मॉडल, प्रतिकृति, चार्ट आदि का निर्माण किया । इस शिक्षण सहायक सामग्री का प्रयोग विद्यार्थी अपने पाठ योजना प्रस्तुतिकरण में करते हैं ,जिससे विषय को समझने में विद्यार्थियों को आसानी होती है व इसी क्रम में विभाग के एकीकृत पाठ्यक्रम प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष ,तृतीय वर्ष एवं बीएड प्रथम वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा माननीय कुलपति महोदय द्वारा शपथ कार्यक्रम का आयोजन करने के बाद महाविद्यालय के सभी प्रशिक्षणार्थी एवं प्राध्यापक ने यूनिटी फॉर रन हेतु हरी झंडी दिखाकर दौड़ मेंअपनी सहभागिता निभाई । दौड़ के पूर्व कुलपति महोदय के द्वारा सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए भारत को उन्नति के पद पर ले जाने और उसे शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने हेतु आगे बढ़ाने के लिए दिशा निर्देश दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ मुनमुन शर्मा द्वारा किया गया । कार्यक्रम में सभी संकाय सदस्य एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

### स्काउट-गाइड गतिविधियों का किया अवलोकन



**उदयपुर (पुकार)।** हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य संगठन के उदयपुर स्थित राज्य मुख्यालय पर शासन सचिवालय से शिक्षा विभाग की वरिष्ठ लेखाधिकारी श्रीमती भावना संतानी एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र कुमार बड़ाला ने कार्यक्रम का अवलोकन किया। श्रीमती भावना संतानी, राज्य मुख्यालय आयुक्त के मानद पद पर भी आसीन है। इनके साथ लेखाधिकारी श्रीमती खुशबु एवं कार्यक्रम अधिकारी समस्त शिक्षा, श्रीमती रशमी मेहता भी उपस्थित रही। संगठन के सभाग मुख्यालय आयुक्त (जनसम्पर्क) गौरीकांत शर्मा ने बताया कि मुख्यालय विजिट पश्चात् ''प्रकृति साधना केन्द्र, भीलों का बेदला में कब मास्टर/फ्लॉक लीडर बेसिक कोर्स प्रशिक्षण शिविर का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर श्रीमती भावना संतानी ने बताया कि प्राकृतिक वातावरण में दिए जा रहे इस प्रशिक्षण का भविष्य में बहुत महत्व है, इस दौड़-भाग भरी ज़िन्दगी में जीवन शैली में सुखद व सरल बनाने में ऐसे आयोजनों का होना जरूरी है। शिक्षा अधिकारी बड़ाला ने शिविर की तारीफ करते हुए प्रशिक्षक दल को बधाई दी। इस अवसर पर संगठन के राज्य सचिव नरेन्द्र औदिच्य, राज्य संगठन आयुक्त (स्का.), रिपुदमन सिंह गिल, राज्य संगठन आयुक्त (गा.) श्रीमती कविता जैन, सहायक सचिव (समन्वयक), विजय दाधीच उपस्थित रहें। संचालन प्रदीप मेघवाल ने किया।

### डीपीएस के युवा वैज्ञानिकों का विज्ञान राष्ट्रीय प्रदर्शनी में चयन



**उदयपुर (पुकार)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जयपुर के भारतीय विद्या भवन, विद्या आश्रम में दो दिवसीय क्षेत्रीय स्तर की विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में प्रदेशभर से आए हुए 70 विभिन्न विद्यालयों के लगभग 110 प्रतिभागियों में दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर के दो युवा वैज्ञानिकों ने अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का परचम फहराकर दिसम्बर माह में दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रदर्शनी हेतु अपना नामांकन सुनिश्चित कर दिया है। विद्यालय में विज्ञान की वरिष्ठ अध्यापिका श्वेता सोनी ने बताया कि उनके मार्गदर्शन में कक्षा आठ के अनय वैश और धैर्यश पुरोहित ने वेस्ट मेनेजमेंट थीम के अंतर्गत झीलों की सफाई हेतु निर्मित रोबोट के प्रोजेक्ट को प्रस्तुत कर निर्णायक मंडल के सदस्यों का दिल जीत लिया। प्राचार्य श्री संजय नरवारिया ने बताया कि कुल 70 टीमों में से मात्र 14 टीमों को विजेता घोषित कर राष्ट्रीय स्तर के प्रदर्शनी हेतु चयन किया गया। जिसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर की टीम प्रथम स्थान पर विजेता रही। विद्यालय के लिए यह अत्यंत गर्व की बात है। प्राचार्य श्री संजय नरवारिया ने प्रशिक्षिका श्रीमती श्वेता सोनी, विजेता टीम के छात्रों तथा उनके अभिभावकों को बधाई प्रेषित की। उपप्राचार्य श्री राजेश धाभाई ने भी विजेताओं को शुभकामनाएँ प्रेषित की।

### मेनारिया समाज ने दी मेवाड़ को श्रद्धांजलि



**उदयपुर (पुकार)।** मेनारिया समाज पानेरियों की मादड़ी (माफियान ठिकाना), उदयपुर मेवाड़ के कई समाजजन प्रातः11 बजे परशुराम चौराहे पर एकत्रित होकर प्रभु श्रीएकलिंगजी दिवाण श्रीजी हुजुर महाराणा महेन्द्र सिंह मेवाड़ को श्रद्धांजलि देने समोर बाग पहुंचे। प्रवक्ता कैलाश मेनारिया ने बताया कि श्रीजी हुजुर सरल व्यक्तिव एवं विनम्रता के लिए जाने जाते थे। उनके गोलोकवास से न केवल राजपरिवार एवं सम्पूर्ण मेवाड़ को जो क्षति हुई है व अपूर्णनीय है, इस क्षति की पूर्ति कभी भी संभव नहीं है सम्पूर्ण मेनारिया समाज श्रीजी हुजुर को हृदय की असीम गहराईयों से हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को लिखा पत्र

**उदयपुर (पुकार)।** मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के छात्र प्रतिनिधि, लाडपुरा ग्राम निवासी बनवारी धाकड़ ने गौ माता को राज्य माता घोषित करने के संबंध में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखा। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र सरकार ने गौ माता को राज्य माता घोषित कर पूरे देश में सराहनीय कदम उठाया है। गोवंश को बचाने के लिए राजस्थान में भी गौ माता को राज्य माता घोषित किया जाना चाहिए।

---

जिला प्रशासन का नवाचार : तनाव मुक्तप्रशासन पर कार्यशाला

# समस्या की चिंता नहीं, समाधान पर चिंतन हो





**उदयपुर (पुकार)।** अधिकारियों और कर्मचारियों को तनाव मुक्त रखते हुए उनकी कार्य क्षमता में वृद्धि के लिए जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल ने नवाचार किया। इसके तहत जिला प्रशासन और प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय, उदयपुर केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में तनाव मुक्त प्रशासन विषय पर कार्यशाला गुरुवार को जिला परिषद सभागार में हुई।

कार्यशाला में ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय जयपुर जोन प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्मकुमारी पुनम दीदी ने तनाव प्रबंधन पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि परमात्मा परम प्रशासक है, जो विश्व का संचालन करता है। इसी प्रकार अधिकारी भी प्रशासन व्यवस्था संभालते हैं। ईश्वर ने लोगों की सेवा करने और उनके दुःखों का समाधान करने का अवसर प्रदान किया है। समस्या सर्वत्र होती हैं, लेकिन समस्याओं की चिन्ता के बजाए समाधान पर चिन्तन होना चाहिए। अपने मनोबल को बढ़ाएं तो समस्याएं खेल लगने लगती हैं। उन्होंने ध्यान के माध्यम से अपनी आत्म शक्ति बढ़ाने पर जोर दिया। पूनम दीदी ने स्ट्रेस शब्द के प्रत्येक अक्षर की व्याख्या करते हुए तनाव प्रबंधन के गूर सिखाए। उन्होंने कहा कि लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने का अवसर मिला है, उसका सदुपयोग करते हुए पुण्य अर्जित करें। लोगों की समस्याओं का निस्तारण करने से दुआएं और शुभकामनाएं मिलती हैं। इससे जीवन में स्वतः निखार जाता है। उन्होंने श्रीमद् भगवतगीता का उदाहरण देते हुए कहा कि निष्काम कर्म को ही श्रेष्ठ माना गया है। अच्छे कर्म ही आत्मा की संपत्ति हैं क्योंकि शरीर त्याग के बाद वही साथ आते हैं।

**ध्यान ईश्वर से जुड़ने का माध्यमः** कार्यशाला में ब्रह्मकुमारीज उदयपुर सेंटर प्रभारी ब्रह्मकुमारी रीटा दीदी ने ध्यान का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि ध्यान आत्मा के परमात्मा से जुड़ने का माध्यम है। ध्यान से मन की शांति मिलती है और शांति ही सभी समस्याओं के समाधान का मार्ग प्रशस्त करती है, निर्णय शक्ति बढाने में सहायक होती है। उन्होंने कहा कि हर समस्या का सकारात्मक पहलू भी होता है। आवश्यकता सिर्फ उस पहलू को समझने की है। अंत में रीटा दीदी ने सभी संभागियों को ध्यान का अभ्यास कराया। कार्यशाला में पूनम दीदी ने जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल को स्मृति चिन्ह तथा प्रसाद भेंट किया। कार्यशाला में शामिल सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को भी प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारीज केंद्र राजसमंद की पूनम दीदी, गोगुन्दा केंद्र की रश्मि दीदी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**दुःख और चुनौतियों में फर्क को समझाना चाहिए :कलक्टर**

कार्यशाला में जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने कहा कि प्रशासन में तनाव प्रबंधन का बड़ा महत्व है। स्वयं तनाव में रहेंगे तो उसका प्रभाव कार्य पर आएगा। अग्नि की लपटें तब तक ही ऊंची उठती है, जब तक उसे ईंधन मिलता रहता है। इसलिए स्वभाव से शांत और सौम्य रहना जरूरी है, जिससे किसी भी परिस्थिति में व्यक्तिगत रूप से तनाव हावी नहीं होता है। उन्होंने कहा कि कई लोग छोटी-छोटी बातों को लेकर परेशान रहते हैं, जैसे उनसे बड़ा दुःख किसी को नहीं है, लेकिन दुःख और चुनौतियों में फर्क को समझना होगा। दुःख वह है जिसका समाधान आपके हाथ में नहीं है, बाकी सब कुछ चुनौतियां हैं, जिनका समाधान स्वयं किया जा सकता है। उन्होंने कार्यशाला को बहुपयोगी बताते हुए भविष्य में भी कार्मिकों की क्षमता वर्द्धन के लिए ऐसे आयोजन किए जाने की बात कही।

# विद्यालयी छात्राओं की राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता की मेजबानी उदयपुर को

### आयोजन को लेकर प्रथम बैठक हुई

### महात्मा गांधी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुंदरवास के तत्वाधान में जनवरी 2025 में आयोजित होगी



**उदयपुर (पुकार)।** 68वीं 19 वर्षीय आयु वर्ग की विद्यालयी छात्रा राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन महात्मा गांधी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुंदरवास के तत्वाधान में किया जाएगा । जनवरी 2025 में आयोजित होने वाली की प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर प्रथम बैठक आज आयोजक स्कूल में हुई । शिक्षा विभाग के अधीन होने वाली इस प्रतियोगिता में देश भर की छात्राओं की क्रिकेट टीमें भाग लेगी। विद्यालय के वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक विजय सिंह रावत ने बताया लगभग हर राज्य से छात्राएं इस क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेगी । प्रधानाचार्य डॉक्टर आशुतोष तुली ने बताया कि इस राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन की तैयारियों के लिए प्रथम बैठक विद्यालय में आज गुरुवार को आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक डॉ लोकेश भारती ने की। बैठक में आवास, क्रिकेट मैदान , परिवहन ,भोजन, मेडिकल व्यवस्था, भामाशाह से संपर्क, आयोजन की स्मारिका बनाने जेसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। लोकेश भारती ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर के आयोजन के अध्यक्ष जिला कलेक्टर उदयपुर रहेंगे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक नौनिहाल सिंह,अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी मुरलीधर चौबीसा, उप जिला शिक्षा अधिकारी खेलकूद लक्ष्मण लाल सालवी ,कोर कमेटी के सदस्य के रूप में दीपक गौड,रेनू शर्मा ,संजय बडाला तथा चेतन पानेरी थे। बैठक में जिला खेल अधिकारी महेश पालीवाल तथा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गिर्वा कुंजबिहारी भारद्वाज भी उपस्थित थे। साथ ही राष्ट्रीय क्रिकेट के आयोजन में विभिन्न कमेटियों के लिए दिलीप सिंह शक्तावत, विनोद गदिया,जय प्रकाश भावसार शारीरिक शिक्षक के रूप में तथा विधायक प्रतिनिधि के रूप में डॉक्टर आशुतोष दाधीच,शंकर लाल सालवी, उप प्रधानाचार्य प्रीति राठौड़, चिराग आमेटा, संजय पांड्या,हुक्मीचंद मेनारिया तथा गोपाल लोहार उपस्थित रहे।

### सामाजिक समरसता के पुरोधा थे गुरु नानक देव

**उदयपुर (पुकार)।** समुत्कर्ष समिति द्वारा गुरु नानक देव जी की 555 वें प्रकाश उत्सव की पूर्व संध्या पर संगत और पंगत के प्रणेता : गुरु नानक देव विषयक 128 वीं समुत्कर्ष विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। सामाजिक एवं राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में समता और समरसता के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के प्रयास में समुत्कर्ष समिति के समाज जागरण के ऑनलाइन प्रकल्प समुत्कर्ष विचार गोष्ठी में अपने विचार रखते हुए वक्ताओं कहना था कि गुरु नानक देव जी ने संगत और पंगत की शुरुआत लोगों के बीच असमानता को दूर करने और समानता और भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए की थी द्य गुरु नानक देव जी समानता, भाईचारा, अच्छाई, और सदाचार के मूल्यों में विश्वास करते थे द्य उन्होंने पूरे भारत में घूम घूमकर लोगों से अहंकार, क्रोध, लोभ, मोह, और वासना जैसी पांच बुराइयों से दूर रहने को कहा।

विचारगोष्ठी में सर्वप्रथम मंगलाचरण एवं विषय का प्रवर्तन करते हुए पीयूष दशोरा ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने एक ओंकार का संदेश देकर सभी मत-पंथों में एकता बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने उस समय व्याप्त कुरीतियों पर वार करके न केवल समाज को दिशा दी बल्कि अपनी शिक्षाओं के माध्यम से इसका परिष्कार भी किया।

गुरू जी का स्पष्ट संदेश था-कीरत करो अर्थात ईमानदारी से मेहनत करके आजीविका कमाओ, नाम जपो का अर्थ है ईश्वर को जानने के लिए उसके नाम का जाप करो और वंड छको का अर्थ है अपनी कमाई से धार्मिक कार्य व जरूरतमंदो की सहायता करो। इस सिद्धांत को आज विश्व भर में अपनाने की जरूरत है। सभी मत-पंथों को इसी सिद्धांत का अनुसरण करना चाहिए।

विद्यासागर, चिराग सैनानी, आर्य सत्यप्रिय ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। आभार प्रकटीकरण समुत्कर्ष पत्रिका के उप संपादक गोविन्द शर्मा द्वारा किया गया। समुत्कर्ष विचार गोष्ठी का संचालन शिवशंकर खण्डेलवाल ने किया । इस ऑनलाइन विचार गोष्ठी में दर्शन शर्मा, डॉ. मृदुला तिवारी, आशा जैन, मुकेश जैन, दर्शना व्यास, निर्मला मेनारिया, ऋतु परिहार, चिराग आमेटा, गोपाल लाल माली, चैनशंकर दशोरा, रश्मि मेहता, राजेश गोराणा, मंजू चौधरी, जगदीश चौबीसा, संदीप आमेटा, लोकेश जोशी तथा रामेश्वर प्रसाद शर्मा भी सम्मिलित हुए।

### गोपालन एवं पशुपालन मंत्री ने उदयपुर सरस डेयरी का किया अवलोकन



**उदयपुर (पुकार)।** प्रदेश के पशुपालन, गोपालन एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने गुरुवार को उदयपुर सरस डेयरी का अवलोकन किया।

मंत्री कुमावत ने यहां दुग्ध की प्रोसेसिंग, गुण नियंत्रण, दुग्ध उत्पाद निर्माण अनुभाग का अवलोकन कर उदयपुर दुग्ध संघ द्वारा उत्पादित घी, छाछ, लस्सी, पनीर, श्रीखंड, फ्लेवर्ड मिल्क, कुल्फी, मावा एवं पेड़ा निर्माण प्रक्रिया की जानकारी ली एवं उदयपुर दुग्ध संघ द्वारा किये जा रहे कार्यो की सराहना की।

**स्व. मेवाड़ को दी श्रद्धांजलि :** इससे पूर्व मंत्री कुमावत ने पूर्व राजपरिवार के स्व. महेन्द्र सिंह मेवाड़ के निधन पर समोर बाग पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उदयपुर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के अध्यक्ष डालचंद डांगी एवं प्रबंध संचालक विपिन शर्मा ने भी अपनी संवेदना व्यक्त करते हुये दिवंगत मेवाड़ को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान में संचार सेतु प्लेटफॉर्म का उद्घाटन

### स्कूल, स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम



**उदयपुर (पुकार)।** जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग एवं युएनएफपीए के संयुक्त तत्वावधान में माणिक्य लाल वर्मा आदिम जाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान में ऑनलाइन माध्यम से जनजाति आवासीय विद्यालयों के छात्रों से जीवन कौशल शिक्षा पर संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से संचार सेतु डिजिटल स्मार्ट क्लासरूम का शुभारंभ किया गया। यह किशोरों को स्वास्थ्य और कल्याण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करने में सहायक होगा। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता टीएडी आयुक्त सुश्री प्रज्ञा केवलरामानी ने की। मुख्य अतिथि यूएनएफपीए इंडिया की डिप्टी कंट्री रिप्रेजेंटेटिव सुश्री लोर्ना रोल्स रही। यूएनएफपीए राजस्थान के राज्य प्रमुख डॉ. दीपेश गुप्ता, जनजाति विभाग से जिनेंद्र जैन, अनुराग भटनागर एवं गिरिराज कथीरिया भी बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। उद्घाटन के दौरान आयुक्त केवलरामानी ने किशोरों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और उपकरणों से लैस करने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि संचार सेतु जैसे प्लेटफॉर्म सीधे जनजातीय क्षेत्रों के युवाओं तक पहुंच बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सुश्री रोल्स ने यूएनएफपीए की इस प्रकार की पहलों को समर्थन देने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए युवा पीढ़ी के समग्र विकास में स्वास्थ्य और कल्याण की भूमिका पर प्रकाश डाला।

संचार सेतु किशोरों को पोषण, मानसिक स्वास्थ्य, व्यक्तिगत स्वच्छता और निवारक स्वास्थ्य देखभाल जैसे विषयों पर विश्वसनीय जानकारी उपलब्ध कराएगा, जिससे जनजातीय क्षेत्रों के युवाओं में जागरूकता और स्वास्थ्य सुधार को प्रोत्साहन मिलेगा।

यूएनएफपीए की डिप्टी कंट्री रिप्रेजेंटेटिव व राजस्थान राज्य प्रमुख का दौरा

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नाई का किया निरीक्षण



**उदयपुर (पुकार)।** संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (युएनएफपीए) की डिप्टी कंट्री रिप्रेजेंटेटिव लोर्ना रोल्स और यूएनएफपीए राजस्थान के राज्य प्रमुख डॉ. दीपेश गुप्ता गुरूवार को उदयपुर जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नाई का निरीक्षण कर संस्थान पर प्रदान की जा रही सेवाओं विशेषकर यौन और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन किया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामणिया ने बताया कि निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधिकारी-प्रभारी ने भी संस्थान स्तर पर प्रदान की जा रही यौन और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। दोनों अधिकारियों ने इस प्रकार की पहल को न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार बल्कि परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी सहायक बताया। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (परिवार कल्याण) डॉ रागिनी अग्रवाल ने जिले की प्रोफाइल और जिले में प्रदान की जा रही परिवार नियोजन सेवाओं के बारे मं जानकारी दी। डिप्टी कंट्री रिप्रेजेंटेटिव लोर्ना रोल्स ने इसकी सराहना की एवं हरसंभव सहयोग का आश्वाशन दिया। डॉ. दीपेश गुप्ता ने परिवार नियोजन के विकल्पों में हाल ही में शामिल नए विधि - इम्प्लांट्स के बारे में बताया और इम्प्लांट्स के लिए आउटबाउंड रेफरल बढ़ाने पर जोर दिया। लोर्ना रोल्स ने किशोरों और महिलाओं से संवाद कर परिवार नियोजन और किशोर संबंधित मुद्दों पर उनकी राय ली। इस यात्रा में यूएनएफपीए से कुमार मनीष और मोहम्मद हुसैन बोहरा भी शामिल थे।

### अन्नकूट महोत्सव सम्पन्न



**उदयपुर (पुकार)।** हिरण मगरी से. 3 में शिव मंदिर विकास समिति द्वारा अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। समिति अध्यक्ष वैध प्रहलाद चंद्र मिश्रा ने बताया कि ठाकुर जी को 56 भोग धराया गया। महाआरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर प्रभु सिंह चौहान, सुनील सावरीया,राजेंद्र सोलंकी, बाबू लाल पुजारी, खूबी लाल ,मनोहर सिंह चुण्डावत,सहित सेकड़ो भक्त मौजूद थे।

### दिव्यांगजन चिन्हीकरण शिविर 19 से

**उदयपुर (पुकार)।** मुख्यमंत्री बजट घोषणा की अनुपालना में दिव्यांगजन को अंग उपकरण-ट्राईसाईकिल, वैसाखी, व्हील चेयर, दिव्यांगजन के लिये छड़ी, स्मार्ट फोन के लिये दिव्यांगजन चिन्हिकरण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। विशेष बात यह है कि इन शिविरों में मोटराईज्ड ट्राईसाईकिल के लिये भी चिन्हिकरण किया जायेगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक गिरीश भटनागर ने बताया कि प्राथमिक रूप से तीन स्थानों पर शिविर आयोजित होंगे। इसमें 19 नवम्बर को पंचायत समिति गोगुन्दा में, 20 नवम्बर को पंचायत समिति भीण्डर में तथा 21 नवम्बर को श्रमजीवी कॉलेज, शक्ति नगर कॉर्नर, टाऊनहॉल रोड़, उदयपुर में शिविर आयोजित होगा। इन शिविरों में दिव्यांगजन अपने आधार कार्ड, जनाधार कार्ड, युडीआईडी कार्ड, पेंशन पीपीओ की कॉपी, 4 फोटो के साथ उपस्थित होकर चिन्हिकरण करा सकते हैं।

# उदयपुर संभाग में खेती के उन्नयन को लेकर कृषि वैज्ञानिकों की बैठक



**उदयपुर (पुकार)।** केंद्र सरकार की कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के लिए गठित संसदीय परामर्श दात्री समिति के सदस्य सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने गुरुवार को उदयपुर के प्रमुख कृषि वैज्ञानिकों व कृषि अधिकारियों की जिला परिषद स्थित कार्यालय में बैठक ली। इस बैठक में उदयपुर संभाग में खेती के उन्नयन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संदर्भ में कृषि जगत के योगदान आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में मुकेश सैनी उपवन संरक्षक, सुधीर वर्मा संयुक्त निदेशक कृषि, महाराणा प्रताप कृषि विश्वविद्यालय डॉ अरविंद वर्मा निदेशक अनुसन्धान, डॉ पीसी भटनागर वरिष्ठ वैज्ञानिक केवीके विद्या भवन, डॉ जिज्ञासा त्रिवेदी हॉर्टिकल्चर, डॉ राजेश्वरी राणावत, उप निदेशक, परियोजना (आत्मा), रितिका हाड़ा कृषि अधिकारी, डॉ मणिराम वरिष्ठ वैज्ञानिक, केवीके वल्लभनगर, श्यामलाल सालवी सहायक निदेशक कृषि सहित अन्य प्रमुखजन उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक लोकेश कुमार आचार्य द्वारा पुकार प्रिंटिंग प्रेस 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) में मुद्रित एवं पुकार प्रकाशन संस्थान कार्यालय 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) से प्रकाशित। सम्पादक : लोकेश कुमार आचार्य। केन्द्रीय कार्यालय : प्रेम कुंज 92 नेहरू बाजार उदयपुर। फोन/फैक्स : (0294) 5103299. मोबाइल : 98290 05007, 94140 58114. प्रबंध सम्पादक : लीला राय आचार्य, उप सम्पादक : अजय कुमार आचार्य।। जयपुर कार्यालय : कुंभामार्ग प्रतापनगर, सांगानेर, जयपुर, फोन : (0141) 3271115, E-mail: dainikpukar@yahoo.com.